सुप्रभात
रांची, मंगलवार
18.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 08



12 'गदर' के खिलाफ था पूरा बॉलीवुड : सनी देओल






SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### बीमार विष्णु अग्रवाल नहीं पहुंचे इडी ऑफिस

**रांची।** न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल बीमारी का हवाला देते हुए सोमवार को इडी दफ्तर नहीं पहुंचे। निदेशालय अब उन्हें नया समन जारी करेगा।

### सिमडेगा में सगे दो भाइयों की हत्या

**सिमडेगा।** जिले के जलडेगा थाना क्षेत्र के मुंडू टोली गांव में सोमवार दोपहर दो लोगों की हत्या कर दी गयी। इस डबल मर्डर से इलाके में सनसनी फैल गयी। चर्चा है कि पड़ोसी ने इस डबल मर्डर की घटना को अंजाम दिया है। मृतकों के नाम पीटर जोजो और असीम जोजो हैं। ये दोनों सगे भाई थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### छवि रंजन की बेल पर 28 को होगी सुनवाई

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में गिरफ्तार और जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की बेल पर सोमवार को होनेवाली सुनवाई टल गयी है। जज के अवकाश पर रहने के कारण बेल पिटीशन पर सुनवाई अब 28 जुलाई को होगी।

### आतंकवादियों को मदद करने वाले तीन बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई एवं सीमापार के आतंकवादी संगठनों के साथ मिल कर केन्द्र शासित प्रदेश में आतंकवाद एवं अलगाववाद के लिए काम करने के आरोप में तीन सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

### सीमा हैदर को एटीएस ने हिरासत में लिया

**लखनऊ।** पाकिस्तान से आयी सीमा हैदर और सचिन मीणा की कहानी में ब्रेक लग गया है। आईबी के इनपुट के बाद अब एटीएस ने सीमा को हिरासत में लिया है। साथ ही सचिन मीणा और उसके पिता नेत्रपाल को भी हिरासत में लिया गया है। तीनों से पूछताछ जारी है।

### डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपति की हत्या

**लातेहार।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के आमडीहा में डायन बिसाही के आरोप में वृद्ध दंपति की हत्या कर दी गयी। मृतकों की पहचान कृत सिंह (70) तथा उनकी पत्नी तुलसीमनी देवी (65) के रूप में हुई है।

### दारोगा हत्याकांड में महमूद ने किया सरेंडर

**रांची।** महिला दारोगा संध्या टोप्पो हत्याकांड के अभियुक्त महमूद कुरैशी ने सोमवार को रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

सोनिया गांधी-राहुल की मौजूदगी में विपक्षी दलों की बैठक शुरू, हेमंत सोरेन भी शामिल

# भाजपा को मात देने की बन रही रणनीति

- कांग्रेस ने विपक्षी एकता की इस दूसरी बैठक में कुल 25 दलों का समर्थन जुटाया है
- आज फिर 11 बजे से शाम 4 बजे तक होगी विपक्षी दलों की बैठक

**एजेंसी**

**बेंगलुरु।** 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा को रोकने के लिए सोनिया-राहुल गांधी की मौजूदगी में 26 विपक्षी दलों की दो दिवसीय बैठक सोमवार शाम से शुरू हो गयी। कांग्रेस ने इस दूसरी विपक्षी एकता बैठक के लिए कुल 25 दलों से समर्थन जुटाया है। विपक्षी दल सोनिया गांधी के सहारे ऐसा रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है जो 2024 में मजबूत गठबंधन बने और भाजपा को टक्कर दे सके। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी, हेमंत सोरेन, नीतीश कुमार, लालू यादव, केजरीवाल, भगवंत मान, अखिलेश यादव, संजय सिंह, तेजस्वी यादव समेत कई नेता शामिल हैं।




सोनिया गांधी और कर्नाटक के मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित रात्रि भोज में तमाम नेताओं ने शिरकत की। 18 जुलाई को विपक्षी नेताओं की 11 बजे से शाम 4 बजे तक बैठक होगी। इस बैठक में आगामी चुनाव की रणनीति तो बनेगी ही, बैठक में 6 एजेंडे पर विस्तार से चर्चा भी होगी। विपक्षी एकता की कमान किसे सौंपी जाये, यह भी अहम मुद्दा है।

**विपक्षी गंठबंधन जरूरी : खड़गे-** कांग्रेस ने दावा किया कि विपक्षी एकता भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तनकारी साबित होगी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार बदले की भावना से काम कर विपक्ष की आवाज दबाने के लिए एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। इसलिए समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों को गठबंधन बनाने की जरूरत पड़ी है। पीएम मोदी कहते थे कि वह अकेले ही पूरे विपक्ष पर भारी हैं। लेकिन अब वह खुद को शायद कमजोर महसूस कर रहे हैं इसलिए आम चुनाव के मद्देनजर उन दलों को भी साथ जोड़ने की कोशिश में हैं जिनको पहले महत्वहीन समझकर किनारे कर दिया था। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जो शासन में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं और जिन्होंने लोगों को झूठे वादों से ठगा है, उन्हें वक्त आने पर लोग सबक सिखायेंगे।

**सोनिया के रहने से कई फायदे :** इस बैठक में सोनिया गांधी की मौजूदगी को भी राजनीतिक पंडित महत्वपूर्ण मान रहे हैं। सोनिया गांधी के इस बैठक में रहने से कुछ समस्या आये तो उनके कद और अनुभव से इसका वहीं निराकरण हो सकता है। सोनिया गांधी तमाम नेताओं को बेहतर तरीके से हैंडल कर सकती है। उनके रहने से एक बड़ा मैसेज भी जा रहा है। बहरहाल, विपक्षी दल सोनिया गांधी के सहारे ऐसा रास्ता निकालने का प्रयास कर रही है जो 2024 में भाजपा को कड़ी टक्कर दे सके। (शेष पेज 11 पर)

### रात्रि भोज और बैठक में हेमंत सोरेन ने भी की शिरकत

विपक्षी दलों की बैठक में झारखंड सीएम हेमंत सोरेन भी शामिल हैं। वह सोमवार को वहां पहुंचे और वहां रात्रि भोज में भी शामिल हुए। सीएम हेमंत सोमवार को दोपहर रांची से वहां के लिए रवाना हुए थे। सोमवार शाम से मीटिंग शुरू हुई। मंगलवार को भी गैर भाजपा दलों के नेताओं की बैठक होगी। झामुमो की ओर से सीएम हेमंत सोरेन बैठक में शामिल हुए।

# देवघर में उमड़े बोलबम, 17 किमी तक लग गयी कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**देवघर।** सावन के दूसरे सोमवार पर देवघर का श्रावणी मेला आस्था के रंगों से झूम रहा है। जलाभिषेक लिए अभी भी कांवड़ तीर्थयात्रियों की लंबी कतार लगी हुई है। मंगलवार से मलमास शुरू हो जायेगा। सुल्तानगंज से पैदल चले कांवर यात्री रविवार शाम से ही यहां पहुंचने शुरू हो गये थे। रात चढ़ते-चढ़ते कांवड़ पथ पर शिवगंगा तक शिवभक्तों का तांता लग गया।

कांवरिया पथ घुमावदार और तकरीबन 17 किलोमीटर दूर नंदन पहाड़ तक है। मंदिर परिसर में हर हर महादेव का उद्घोष हो रहा है। बाबा वैद्यनाथ मंदिर और कांवर पथ पर सुरक्षा का अभूतपूर्व इंतजाम किया गया है। मंदिर से आठ किलोमीटर दूर पंडाल लगाने के साथ बैरिकेडिंग की गयी है। पूरे मेला क्षेत्र में 8700 पुलिस अफसर और जवान तैनात हैं। देवघर डीसी मंजूनाथ भजंत्री और एसपी सुभाषचंद्र जाट ने मेला क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी को सजग रहने का निर्देश दिया है।



### आज से मलमास

श्रावणी मेला के अवसर पर 19 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पवित्र श्रावण मास के बीच मलमास (पुरुषोत्तम मास) का संयोग लगा है। वही श्रावणी मेले की दूसरी सोमवारी जो आमावस्या तिथि पर पड़ने के कारण विशेष महत्व का दिन हो जा रहा है। साथ ही सोमवार को ही कर्क संक्रांति भी है। अनूठे संयोग के बीच 18 जुलाई से बाबानगरी में बांग्ला श्रावण की भी शुरुआत हो जायेगी। मलमास और बांग्ला श्रावण एक साथ निरंतर एक मास 16 अगस्त तक चलेगा। मलमास मेला समापन के उपरांत 17 से 31 अगस्त तक पुनः श्रावणी मेला का दूसरा पखवारा निरंतर चलेगा।

# रामगढ़ में डीएसपी-दारोगा को मारी गोली

## गोइलकेरा में नक्सली धमाके में जवान घायल, रांची लाया गया

- डीएसपी नीरज को पेट में लगी गोली, मेडिका में भर्ती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जेल में बंद अपराधी अमन साहू गिरोह के अपराधी को पकड़ने रामगढ़ के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा गये एटीएस के डीएसपी और दारोगा को अमन साहू के गुर्गों ने गोली मारकर घायल कर दिया। एटीएस डीएसपी नीरज के पेट में गोली लगी है। वह गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कई बड़े चिकित्सक उनके इलाज में जुटे हैं। वहीं पतरातू थाना के दारोगा सोनू साव के जांघ में गोली लगी है। वहीं दूसरी ओर चाईबासा के गोइलकेरा के जंगल में सोमवार की सुबह नक्सलियों द्वारा लगाये गये आइइडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का जवान एएसआई देवेंद्र काकोटी घायल हो गये हैं। बेहतर इलाज के लिए उन्हें एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है।

**घायल डीएसपी मेडिका में भर्ती :** पतरातू में डीएसपी नीरज को गोली लगने और मेडिका में भर्ती होने की खबर मिलते ही रांची के एसएसपी किशोर कौशल, सिटी एसपी, एटीएस एसपी सुरेंद्र कुमार झा समेत पुलिस मुख्यालय के वरीय अधिकारी मेडिका अस्पताल पहुंचे। डीएसपी की हालत देर रात तक गंभीर बनी हुई थी। जानकारी के मुताबिक एटीएस डीएसपी नीरज के नेतृत्व में टीम अमन साहू गिरोह से जुड़े शूटर को गिरफ्तार करने गयी थी। इसी दौरान अपराधियों ने एटीएस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। घटना रामगढ़ जिले के पतरातू थाना क्षेत्र स्थित तेरपा में सोमवार की रात हुई।

### आइइडी धमाके में सीआरपीएफ जवान जख्मी

**चाईबासा** के अति उग्रवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईरा गांव के समीप के जंगल में सोमवार की सुबह नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 60 बटालियन जी कंपनी का जवान एएसआई देवेंद्र काकोटी घायल हो गये हैं। घायल जवान को पहले सोनुआ स्वास्थ्य केंद्र और चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रांची ले जाया गया है। एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विस्फोट में एएसआई को मामूली चोटें आयी हैं। पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवान इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रहे हैं। गौरतलब हो कि जिले के गोइलकेरा एवं टोंटो थाना क्षेत्र में इन दिनों नक्सलियों के खिलाफ जिला पुलिस एवं सुरक्षा बल बड़े पैमाने पर अभियान चला रहे हैं। इस दौरान अबतक नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बल को लक्षित कर लगाये गये आईईडी विस्फोट की कई घटनाएं हो चुकी हैं और इसकी चपेट में आने के कारण अब तक कई ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। जबकि कई सुरक्षा बलों के जवान घायल भी हो चुके हैं। हालांकि पुलिस की इस अभियान में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सफलता भी मिल रही हैं।



# 25 विपक्षी दलों की बैठक को एनडीए 38 से देगा चुनौती : नड्डा

- जेपी बोले, यूपीए भानुमति का कुनबा, एनडीए की आज बैठक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** विपक्षी दलों की बेंगलुरु में हो रही बैठक के बीच एनडीए में भी हलचल तेज है। भारतीय जनता पार्टी छोटे-छोटे दलों को साध रही है। एनडीए का दायरा बढ़ाने की कोशिश जारी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि मंगलवार को होने वाली एनडीए की बैठक शाम में शुरू होगी। हमारे 38 सहयोगियों ने एनडीए की बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है। श्री नड्डा ने कहा कि एनडीए एक आदर्श गठबंधन है, जो सत्ता के लिए नहीं, बल्कि लोगों की सेवा करने और भारत को मबजूत करने के लिए है। वहीं विपक्ष के पास न नेता है, न नीति और नीयत है तथा न ही निर्णय लेने की ताकत है। उन्होंने कहा, 25 विपक्षी दलों की बैठक का जवाब एनडीए 38 दलों से देगी। (शेष पेज 11 पर)

### चिराग पासवान एनडीए में शामिल

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बताया कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए में शामिल होने का फैसला किया है। मैं राजग परिवार में उनका स्वागत करता हूं। इससे पूर्व सोमवार को चिराग ने गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर कई मुद्दों पर चर्चा की थी। मंगलवार को एनडीए की बैठक से ठीक एक दिन पहले चिराग की अचानक शाह से मुलाकात काफी अहम रही। 15 मिनट तक दोनों के बीच क्या बात हुई, अभी तक इसे लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आयी है। माना जा रहा है कि चिराग ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सीट शेयरिंग पर पक्का आश्वासन चाहते थे।



### विपक्षी गठबंधन की बुनियाद स्वार्थ पर

जे पी नड्डा ने कहा कि एनडीए देशहित पर आधारित है और इसका लक्ष्य सेवा करना है। वहीं विपक्षी दलों के गठबंधन की बुनियाद स्वार्थ पर टिकी है। उसके पास न तो कोई नेता है, न कोई नीति। न ही निर्णय लेने की कोई क्षमता। भाजपा अध्यक्ष ने यूपीए को भानुमति का कुनबा करार दिया और कहा, ये ऐसा गठबंधन है, जिसके पास न तो नेता है और न ही नीयत है, न नीति है और न ही फैसला लेने की ताकत है। यह 10 साल की यूपीए सरकार के भ्रष्टाचार और घोटालों का टोला है। आज एनडीए के प्रति लोगों का आकर्षण बढ़ा है।

सीएम ने हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का किया अनावरण

# खिलाड़ियों के साथ खेल प्रेमियों का बढ़ेगा हौसला : हेमंत सोरेन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीन अगस्त से शुरू होने वाले हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी चेन्नई- 2023 की प्रतिष्ठित ट्रॉफी का सोमवार को यहां अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने पास द बॉल ट्रॉफी टूर अभियान को लॉन्च करते हुए भारतीय हॉकी टीम को शुभकामनाएं दी।

(शेष पेज 11 पर)



## यूपीए बैठक पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने किया कटाक्ष

# भ्रष्टाचार के जनक, पोषक व संरक्षक दलों के बीच हो रहा मंथन : बाबूलाल

**बाबूलाल ने लगाया आरोप**

लोकतंत्र की आवाज को लाठी डंडे से कुचलने की हर संभव कोशिश कर रहा यूपीए



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बेंगलुरु में हो रहे यूपीए दलों की बैठक पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। श्री मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र बचाव के नाम पर जुटने वाले दलों का चाल-चरित्र और इतिहास लोकतंत्र की हत्या करने, लोकतांत्रिक संस्थाओं को अपमानित करने का है। ये दल लोकतंत्र की आवाज को लाठी डंडे से कुचलने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। न्यायालय के निर्णयों पर भी असंवैधानिक टिप्पणी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में ही पश्चिम बंगाल और बिहार में यूपीए सरकार का लोकतंत्र विरोधी विभत्स चेहरा उजागर हुआ है। झारखंड सरकार तो उनकी नाकामियों को उजागर करने वालों के खिलाफ फर्जी केस मुकदमों से प्रताड़ित करने का रिकॉर्ड बना रही है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत का लोकतंत्र पूरी तरह सुरक्षित है। लेकिन, यूपीए घटक दलों में शामिल नेता भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे होने के कारण अपने को पूरी तरह असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इन दलों का चरित्र भ्रष्टाचार के जनक, पोषक और संरक्षक होने का है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार की जननी है। देश में अनगिनत घोटालों का रिकॉर्ड कांग्रेस पार्टी के नाम दर्ज है। आज भी कांग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गांधी एक मामले में सजायाफ्ता हैं तो दूसरे में जमानत पर हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री ने तो पूरे प्रदेश को लूट खंड में तब्दील कर दिया है। लगातार जांच एजेंसियों के घेरे में ये उलझते जा रहे हैं। अपने और अपनों के खिलाफ बढ़ते जांच से इनकी बौखलाहट बढ़ती जा रही है।

उन्होंने कहा कि चारा घोटाले में सजायफ्ता लालू प्रसाद यादव अब लैंड फॉर जॉब मामले में चार्ज सीटेड हैं। ममता बनर्जी का भतीजा शिक्षक भर्ती और कोयला घोटाला में जांच का सामना कर रहा है। उनके एक मंत्री जेल की हवा खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कहानी भी इससे अलग नही है। उनके उपमुख्यमंत्री अरबों रुपये के शराब घोटाले में जेल में हैं और जमानत के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की डीएमके सरकार भी भ्रष्टाचार में डूबी है। मनी लांड्रिंग मामले में एक मंत्री जेल में हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनता पूरी तरह इनकी बौखलाहट को समझ रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में भ्रष्टाचार के पोषक और संरक्षक नीति, नीयत और नेता विहीन ठगबंधन को जनता करारा जवाब देगी।

# संगठन सशक्तिकरण अभियान तेज करें कार्यकर्ता: राजेश ठाकुर

**वर्तमान राजनीतिक हालात, महंगाई, बेरोजगारी, संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा जैसे विषयों पर चर्चा करने का दिया निर्देश**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** संगठन सशक्तिकरण अभियान को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारी महासचिव के साथ वर्चुअल बैठक की। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रभारी महासचिवों को यह निर्देश दिया कि अपने प्रभार क्षेत्र के जिला अंतर्गत विधानसभा प्रभारी, सचिव के साथ सामंजस्य बना कर कैसे पंचायत स्तर तक इस अभियान को सफलता पूर्वक पहुंचाया जा सके।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड, मंडल और पंचायत के अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कम से कम पांच आदमी से मजदूर, किसान, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग, प्रबुद्ध लोग और सामाजिक कार्यकर्ता से मिलें और देश में चल रहे वर्तमान राजनीतिक हालात, महंगाई, अर्थव्यवस्था, बेरोजगारी, लोकतंत्र और संविधान का हनन, संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा जैसे महत्वपूर्ण, विषयों पर चर्चा करें और अपने सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपनी बात पहुंचाने का काम करें। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी निर्देश दिया कि जिन जिलों के मंडल और पंचायत की कमिटियों का सत्यापन नहीं हुआ वो तीन दिनों के अंदर कमिटी प्रस्तुत कर दें।

वर्चुअल बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, प्रदेश महासचिव अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, गजेंद्र सिंह, विजय कुमार चौबे, मदन महतो, शिव कुमार भगत, रंजन बोयपाई, सुरेश बैठा, चंद्र शेखर शुक्ला, बलजीत सिंह बेदी, संजीव श्रीवास्तव, रवींद्र वर्मा, विजय सिंह, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, सुखेर भगत, चैतु उरांव, डेविड तिर्की, रवि मिश्रा, शैलेन्द्र यादव, धनंजय सिंह, सतीश केडिया, प्रमोद दुबे, मुन्ना पासवान, संतोष सिंह, रशीद रजा, उमेश प्रसाद, भागीरथ पासवान, जैश रंजन पाठक, ओबेदुल्ला हक अंसारी, मुनेश्वर उरांव, आनंद बिहारी दुबे, धर्मेंद्र सोनकार, अमित राय, चन्द्र शेखर दास, विशु हेम्ब्रम, अंबुज कुमार पांडे, महेश राम चन्द्रवंशी, दिनेश यादव, उदय प्रकाश, श्रीकुमार सरकार शामिल थे।

## दाहू की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**रांची।** आर्म्स एक्ट एवं हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी दाहू यादव उर्फ राजेश यादव की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने दाहू यादव की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से दाहू यादव को अग्रिम जमानत देने का विरोध करते हुए कहा गया इनके खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, यह अब तक फरार चल रहा है। ईडी कोर्ट ने भी इनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है।

गौरतलब हो कि वर्ष 2022 में दाहू यादव के खिलाफ आर्म्स मामले में साहिबगंज के मुफस्सिल थाना में मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में निचली अदालत ने उनकी जमानत अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट के लिए याचिका दाखिल की गई है। दाहू यादव 1000 करोड़ रुपए के अवैध खनन मामले में आरोपी पंकज यादव का सहयोगी है।

**खबर एक नजर में**

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले राजेश ठाकुर



**रांची।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सोमवार को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम जनों के साथ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

## पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक पांच सूत्री मांगों को लेकर 20 जुलाई को करेंगे भिक्षाटन



**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ की ओर से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर पिछले दस दिनों से राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन जारी है। अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार ने कहा कि अगर संघ के पांच सूत्री मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो संघ की ओर से उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस दौरान 20 जुलाई को संघ की ओर से राजभवन से अल्बर्ट एक्का चौक तक भिक्षाटन किया जायेगा और रैली निकाली जाएगी। इसके बाद भी सरकार वार्ता नहीं करती है तो आगामी विधानसभा सत्र में विधानसभा का घेराव किया जाएगा। मांगों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता, पंचायत स्वयंसेवकों का अलग अलग विभागों में समायोजन, स्वयंसेवक को स्थायी किया जायें, स्वयंसेवक के पद का नाम बदलकर पंचायत सहायक किया जायें समेत अन्य मांग है। आंदोलन के दौरान मुख्य रूप से प्रदीप कुमार, अनिल कुमार ठाकुर, गौतम कुमार, विकास समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव के मामले में राज्य सरकार ने दाखिल किया जवाब

**हाईकोर्ट में साहिबगंज में पत्थर कारोबारी और ईडी के गवाह है मुंगेरी**

**रांची।** सोमवार को संथाल के एक बड़े कारोबारी प्रकाश चंद्र यादव उर्फ मुंगेरी यादव की क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से कंप्रिहेंसिव प्रति शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर प्रार्थी ने इसका प्रत्युत्तर दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त निर्धारित की। प्रकाश चंद यादव ने साहिबगंज के निचली अदालत द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। गौरतलब हो कि साहिबगंज यह मामला एक नदी घाट से दूसरे नदी घाट में बालू की ढुलाई विवाद से जुड़ा है। मामले को लेकर साहिबगंज मुफ्फसिल थाना में मामला दर्ज किया गया था। मामले के सूचक पानी जहाज के कैप्टन सच्चिदानंद दास है। बताया जाता है कि 12 मार्च 2022 को पानी जहाज कोलकाता से मनिहारी की ओर जा रहा था। उसी दौरान पांच अज्ञात लोगों ने जहाज पर फायरिंग की। गोलीबारी की घटना के बाद जहाज मालिक ने जहाज को कोलकाता की ओर लौटने को कहा। 12 मार्च 2022 की सुबह 5:30 बजे 5 से 6 लोग नाव से जहाज पर आए और पानी जहाज को समदा घाट की ओर ले जाने लगे। इसी दौरान गोलीबारी की घटना हुई। इस घटना में नीरज यादव को गोली लगी थी। इस मामले में प्रकाश यादव को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

## अमित अग्रवाल के 31 करोड़ जालसाजी के मामले में फैसला सुरक्षित

**रांची।** सीबीआई मामले में आरोपी व्यवसायी अमित सरवागी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया है। आरोप है कि इनके द्वारा बैंकों से कपड़ा के बिजनेस को लेकर लोन लिया गया था, लेकिन लोन की राशि को बिल्डिंग के बिजनेस के कार्य में लगा दिया गया था। इससे बैंकों को बड़ी राशि का नुकसान हुआ। ये दोनों आरोपी बद्री केदार उद्योग एवं सनबीम के निदेशक पद पर थे। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ इंडिया से 31 करोड़ रुपये रुपए से अधिक की राशि की जालसाजी से जुड़े मामले में ज्ञान प्रकाश सरावगी एवं अन्य के खिलाफ सीबीआई ने तीन प्राथमिकी दर्ज की थी। यह मामला बैंकों से जालसाजी करने से जुड़ा है। ज्ञान प्रकाश सरावगी और अन्य कंपनियों ने मिलकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की थी।

# महानगर कांग्रेस ने भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ अभियान शुरू किया



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महानगर कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष प्रिंस बट्ट एवं मीडिया प्रभारी राज रूद्रा ने सोमवार को कहा कि भारत जोड़ो की बात आम जनों के साथ अभियान की शुरूआत की जा रही है, जो पांच सितंबर 2023 को शिक्षक दिवस के दिन शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ समाप्त होगा। इस अभियान के तहत कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता लोगों के घर-घर जाकर मिलेंगे और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के उद्देश्यों पर चर्चा कर अपनी तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर करेंगे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच राहुल जी के संदेश को पहुंचाया जा सके।

नेताओं ने कहा कि जब पूरे भारत में महँगाई, बेरोजगारी, नफरत चरम पर दिखाई देने लगी तब भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत 7 सितम्बर 2022 में की गई। यात्रा की शुरूआत से ही भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा कई तरह के व्यावधान पैदा किए गए। इसके बावजूद राहुल गांधी ने अपनी यात्रा पूरी की और वे कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक लोगों को अपना संदेश देने में कामयाब रहे। नेताओं ने कहा कि इस अभियान के तहत महानगर के कांग्रेस जन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक एवं पत्रकार मित्र के घर बगैर किसी औपचारिकता एवं तामझाम के जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात रखेंगे एवं महानगर से संबंधित जन मुद्दों पर बात करेंगे। अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं कि राहुल गांधी की बातों को आमजनों तक पहुंचाकर उन्हे ताकत देने का काम करेंगे।

### खूंटी और लोहरदगा लोकसभा सीट

# कांग्रेस ने विधानसभा वार को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस आलाकमान लोकसभा सीट खूंटी और लोहरदगा को लेकर गंभीर है। इन दोनों सीट को फोकस करते हुए विधानसभा वार को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। यह अनुमोदन लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत किया गया है। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि उदयपुर के नव संकल्प घोषणापत्र और रायपुर पूर्ण सत्र संकल्प में एसटी आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में नेतृत्व विकास मिशन (एलडीएम) शुरू करने की घोषणा की गई है। जिसे एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक विभागों के समन्वय में पीसीसी द्वारा सक्रिय भूमिका निभाते हुए लागू किया जाएगा। मिशन का उद्देश्य एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच कांग्रेस पार्टी की पहुंच को गहरा करना है, ताकि आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी की जीत हो सके। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के मौजूदा और स्थापित नेताओं को सक्रिय करना इन समुदायों के युवा, जमीनी स्तर के नेताओं का पोषण करना है। मिशन का एक अन्य महत्वपूर्ण तत्व बूथ प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करके प्रभावी चुनाव प्रचार का प्रबंधन करना है।

**इनकी हुई नियुक्ति**

**खूंटी**- राजन वर्मा, खरसांवा- ज्योतिष यादव, तमाड़- समरेंद्र तिवारी, तोरपा- विभाष चंद्र रंजन, सिमडेगा- देवजीत देवघरिया, कोलेबिरा- संतोष गुप्ता।

**लोहरदगा**- दीपक ओझा, मांडर- साजन कुमार, सिसई-प्रदीप केशरी, गुमला-पवन गौतम, विशुनपुर-नेशार अहमद को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया है।

## चतरा में डस्टबीन खरीद के टेंडर में हुई गड़बड़ी मामले में तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी दंडित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी व तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी चतरा नगर पर्षद राजेश कुमार सिन्हा पर कार्रवाई का आदेश दिया है। कार्मिक विभाग ने आरोपों की जांच के बाद असंचयात्मक प्रभाव से एक वेतनवृद्धि पर रोक लगाने का दंड दिया है। वे अभी दुमका में बीडीओ के पद पर हैं। उनके खिलाफ चतरा नगरपालिका में डस्टबीन के क्रय के लिए आमंत्रित निविदा में अनियमितता का आरोप है। जांच में पाया गया कि चयनित निविदाता को 64500 रुपये प्रति डस्टबीन की दर से 36 डस्टबीन की आपूर्ति करने के लिए एक अक्टूबर 2019 को कार्यादेश निर्गत किया गया था, जिसका कुल मूल्य 23,22,000 रुपये होता है जबकि वित्त विभाग के संकल्प के अनुसार जेम पोर्टल पर क्रय किया जाना है। नगर विकास विभाग के संकल्प के अनुसार भी साधारण निविदा से 10 लाख रुपये की सीमा तक ही क्रय, आपूर्ति करने का कार्यादेश दिया जा सकता है।

# इंटरव्यू प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी प्रभारी कुलपति के सहारे चल रहे हैं झारखंड के चार विश्वविद्यालय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के चार विश्वविद्यालयों में अब तक कुलपति की नियमित नियुक्ति नहीं हो सकी है। इन विश्व विद्यालयों में कुलपतियों का कार्यकाल जून में ही खत्म हो चुका है। इस दिशा में अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। इसके लिए सर्च कमेटी ने इंटरव्यू और आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद कुलाधिपति सह राज्यपाल को नाम प्रेषित कर चुका है। बताते चलें कि कई विवि ऐसे भी हैं, जहां कुलपतियों का कार्यकाल समाप्त होने वाला है। जिन विश्व विद्यालयों में वीसी जिन विश्वविद्यालयों में वीसी की नियुक्ति होनी है, उनमें विनोबा भावे विवि हजारीबाग, सिदो-कान्हो विवि दुमका, नीलांबर पितांबर विवि पलामू व कोल्हान विवि चाईबासा शामिल है।

### चार प्रतिकुलपति की भी होनी है नियुक्ति

मालूम हो कि राज्य के चार विवि में प्रतिकुलपति का भी पद खाली पड़ा हुआ है। जिन विवि में प्रोवीसी का पद खाली है उनमें रांची विश्वविद्यालय रांची, विनोबा भावे विवि हजारीबाग, नीलांबर पितांबर विवि पलामू और कोल्हान विवि चाईबासा शामिल है।

### 31 जुलाई को खत्म हो रहा है बीएयू कुलपति का कार्यकाल

बिरसा कृषि विवि के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह का कार्यकाल माह सितंबर 2023 में खत्म हो रहा है। वीसी का पद खाली होने की सूची में एक और विवि का नाम जुड़ जायेगा। बताया जा रहा है कि मुताबिक बीएयू में कुलपति नियुक्ति को लेकर सर्च कमेटी का भी गठन कर दिया गया है। वीसी पद के लिए विज्ञापन भी जारी कर दिया गया है।

## सिपाही नियुक्ति मामले में 16 अगस्त को सुनवाई

**रांची।** सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस के सुनवाई को देखते हुए इस मामले में अगली सुनवाई की तिथि 16 अगस्त निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 60 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

गौरतलब हो कि वर्ष 2015 में सभी जिलों में सिपाही और जैप के जवानों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। वर्ष 2018 में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली गई। पूर्व के आदेश के तहत इस मामले में नियुक्ति सिपाहियों को पक्ष रखने के लिए अदालत ने मौका दिया था। जिसके बाद से करीब सात हजार सिपाही इस मामले में प्रतिवादी बने हैं।

## भाजपा के कार्यक्रमों और नीतियों का भी अनुसरण करे कांग्रेस पार्टी :आदित्य साहू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा की बात, आम जन के साथ पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि देश में भारत जोड़ो यात्रा की विफलता के बाद कांग्रेस पार्टी ने भाजपा के कार्यक्रमों का अनुसरण किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संपर्क से समर्थन अभियान से कांग्रेस पार्टी घबरा गई है। इसलिये आम जनता से झूठ का पुलिंदा लेकर बात करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वाभिमानी, स्वावलाबी और विकसित राष्ट्र के निर्माण के कार्यक्रम और उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का दृढ़ संकल्प है। 2024 के विकसित और विश्व गुरु भारत बनाने का रोड मैप है । इसलिये, जनता भाजपा से जुड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, सत्ता स्वाथ, लोकतांत्रिक संस्थाओं का अपमान, परिवारवाद, जातिवाद की भारी भरकम पोटली के अलावा क्या है जनता को बताने के लिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को देश हित में भाजपा की नीतियों का भी अनुसरण करना चाहिये।

### प्रदेश भाजपा के लिए जुझारू और उर्जावान कार्यकर्ताओं की बन रही सूची

# सांगठनिक प्रवास पर निकले बाबूलाल, जल्द करेंगे टीम गठित, मंजे हुए चेहरों को रखेंगे

उदय चौहान

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद बाबूलाल मरांडी सांगठनिक प्रवास पर निकल गये हैं। हालांकि, श्री मरांडी को 15 अगस्त से पहले अपनी टीम के गठन का दबाव भी है। पार्टी आलाकमान ने जल्द से जल्द प्रदेश की टीम गठन का निर्देश दिया है। सूत्रों के अनुसार श्री मरांडी अपनी टीम बनाने से पहले नये व पुराने कार्यकर्ताओं से रूबरू होना चाहते हैं। सबको साथ लेकर पार्टी हित में आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं। इसके लिये वह कार्यकर्ताओं से नये तरीके से संवाद स्थापित कर रहे हैं। उन्होंने साफ कर दिया है कि मिशन 2024 के टास्क को कार्यकर्ताओं के लिए इंटरेस्टिंग बनाया जायेगा।

इस बार एकजुट हो रहा विपक्ष भाजपा के सामने बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिए बाबूलाल पार्टी के मेन विंग के अलावा सभी मोर्चों, प्रकल्प, प्रकोष्ठों और सोशल मीडिया सेल के कामकाज में कई नये प्रयोग करने वाले हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा है कि 2024 का चुनाव जीतने के लिए मोदी सरकार की उपलब्धियों को और प्रभावी तरीके से जनता के बीच लेकर जाना होगा लेकिन उपलब्धियों को परोसने का तरीका बदलने पर उन्होंने जोर दिया है।

**टीम गठन में बाबूलाल को प्रभावित करना होगा मुश्किल**

पार्टी सूत्रों का कहना है कि बाबूलाल मरांडी के पास संगठन चलाने का जबरदस्त अनुभव है। यही कारण है कि श्री मरांडी को स्थानीय स्तर पर कोई नेता अनुचित दबाव नहीं डाल सकेगा। पुराने व अनुभवी कार्यकर्ताओं के अलावा युवा कार्यकर्ताओं में भी जोश बढ़ा है। प्रदेश की टीम के लिये सभी पांचों प्रमंडलों से चेहरों की तलाश शुरू हो गयी है। प्रदेश की टीम में जुझारू व उर्जावान व्यक्तित्व को प्राथमिकता दी जा सकेगी। बताया गया है कि आदिवासी और मूलवासी वोटरों के बीच पैठ बनाने वाले नेताओं को खास तरजीह दी जायेगी। उन्होंने विधानसभा के 28 सुरक्षित सीटों में भगवा परचम लहराने के लिये रोडमैप बना लिया है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री मरांडी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल के कार्यकाल में आदिवासी समुदाय के लिए क्या-क्या कार्य किये हैं, इस पर फोकस किया है। इसके लिए आदिवासी-मूलवासी समुदाय के युवा, महिला और बुजुर्ग वोटरों के साथ-साथ गणमान्य लोगों तक प्रभावी तरीके से पहुंचने का प्लान तैयार हो रहा है। पार्टी की सोशल मीडिया टीम आदिवासी-मूलवासी युवाओं को लक्ष्य करके अभियान चलायेगी। महिला, युवा, एसटी-एससी, ओबीसी और किसान मोर्चा पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये गांव-गांव, घर-घर दस्तक दिये जाने की तैयारी हो रही है। कल्याणकारी योजनाओं को लेकर लोगों की जुबान में जल्द चढ़ने वाले जिंगल और नारा तैयार कराये जा सकते हैं। नुक्कड़ सभाओं और जनसंपर्क अभियान को आकर्षक बनाने के लिये नवीन प्रयोग भी हो सकते हैं।

**जनता को याद दिलायेंगे कि अटल सरकार ने दिया झारखंड** : सूत्रों के अनुसार प्रदेश भाजपा चुनावी मोड पर कार्य शुरू कर चुकी है। इसके तहत महासंपर्क अभियान के दौरान आम लोगों को झारखंड निर्माण का श्रेय अटल सरकार को दिया जा रहा है। साथ ही, आदिवासियों को बताया जायेगा कि भाजपा की सरकार ने केंद्र में जनजातीय मंत्रालय बनाया। इसके अलावा जनजातीय मामलों के बजट में 5 गुणा बढ़ोतरी की गई है। मोदी कैबिनेट में अर्जुन मुंडा समेत 8 आदिवासी मंत्री बनाये गये हैं। साथ ही, पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया है। बिरसा मुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया है। मोदी सरकार ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया है। जो हो, बाबूलाल मरांडी को लोकसभा चुनाव में आदिवासी मैजिक दिखाने का दबाव तो जरूर है। हालांकि, वह बेहद सहज व संवेदनशील दिखाई दे रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## जुगसलाई में कलश यात्रा आज

**जमशेदपुर।** जुगसलाई एमईस्कूल रोड़ स्थित राजस्थान शिव मंदिर में सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार 18 जुलाई को सुबह 08.30 बजे कलश यात्रा के साथ होने जा रहा हैं। सोमवार की देर शाम कथावाचक अंतरराष्ट्रीय व्याख्याता पूज्यश्री गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी शहर पहुँच गये हैं। कलश यात्रा गढ़वाल निवास राम टेकरी रोड़ से निकलेगी जो कथा स्थल राजस्थान शिव मंदिर तक जायेगी। कलश यात्रा का कई स्थानों पर स्वागत होगा। सावन माह के पावन अवसर पर इसका आयोजन जुगसलाई के गढ़वाल परिवार (थोई, राजस्थान निवासी) द्वारा किया गया हैं। इस संबंध में आयोजक राजेश गढ़वाल और सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना ने बताया कि वृन्दावन से पधारे कथावाचक डा. संजीव कृष्ण ठाकुर जी के साथ 21 सदस्यों की टीम आयी हैं, जो भागवत कथा प्रसंग के अनुसार सुंदर झांकी भी प्रस्तुत करेंगे। महाराज व्यासपीठ से रोजाना दोपहर 03 बजे से शाम 07 बजे तक कथा का प्रवचन करेंगें। वृन्दावन से हवाई मार्ग से रांची एयरपोर्ट पर पहुँचने पर गौभक्त डा. संजीव कृष्ण ठाकुर का सत्यनारायण अग्रवाल, महेश गढ़वाल, बासु गढ़वाल, गणेश अग्रवाल, सोनु आदि ने भव्य स्वागत किया।

## रॉबिन हुड आर्मी ने विकलांग तिलका को दिए ट्राइ साईकिल



**जमशेदपुर।** बीते सोमवार को रॉबिन हुड आर्मी जमशेदपुर द्वारा सोनारी दोमुहानी स्थित बाबा तिलका मांझी बस्ती में पैर की बीमारी से जूझ रहे 30 वर्षीय विकलांग व्यक्ति के बीच ट्राई साइकिल का वितरण किया गया। ताकि वह कुछ रोजगार करके अपना जीवन यापन कर सके। संस्था के अंकुश अग्रवाल ने बताया रॉबिन हुड आर्मी शहर में 2017 से काम कर रही है। संस्था शहर में पार्टियों से बचे हुए खाना को गरीबों में बांटने के साथ गरीब बच्चो को मुफ्त में शिक्षा मुहैया भी कराती है। इसके साथ अनेक सामाजिक कार्य भी करती है।

## बिष्टुपुर तुलसी भवन में राखी मेला का समापन आज

**जमशेदपुर।** महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु मारवाड़ी महिला मंच जमशेदपुर शाखा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राखी मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) के दूसरे दिन सोमवार को भी बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में काफी भीड़ उमड़ी। इस मेला में 20 रुपए से लेकर 850 रुपए तक की कई डिजनाइर समेत चांदी की राखी भी हैं। मंगलवार 18 जुलाई को रात 09 बजे तक राखी मेला खुला रहेगा। दो दिन मेले में हुई भीड़ से स्टॉल लगायी महिलाओं का हौसला बुलद हैं। मेले मे टोटल 51 स्टॉल लगे हैं। इसमें एक ही छत के नीचे महिलाएं अपने उत्पादों का संग्रह लेकर आयी हैं। सोमवार को मंच अध्यक्ष बीना अग्रवाल एवं सचिव सीमा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले में एक ही स्थान पर राखी, गिफ्ट आइटम, बेड शीट, लड्डू गोपाल की पोशाक, बंधनवार, साड़ी, कुर्ती और गृह सज्जा के सामानों का भरपूर कलेक्शन हैं। इसके अलावा गृह उपयोगी हाथों से बने आचार, पापड़, मंगोड़ी, खजला भी उचित मूल्य में मिल रहे हैं।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 96 यूनिट बत्तख चूजा वितरित



पोटका। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत पोटका प्रखंड के सानग्राम, पोड़ा भालकी, जामदा, कोवाली एवं चाकडी में कुल 96 लाभुकों के बीच 90 प्रतिशत अनुदान एवं 75 प्रतिशत अनुदान पर बतख चूजा का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पशु पालन पदाधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ अशोक कुमार, विधायक प्रतिनिधि मनोरंजन सरदार, नयन महापात्र, अभिषेक सरदार, जीमा सरदार मुखिया जामदा, संगीता सरदार मुखिया चकड़ी, पशुधन सहायक राजकुमार साव, नरेश कुमार, नमिता महंती आदि उपस्थित थे।

# टेरी और टाटा स्टील फाउंडेशन ने ग्रीन स्कूल पहल का छठा चरण लॉन्च किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



**नई दिल्ली/जमशेदपुर।** द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टेरी) और टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने सोमवार, 17 जुलाई को झारखंड और ओडिशा के परिचालन स्थलों पर ग्रीन स्कूल पहल के छठे चरण की शुरूआत की। लॉन्च की घोषणा पिछले कुछ वर्षों में इस पहल की उपलब्धियों का जश्न मनाने और भविष्य के लिए एक सस्टेनेबल मार्ग प्रशस्त करने के लिए की गई थी। लॉन्च कार्यक्रम में 45 स्कूलों के 869 छात्र 95 शिक्षकों के साथ शामिल हुए। छठे चरण के शुभारंभ का जश्न मनाने के लिए, छात्रों, शिक्षकों, टेरी और टीएसएफ कर्मचारियों ने मिलकर आज 350 पेड़ लगाए। टेरी की महानिदेशक डॉ. विभा धवन ने उन बच्चों के लिए, जो कल के नागरिक भी हैं, जमीनी स्तर पर सस्टेनिबिलिटी के बारे में जागरूकता पैदा करने में ग्रीन स्कूल प्रोजेक्ट जैसी पहल के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, टाटा स्टील फाउंडेशन के निदेशक, चाणक्य चौधरी ने कहा कि, मुझे खुशी है कि हम आगे बढ़ रहे हैं और एक ऐसे मुकाम पर पहुंच रहे हैं जिसके लिए हम पिछले 6-7 वर्षों से कड़ी मेहनत कर रहे हैं। अब, हमें कार्यक्रम के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने और यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि काफी स्कूल एक साथ सस्टेनेबिलिटी की राह पर चलने के लिए इस अनुकरणीय मॉडल को अपनाएं।

# मारवाड़ी समाज ने निकाली भव्य कांवर यात्रा

## मानगो स्वर्णरिखा नदी से जल लेकर एक हजार कावड़ियें पहुंचे साकची शिवमंदिर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सावन मास के पवित्र महीने में पुरुषोत्तम मास की शुरूवात एवं अमावस्या व सोमवार का दिन मारवाड़ी समाज के पूर्वी सिंहभूम जिले के कोने कोने से पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने कावड़ यात्रा में भाग लिया, जो लौहनगरी जमशेदपुर में ऐतिहासिक भक्ति का संगम के साथ-साथ मारवाड़ी समाज की एकता का परिचय भी था। पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं मारवाड़ी युवा मंच, स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा संयुक्त तत्वाधान में हर-हर महादेव भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 1000 कावड़ियों ने संकल्प के साथ भाग लिया, जो स्वर्णरिखा नदी मानगो से जल उठाकर पुराने कोर्ट से बंगाल क्लब, साकची बड़ा गोलचक्कर, बसंत सिनेमा होते हुए 2.5 किलोमीटर की यात्रा तय कर श्री श्री साकची शिव मंदिर में जलाभिषेक के साथ संपन्न हुआ। कावड़ यात्रा में छोटे बच्चों सहित महिलाएं एवं पुरुष भक्तों ने बोलबम बोलबम के जयकारों के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कांवड़ यात्रा में रथ पर सवार शिव परिवार की झांकी एवं काली मां, राधा कृष्ण, भूत प्रेत की झांकी, द्वादश ज्योतिलिंग से सजी हुई कावड़ आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसे देखने के लिए यात्रा के रूट में सड़क के दोनों ओर जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की भीड़ लगी रही। जगह- जगह कांवड़ यात्रा में मौजूद शिवभक्तों पर इत्र एवं पुष्पों की वर्षा की गई। साकची शिव मंदिर पहुँचने पर सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर शिवलिंग पर जलार्पण किया एवं महाआरती के पश्चात सभी ने प्रसाद के रूप में फलाहार लिया। इस कावड़ यात्रा में जमशेदपुर के लोकप्रिय सांसद विद्युत वरण महतो भी शामिल हुए। कार्यक्रम को सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के पूर्व अध्यक्ष सुरेश सोंथालिया, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सुरभि शाखा की अध्यक्षा निशा सिंघल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सीए विवेक चौधरी ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला कोषाध्यक्ष मोहित शाह ने किया।



कावड़ यात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत करते अतिथिगण।

# कांग्रेस पूर्वी सिंहभूम में पांच सितंबर तक पंचायत स्तर पर चलायेगी भारत जोड़ो अभियान

शिक्षक दिवस पर हर प्रखंड से तीन-तीन शिक्षकों को पार्टी करेगी सम्मानित

खबर मन्त्र ब्यूरो



बैठक के पश्चात पत्रकारों से बात करते जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी व जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दूबे।

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता सम्मेलन को जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी एवं जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने आह्वान किया है कि पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत सभी 18 प्रखण्ड क्षेत्र, 56 मण्डल क्षेत्र के अन्तर्गत घर घर तक भारत जोड़ो की बात आमजनों के साथ कार्यक्रम का आयोजन 16 जुलाई से प्रारंभ होकर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के दिन जिले के शिक्षकों को सम्मानित करने के उपरांत समाप्त होगा। जिसकी शुरूआत 16 जुलाई को टेल्को प्रखण्ड के जेम्को से शुभारंभ कर दी गई है। इस अभियान में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रदेश डेलिगेट, जिला, मण्डल व पंचायत कमिटी के पदाधिकारी, बुथ स्तर पर इस कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच राहुल जी के संदेश को पहुंचाने का कार्य करेंगे। जिला संगठन प्रभारी बेदी ने कहा कि इस अभियान का एकमात्र उद्देश्य यह है कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल जी ने कन्याकुमारी से लेकर काश्मीर तक एक तपस्वी की तरह पूरे देश को जोड़ने की कवायद शुरू की उसे हमें घर घर तक पहुंचाना है। आप सब जानते है कि जब से पूरे भारत में महंगाई, बेरोजगारी, नफरत चरम पर दिखाई देने लगी, तब भारत जोड़ो यात्रा की शुरूआत 7 सितंबर 2023 में की गई। यात्रा के शुरूआत से ही भाजपा नीत केन्द्र सरकार के द्वारा कई तरह के व्यवधान पैदा किए गए और जब भारत जोड़ो यात्रा की सफलता दिखाई देने लगी तब कोरोना का डर दिखा कर इस यात्रा को रोकने का प्रयास भी किया गया। किन्तु राहुल जी ना झुके ना डरे ना रुके लगातार चलते रहे। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा नित केंद्र सरकार ने भारत की बुलंद आवाज को कुंद करने का प्रयास शुरू कर दिया। परिणाम स्वरूप संसद की सदस्यता न्यायालय के निर्णय के बाद 24 घंटे के अंदर सदस्यता छीन ली गई, जो स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ, उसके तुरंत बाद मकान खाली कराया गया। बेदी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने संदेश दिया है कि इस अभियान के तहत जिले के कांग्रेसजन, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, शिक्षक एवं पत्रकार मित्र के घर बगैर किसी औपचारिकता एवं तामझाम के जाकर भारत जोड़ो यात्रा की बात रखेंगे एवं जिले से संबंधित जन मुद्दों पर बात करेंगे, इस अभियान के तहत सभी विधायकगण अपने जिले के साथ आसपास के जिलों में जाकर अभियान के तहत भारत जोड़ों की बात आमजनों के साथ करेंगे। इस दौरान सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा कर यह जानने का प्रयास करेंगे कि और कौन-कौन से जन मुद्दे हैं। जो राज्य सरकार के अधीन आते हैं, वैसे जनमुद्दों को प्रदेश कांग्रेस तक पहुंचाने का काम करेंगे, ताकि हम उस पर विचार कर सरकार को ऐसे जन मुद्दों से अवगत कराएंगे, आज इस अभियान के माध्यम से हम संकल्प ले रहे हैं कि राहुल जी की बातों को आमजनों तक पहुंचा कर राहुल जी को ताकत देने का काम करेंगे। प्रेस वार्ता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, रियाजुद्दीन खान, अवधेश सिंह, योगेन्द्र सिंह यादव, सुरेश धारी, संजय सिंह आजाद, जितेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## खबर एक नजर में

### बाबा बैधनाथ सेवा संघ का जत्था पहुंचा सुल्तानगंज



**जमशेदपुर।** बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ के द्वारा आयोजित निशुल्क कांवर यात्रा में शामिल 1000 शिव भक्तों का जत्था सकुशल सुल्तानगंज पहुंचा। सुल्तानगंज में आयोजित कांवरियों के संग बैठक कर संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने सभी शिव भक्तों को आगे की कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी के बीच पहचान पत्र का वितरण किया। विकास सिंह ने बताया रात्रि का विश्राम असरगंज के शिकारी धर्मशाला में है जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ भोजन और विश्राम की व्यवस्था की गई है। असरगंज के धर्मशाला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप भागलपुर के डीएम उपस्थित रहेंगे।

### गम्हरिया : चित्रगुप्त महासमिति के महोत्सव में नीतू सिन्हा सावन क्विन



**गम्हरिया।** चित्रगुप्त महासमिति के महिला कमेटी की ओर से गम्हरिया स्थित चित्रगुप्त भवन में 'चित्रांश' सावन-महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति की अध्यक्ष रागिनी सहाय और उपाध्यक्ष मधु वर्मा द्वारा भगवान चित्रगुप्त की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। इस मौके पर बच्चों और महिलाओं के बीच विभिन्न प्रकार के खेलकूद व कई मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इससे पूर्व समिति की ओर से सावन माह के उपलक्ष्य में भगवान शिव की पूजा और शिव चर्चा का भव्य आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसमें डंपिंग बॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कृति कुमारी व द्वितीय स्थान पर मुस्कान कुमारी रही जबकि जीके प्रतियोगिता में प्रथम अंकिता सिन्हा व द्वितीय जिया सिन्हा रही। सावन क्वीन का खिताब नीतू सिन्हा को दिया गया जबकि उपविजेता स्मिता सिन्हा रही। कार्यक्रम के आयोजन में संगठन सचिव अनिता देवी, कोषाध्यक्ष नीतू सिन्हा, सह कोषाध्यक्ष मनी सिन्हा, ललिता देवी, ज्योति माला, कंचन कुमारी, भारती देवी, विद्या सिन्हा आदि का सक्रिय योगदान रहा। इस मौके पर काफी संख्या में समाज की महिलाएं भी उपस्थित रही।

### श्रीश्री मानस सत्संग समिति ने सुंदरकांड का पाठ किया,रघुवर भी हुए शामिल



रघुवर दास को सम्मानित करते मुरारी अग्रवाल।

**जमशेदपुर।** श्री श्री मानस सत्संग समिति जमशेदपुर में तत्वाधान में 17 मी वर्षगांठ के अवसर पर सावन के पावन महीना में श्री सुंदरकांड का पाठ एवं भोग का कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया गया। इस अवसर पर 1500 भक्तों के बीच महाभोग का वितरण किया गया। सर्वप्रथम सुमन पांडे जी एवं आचार्य परशुराम पांडे जी के द्वारा पूजा अर्चना प्रात: 9:30 उसके बाद आरती हुई 10:30 से सुंदरकांड का पाठ प्रारंभ हुआ गुरु हनुमान चालीसा के साथ 1:30 बजे समाप्त हुआ। करीब 11:45 भगवान को भोग लगाकर भोग का कार्यक्रम प्रारंभ कर दिया गया 3:30 बजे तक भोग वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस कार्य को सुचारू रूप से सफल बनाने के लिए मनीष अग्रवाल एवं सुमन पांडे जी परवीन जी संजय दास गोपाल पोद्दार सुमित अग्रवाल विमल अग्रवाल विमल बजाज बबला भाई एवं और अन्य सदस्य लोगों ने मिलकर इस कार्य को अच्छी ढंग से संपन्न कराने में समिति को मदद किया।

### जिप सदस्य कुसुम पूर्ति की पहल पर पौधरोपण



**जमशेदपुर।** जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती के पहल पर नुवोको विस्तास कॉपोरेशन लिमिटेड के द्वारा परसुडीह, सरजमदा स्थित एजीएल मैदान के समीप कब्रिस्तान के बगल में वृहद वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर नुवोको के अधिकारियों के साथ ही काफी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजुद हुए और मिलकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया गया। जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक वृक्षा आवश्यक लगाना चाहिए। इसके लिए हर व्यक्ति अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाए और इसे बचाने का संकल्प ले। वृक्षारोपण के दौरान नुवोको विस्तास कॉपोरेशन के पर्यावरणीय सतत विकास के हेड अनुपम कुमारी, एचआर मैनेजर माया तिवारी, सीएसआर हेड मनीष कुमार के साथ ही कब्रिस्तान के कमिटी के सदस्यगण के साथ ही स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स के आइआर हेड के घर चोरी

**जमशेदपुर।** टेल्को थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले टाटा मोटर्स लिमिटेड के सुरेश शर्मा के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने रविवार को आठ लाख रुपये मूल्य के सामानों की चोरी कर ली। सुरेश शर्मा का मकान एलएफएस स्कूल के पास में ही है। वे रविवार की रात 8:15 बजे से लेकर 9:15 बजे के बीच अपने परिचित से मिलने बिरसानगर गए हुए थे तभी चोरी कर ली गई। सुरेश शर्मा जब घर पहुंचे तब देखा कि कमरे का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरे हुए हैं पीछे जाने पर देखा दरवाजा भी टूटा हुआ था। चोरों ने चोरी को अंजाम देने के पहले मकान में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। टेल्को पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी कैमरे को भी वह खंगाल रही है।

### मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी टाटानगर के शिविर में 28 यूनिट रक्तदान



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतिय मारवाड़ी युवा मंच के स्थापना दिवस के तहत पूर्व अध्यक्षों के सम्मान में आठ दिवसीय कार्यक्रम के तहत आज नन्द किशोर अग्रवाल के सम्मान में रक्त दान शिविर का आयोजन किया जिसमें 28 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। नंदकिशोर अग्रवाल न केवल झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष हैं बल्कि हमारे स्टील सिटी शाखा के अभिभावक हैं एवं संथाकप सदस्य भी हैं। आज के शिविर में हमारे शाखा के अध्यक्ष मोहित मुनका ने नन्द किशोर अग्रवाल को स्मृति चिन्ह, दुपट्टा एवम पौधा देकर सम्मानित किया। साथ ही झारखंड प्रांत मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष अरुण गुप्ता एवं सचिव सार्थक अग्रवाल को शाखा सचिव सौरव संथालिया एवं रक्तदान संयोजक पंकज मुनका ने दुपट्टा देकर सम्मानित किया। इस शिविर का मुख्य आकर्षण 19 साल के पियूष अग्रवाल द्वारा रक्त दान रहा जिन्होंने पहली बार आज इस शिविर में रक्त दान किया।

### शांति पूर्ण माहौल में मुहर्रम मनाने का निर्णय

**पोटका।** मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मनाने हेतु कोवाली थाना शांति समिति की बैठक बीडीओ निखिल कच्छप की अध्यक्षता में सोमवार को थाना प्रागंण में आयोजित किया गया। बैठक में समिति सदस्यों ने विचार रखते हुए समिति के सदस्यों को पहचान पत्र लागू करने,व्हाट्सएप ग्रुप बनाने, मुहर्रम जुलूस में डीजे बाजा,आग के शोला का खेल,ट्यूबलाइट खेल को बंद रखने, शराब पीकर जुलूस में शामिल नहीं होने की मांग तथा मुहर्रम के लिए पुन: शांति समिति की बैठक रखने का मांग उठाया गया। सदस्यों ने शांति समिति के सदस्यों पर 107 का केस दर्ज करने पर आपत्ति व्यक्त किया। मौके पर डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि पहचान पत्र जारी होगा इसके लिए समय दें। उन्होंने कहा कि गंगाडीह से निकलने वाले मुहर्रम जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने हल्दीपोखर में घटित पूर्व की घटना को भूलते हुए सभी पर्व त्योहार शांति और सौहार्द से मनाने की अपील किया।

# रोटरी क्लब जमशेदपुर स्टील सिटी की नयी कमेटी ने पदभार लिया



जमशेदपुर। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी एक और साल की दहलीज पर खड़ा है, जिसका 15 जुलाई को सेंटर प्वाइंट होटल में इंस्टॉलेशन समारोह आयोजित किया गया। नयी अध्यक्ष अमृता वखारिया, सचिव प्रीति खारा एवं टीम ने शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसएसपी प्रभात कुमार और विशिष्ट अतिथि जिला सचिव 3250 आरटीएन अंजू गंडोत्रा उपस्थित थे। वर्ष 2023-24 के लिए अन्य कार्यकारी पदाधिकारी टीम हैं : आईपीपी: आरटीएन. निकिता मेहता, प्रेसिडेंट आरटीएन शिवानी गोयल, सचिव: प्रीति खरा,संयुक्त सचिव: सुकन्या दास, कोषाध्यक्ष: कृष्णा खारिया, बुलेटिन संपादक: उमंग झुनझुनवाला, निदेशक फाउंडेशन: दीपक डोकानिया, निदेशक नई पीढ़ी: सिमरन सग्गू, क्लब सलाहकार: स्मिता पारिख, क्लब ट्रेनर: अल्पा पारिख,निदेशक सेवा: आरटीएन निकिता मेहता। अमृता वखारिया ने अपने भाषण में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन, छेद में दिल और क्लब फुट सर्जरी, वृक्षारोपण और आसपास के समुदाय के उत्थान के लिए सतत परियोजनाओं पर काम करने पर जोर दिया। मुख्य अतिथि सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने समारोह को संबोधित किया और नई टीम और सदस्यों को उनकी समर्पित और निस्वार्थ सेवा के लिए बधाई दी।

# कार्यकर्ताओं संग रघुवर दास ने खाई टिफिन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर जमशेदपुर महानगर अंतर्गत पूर्वी विधानसभा के सीतारामडेरा एवं बारीडीह मंडल में भाजपा ने टिफिन बैठक का आयोजन किया। टिफिन बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा, बारीडीह मंडल अध्यक्ष संतोष ठाकुर समेत मंडल के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में बूथों के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं के संग घर से लाया टिफिन एक साथ बैठकर खाया और सभी के टिफिन को एक-दूसरे के साथ साझा किया। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि भाजपा एक परिवार है और इस परिवार रूपी पार्टी में सभी सदस्यगण परिवार की भांति एक-दूसरे से जुड़ें हैं। पार्टी के निष्ठावान और समर्पित कार्यकर्ताओं संग सहभोज करने से आत्मीयता का भाव आता है। इस दौरान चंद्रशेखर मिश्रा, बबुआ सिंह, राकेश सिंह, भूपेंद्र सिंह, पवन अग्रवाल, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, कुमार अभिषेक, नगीना यादव, रमेश नाग, परेश मुखी, देबू सरकार, अजीत कालिंदी, अनिल शर्मा, उमेश पांडेय, मिथलेश साव, संतोष कुमार, प्रकाश ठाकुर, संतु बनर्जी, दिलीप पासवान, रंजीत सिंह, नागेश प्रसाद, संजीत चोरसिया, उमेश साव, बिकास दास, कमल वर्मा, भगवान प्रसाद, कमलेश यादव, राधे तिवारी, नागेंद्र राय, अशोक पासवान, सतीश प्रसाद, अतुल प्रभात, कमाल सरवर, निर्मल गोप, रंजीत सिंह, साकेत कुमार, विश्वजीत समेत अन्य मौजूद रहे।

# टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में हुआ रुद्राभिषेक प्लांट हेड समेत हजारों ने ग्रहण किया भोग

खबर मन्त्र ब्यूरो



रुद्राभिषेक में भाग लेने पहुंचे प्लांट हेड रवींद्र कुलकर्णी, टाटा कमिंस के प्लांट हेड रामफल के साथ यूनियन महासचिव आरके सिंह, अध्यक्ष गुरमीत सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** सोमवार को यूनियन प्रांगण में सावन के पावन महीने के अवसर पर भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक हुआ। रुद्राभिषेक के बाद भोग वितरण और भजन का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में टाटा मोटर्स के कर्मचारीगण, शहर के काफी समाज सेवक, प्रेस से जुड़े लोग, प्रशासनिक विभाग के लोग एवं कई नेता गण उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में प्लांट हेड रविन्द्र कुलकर्णी, डॉ संजय कुमार, प्लांट हेड कमिन्स जमशेदपुर रामफल नेहरा, डा एस एल श्रीवास्तव, पार्थो मुखोपाध्याय, के अलावा सभी विभाग के डॉक्टर के साथ साथ विधायकसरयू राय, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, पूर्व विधायक मलखान सिंह, कन्हैया सिंह, राजीव रंजन सिंह, शंभू सिंह, प्रभाकर सिंह, राजकुमार सिंह, अविनाश सिंह राजा, विनोद सिंह, अशोक चौधरी, राकेश्वर पांडे, रघुनाथ पांडे, रामाश्रय प्रसाद, देविका सिंह, हरीश सिंह, कल्याणी शरण, रणविजय शर्मा, गणेश सुलंकी, राणा सिंह, सुनील सिंह, के पी तिवारी, जगदीश नारायण चौबे, अंकुर सिंह, मुकेश राय, संजय सिंह हितैषी, नीरज सिंह, गुरुचरण सिंह बिल्ला, सुरेंद्र सिंह छिंदे, दमनप्रित सिंह के अलावा सभी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हिंदुस्तान मित्र मंडल स्कूल की छात्राओं ने सीखा आत्मरक्षा का गुर

नाम्या फाउंडेशन की पहल की शिक्षकों ने की सराहना

आज के दौर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सीखना जरूरी : कुणाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** नाम्या स्माइल फाउंडेशन तथा रोटरैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी जोन 4 के द्वारा गोलमुरी क्षेत्र अंतर्गत 10 नंबर बस्ती स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल स्कूल में छात्राओं के बीच आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक एवं नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक कुणाल षड़ंगी, बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, रोटरेक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी के अध्यक्ष निर्मल कुमार, नाम्या स्माइल फाउंडेशन के सदस्य निधि केडिया तथा सदस्य सह प्रशिक्षक विजय सोए उपस्थित थे। प्रशिक्षक विजय सोए ने आत्मरक्षा को लेकर जागरूक किया एवं व्याख्या कर प्रशिक्षण दिया। कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि आज के दौर में आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकों को जानना बहुत आवश्यक हो गया है।

# टिनप्लेट यूनियन में नये सत्र की छात्राओं का किया गया स्वागत





जमशेदपुर। टिन प्लेट यूनियन महिला महाविद्यालय में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नए सेशन शुरू होने पर नवागंतुक छात्राओं के स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की मैनेजिंग कमिटी महाविद्यालय की शिक्षिकाएं ने भाग लिया एवं छात्राओं ने विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। सर्वप्रथम दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम को महाविद्यालय के चेयरमैन राकेश्वर पांडे, महाविद्यालय के सचिव मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह सोहल, प्रचार्य रंजना भगत ने संबोधित किया, कार्यक्रम का संचालन कामिनी गुप्ता, संस्कृत कार्यक्रम का संचालन झूमा घोषाल एवं नीलम दुबे, धन्यवाद ज्ञापन ममता सवाई ने किया कॉलेज की शिक्षिकाएं सीमा कुमारी, सरिता कुमारी, आभा सिंह, नेहा रानी, मीरा श्रीवास्तव का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधन समिति के सदस्य सतनाम सिंह, मुन्ना खान, रमेश राव, साईं बाबू राजू, जगजीत सिंह, वकील खान, संजय कुमार सिंह, भूपेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

# जमशेदपुर एफसी ने सर्बिया के एलेन स्टीवनोविक के साथ किया करार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी ने 2023-24 सीजन से पहले दो साल के अनुबंध पर सर्बियाई अंतर्राष्ट्रीय एलेन स्टीवनोविक के साथ करार किया। 32 वर्षीय प्लेमेकर ने अब तक एक शानदार करियर का आनंद लिया है, जिसकी शुरूआत उन्होंने इटली में इंटर मिलान की युवा टीम से की थी और वर्तमान में एएस रोमा के हेड कोच थे। जोस मोरिन्हो द्वारा उन्हें सीनियर टीम में पदार्पण का मौका दिया गया था। स्टवानोविक उस इंटर टीम का हिस्सा थे जिसने 2009-10 में मोरिन्हो के नेतृत्व में तिहरा खिताब जीता था, जिसमें क्लब ने सीरी ए स्कुडेटो, कोपा इटालिया और यूईएफए चैंपियंस लीग विजेता ट्रॉफियां जीती थीं। स्विस मूल के सर्बियाई खिलाड़ी का इतालवी फुटबॉल में सफल प्रदर्शन जारी रहा। उन्होंने टोरिनो एफसी, पलेर्मो, एसएससी बारी और स्पेजिया जैसी टीमों के लिए खेला। एलेन स्टीवनोविक ने मेन ऑफ स्टील में शामिल होने पर कहा, जमशेदपुर एफसी का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैंने क्लब और उसके प्रशंसकों के बारे में बहुत कुछ सुना है और मैं आखिरकार शहर आकर खेलने के लिए उत्साहित हूं। क्लब पिछली बार आईएसएल शील्ड विजेता था और मुझे सचमुच विश्वास है कि प्रशंसकों के समर्थन और सही रवैये और दृष्टिकोण के साथ, हम एक बार फिर शीर्ष पर वापस आने में सक्षम होंगे। मैं कोचिंग स्टाफ के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं और अपने अनुभव और टीम की समग्र गुणवत्ता के साथ, मुझे यकीन है कि हम क्लब को वहां वापस ला सकते हैं जहां वह है। जेएफसी के प्रमुख कोच स्कॉट कूपर ने कहा, जमशेदपुर एफसी के लिए एलन एक अभूतपूर्व हस्ताक्षर है। पूरे यूरोप और एशिया के क्लब उन्हें चाहते थे और केवल 32 साल की उम्र में यह हमारे लिए एक अविश्वसनीय हस्ताक्षर है, जो हमारे सहायक कोच और मेरे दोनों के सर्बिया के साथ घनिष्ठ संबंधों के कारण हुआ।

स्पीड न्यूज

### महेश पासवान बने यूसी डब्ल्यूयू के उपाध्यक्ष



**कतरास।** यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन (यूसीडब्लु डब्ल्यू यू )के केंद्रीय महामंत्री एवं बाघमारा के विधायक ढुल्लू महतो एवं यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो को धन्यवाद और आभार व्यक्त करते हैं कि हमें बीसीसीएल के कतरास क्षेत्र संख्या 4 के उपाध्यक्ष मनोनीत करने पर कर्तव्यनिष्ठा से मजदूर हित में काम करेंगे। बधाई देने वाले में लक्ष्मण महतो मिट्ठू सिंह श्रीकांत सिंह कुंदन सिंह विपिन राय विनोद साहू रामप्रवेश पासवान शामिल थे।

### बरईकला में भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच की बैठक

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हाई स्कूल बरई कला के परिसर में भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच की एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंच के संस्थापक साधु चरण सिन्हा एवं मंच संचालन अधिवक्ता गिरिवर कुमार महतो ने किया। बैठक में भ्रष्टाचार उन्मूलन मंच की मजबूती के विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। मंच का व्यापक प्रचार .प्रसारए व सदस्यता अभियान चलानेए विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकनेए समाज में व्याप्त बुराई एवं कुरीतियों को मिटानेए आम लोगों को शिक्षाए स्वास्थ्यए राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में जागरूक करनेए का निर्णय का निर्णय लिया गया। मंच की अगली बैठक आगामी 27 अगस्त को करने का निर्णय लिया गया। मौके पर विपीन मुंडाए घनश्याम महतोए भुवनेश्वर महतोए देवी लाल करमाली उपस्थित थे।

### धनबाद : श्री गंगा गौशाला के अध्यक्ष बने सुरेंद्र अग्रवाल

**धनबाद।** श्री गंगा गौशाला के अतिथि गृह में आम सभा हुआ जिसमे सर्वसम्मति सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल को श्री गंगा गौशाला कतरास-करकेन्द का अध्यक्ष चुना गया बैठक मे गंगा गौशाला के उपाध्यक्ष अजय कुमार हेलीवाल उपाध्यक्ष-श्रवण खेतान,महासचीव महेश कुमार अग्रवाल,सचिव-दिपक कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-डी एन चौधरी सुमित खण्डेलवाल,कमलेश सिह,सुशील चौधरी,बिनय कुमार तुलस्यान, उमेश हेलीवाल ,आजाद कृष्ण अग्रवाल,रितेश नारनोलिया,हरीष ताम्बी, कृष्ण कन्हैया राय,संजय केशरी,बिजय कुमार सिन्हा,सुनील शर्मा,मनोज रिटोलिया,दिलीप कुमार अग्रवाल, मनीष गोयल,संतोष जलान, पकंज सिन्हा, सुरेश महतो, किरण चावला, अमित खण्डेलवाल, लक्की जैन, आनन्द खण्डेलवाल ,पियुष कुमार तिवारी मौजूद थे।

### फुसरो में श्याम बाबा का अखंड ज्योति पाठ

**बेरमो।** मारवाड़ी महिला सम्मेलन फुसरो शाखा की ओर से अग्रसेन भवन फुसरो में समिती की ११ वी वर्षगांठ मनाई गई। जिसमें श्याम बाबा का अखंड ज्योति पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने परमार्थ के रथ को तीव्रगति देने का संकल्प लिया। समिति की अध्यक्ष सुरुचि जिंदल ने समिति के पिछले कार्यों का लेखा .जोखा पेश करते हुए कहा कि इस समिति से जुड़ी महिलाओं ने समाज हित में कई कार्य किए। इस कारण बेरमो की मारवाड़ी महिला समिति का राष्ट्रीय स्तर पर नाम है। समिति की सचिव हिमांशी अग्रवाल ने कहा कि समिति की ओर से रक्तदान शिविर लगाने से लेकर योगा शिविरए गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करने से लेकर विभिन्न व्रत .त्योहार में भक्तों की सेवा करने का काम भी किया जाता रहा है। समिति की कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने बताया कि इस समिति की ओर से निश्शुल्क होमियोपैथिक इलाज में सहयोग से लेकर जनसेवा के अन्य कई कार्य किए गए हैं।

# तेज रफ्तार हाइवा ने युवक को कुचला, मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोयाबाद।** धनबाद कतरास मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को अपने चपेट में ले लिया.स्थानीय लोगों ने बाइक सवार को गंभीर रूप से घायलावस्था में बाहर निकाला और इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा. जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना लोयाबाद एकड़ा वासदेवपुर वर्कशॉप के पास सोमवार की अहले सुबह 7 बजे की है.कोयला लदा हाइवा संख्या (जेएच10सी क्यू2331)ने बाइक सवार 35 वर्षीय लोयाबाद 9 नंबर निवासी गुड्डू रवानी को अपनी चपेट में ले लिया.सूचना पाकर लोयाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।



वही प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड्डू सोमवार की सुबह भूली स्थित (जालान फैक्ट्री) काम कर घर आ रहा था इसी बीच सिजुआ एरिया पांच के कनकनी स्थित बीसीसीएल कांटा घर से कोयला लोड कर टाटा स्टील झरिया डिवीजन के जामाडोबा कॉल वाशरी जा रहे हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हाइवा नरेश ट्रांसपोर्ट का बताया जा रहा है। वही घटना के बाद पत्नी ,एक पुत्र व पुत्री एवम परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.इधर घटना के लोयाबाद पुलिस ने हाइवा और बाइक को जब्त कर थाने ले गई.गुड्डू का हेलमेट भी घटनास्थल से पुलिस ने बरामद की है।

### थाना गेट पर शव रख किया प्रदर्शन

हाइवा चालक अधिक ट्रिप लगाने के चक्कर में तेज रफ्तार से चलाता है। इसके कारण इस तरह की घटना अक्सर घटते रहती है. घटना के बाद प्रशासन नकेल कसने, कार्यवाई करने जैसी आश्वासन देता है .लेकिन घटना के कुछ एक घंटे बाद ही पुनः इसी तरह का दृश्य देखने को मिलता है .उक्त हाइवा चालकों एवं मालिकों पर किसी भी विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं होता ।मृतक के परिजनों के द्वारा लोयाबाद थाना के मुख्य गेट के सामने लाश को रखकर मृतक के परिजनों ने प्रदर्शन किया।

### हाइवा-बाइक की भिड़ंत में दो की मौत

**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत जी टी काशीटांड़ के समीप रविवार शाम हाईवा और मोटरसाइकिल की टक्कर में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है और पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं बाइक में सवार दोनों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहूंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दियाहै। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक युवकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मृतकों की पहचान करने में जुटी हुई है।

## कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप में 1.98 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत



**धनबाद।** टुंडी प्रखंड में सोमवार को झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वाधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सखी मंडलों के लिए कैश क्रेडिट लिंकेज कैंप का आयोजन बैंक ऑफ इंडिया संग्रामडीह द्वारा सांसद भवन दुगार्डीह में तथा मनियाडीह शाखा द्वारा पंचायत भवन मनियाडीह में किया गया। इसमें बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक बिरेन्द्र कुमार पांडेय, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक श्री अरजुन साव सहित बैंक सखी व संकुल संगठन के पदाधिकारीगण तथा समूह की दीदियां उपस्थित हुई। कार्यक्रम में कुल 38 सखी मंडलों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय लिंकेज की कुल 1 करोड़ 98 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। साथ ही सखी मंडल की दीदियों को अतिथियों द्वारा कैश क्रेडिट लिंकेज की राशि का उपयोग आजीविका की गतिविधियों के लिए करने एवं पीएमएसबीवाइ एवं पीएमजेजेबीवाइ के रेनुअल करने के लिए प्रेरित किया गया।

### अधिकारियों से मिले वासेपुर के लोग सुनाई समस्याएं

**धनबाद।** पानी की समस्या को लेकर के जलापूर्ति विभाग के अधिकारी से वासेपुर के आम लोगो ने मुलाकात कर पानी की समस्या से सोमाबर को अवगत कराया है। बताते हैं कि वासेपुर के कई क्षेत्रों में 5 से 6 महीने पूर्व से ही पानी की घोर किल्लत है । नए अधिकारी आने से लोगों में पानी की समस्या दूर होने का नई उम्मीद जगी है। इसको लेकर वासेपुर के दर्जनों लोगों ने जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी से मुलाकात की। मोहम्मद निषाद आलम ने बताया कि जल आपूर्ति विभाग के अधिकारी, जेएस होरो से मुलाकात कर समस्या से अवगत कराया गया है।

## सड़कों के निर्माण से झरिया का होगा विकास

शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** झरिया विधानसभा अंतर्गत जिला योजना अनाबद्ध निधि से माननीय विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह के अनुशंसा के आलोक में 98 लाख की लागत से बनने वाले सुदामडीह रिवर साइड मेन मार्केट से सुभाष चौक तक मुख्य पथ से मिलने वाले लाल मैदान सहित 08 अदद शाखा पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक जी के निर्देश पर विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय तथा सूरज सिंह द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। कार्य का क्रियान्वन



ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल धनबाद द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि श्री के डी पांडेय ने कहा की इस पथ का निर्माण 25 साल बाद माननीय विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह जी के अथक प्रयास से होने जा रहा है, जिसका सीधा लाभ यहां के लोगों को मिलेगा। पथ के निर्माण होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल था। मौके पर रामदुलारी देवी, निताई महतो, सुभाष शर्मा, गौरी शंकर , उषा, अजीत महतो, संजय सुपकर, अरुण महतो, कृष्णा रवानी, जीतू केवट, सोहन महतो आदि मौजूद थे।

### 92 यूनिट रक्तदान करने वाले रविप्रीत सिंह सलूजा सम्मानित

**धनबाद।** सोमवार को झारखंड प्रांत स्थापना दिवस के उपलक्ष में हो रहे 8 दिवसीय जनसेवा कार्यक्रम के तृतीय दिन झारखंड प्रांत के पूर्व अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल के सम्मान में रक्तदान कार्यक्रम किया गया ।इस कार्यक्रम को पाटलिपुत्र मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के श्रीनिवासन ब्लड बैंक में किया गया। सोमवार के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष रविप्रीत सिंह सलूजा को रक्तदान के क्षेत्र में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर अब तक अपना 92 यूनिट रक्तदान कर के रक्तदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिसके लिए धनबाद कोयलांचल शाखा द्वारा रवि प्रीत सिंह सलूजा को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और रक्तवीर सम्मान के स्मृति चिन्ह देकर इनको सम्मानित किया गया। सोमवार के कार्यक्रम में प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी भी उपस्थित थे। सोमवार के शिविर में 09 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। सोमवार के शिविर को सफल बनाने में प्रांतीय सहायक मंत्री विकास पटवारी,रक्तदान शिविर के संयोजक दीपक अग्रवाल, अंकित शंघाई, अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल, सचिव शिव शंकर चौधरी, कोषाध्यक्ष सुनीता अग्रवाल, निधि शर्मा, राधा सांवरिया, राज किशोर खंडेलवाल, विष्णु भीमसरिया, प्रिंस कथुरिया, राहुल मजरिया, संजय पटवारी समेत युवा मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

## सामाजिक मुद्दों का समाधान केंद्र सी-20 चौपाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** बच्चों की प्रारंभिक देखरेख एवं संरक्षण पर कसमार प्रखंड के गर्री स्थित सामुदायिक शेड में सहयोगिनी संस्था की ओर से सी20 चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के निदेशक गौतम सागरए सचिव कल्याणी सागरए स्थानीय मुखिया गीता देवीए सेविका मीना देवी सहिया सुलेखा देवी व अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर संस्था के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि देश में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा एवं सुझाव के लिए कई तरह का वर्किंग ग्रुप कार्य कर रहा हैए इनमें से सी20 प्रमुख है। सामाजिक संगठनों एवं नागरिक संस्थाओं को अपने




देश के सामाजिक मुद्दों और उनके संभावित समाधान को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करने का यह एक सशक्त मंच है। इस दौरान बच्चों की देखभाल के लिए चलाए जा रहे आंगनबाड़ी केंद्रों से मिलनेवाली सुविधाओं की भी चर्चा की गई। हमारे देश मे समेकित बाल विकास योजना के माध्यम से सरकार द्वारा बच्चों को ये सेवाएँ उपलब्ध कराने का प्रावधान है। मौके पर समेकित बाल विकास योजना के अतिरिक्त पालना योजना के संचालन से संबंधित जानकारी भी दी गयी। मौके पर वार्ड सदस्य पार्वती देवीए सूर्यमनी देवीए कुमारी किरणए पलनी देवीए कांति देवीए रूपा देवीए जीवन देवीए गंधो देवीए शेखरए प्रवीण कुमार व अन्य लोग मौजूद थे।

### रोटरी के पूर्व मंडल अध्यक्ष का बोकारो में स्वागत

**बोकारो।** रोटरी जिला 3250 के पूर्व मंडल अध्यक्ष रोण्योगेश गंभीर के बोकारो आगमन पर चास रोटरी के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। चार रोटरी की अध्यक्ष पूजा बैद एवं सचिव डिंपल कौर ने संयुक्त रूप से एक पौधा भेंट कर योगेश गंभीर का स्वागत करते हुए रोटरी के कार्यकलापों पर विस्तृत चर्चा की एवं रोटरी के कार्यों के सुचारू रूप देने हेतु उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया । पूर्व मंडल अध्यक्ष योगेश गंभीर ने भी चास रोटरी की नई टीम को बधाई देते हुए उसके सफल कार्यकाल की कामना की। कार्यकाल को सफल बनाने के लिए गंभीर ने कुछ टिप्स भी सदस्यों को दिए ।

## निदेशक पद के चयन में 76 आवेदकों से पैसे की लेनदेन की आशंका में की गई जांच की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सेल के बोकारो इस्पात संयंत्र के नगर सेवा विभाग के पूर्व सीजीएम प्रभारी बीएस पोपली जो अभी हाल में ईडी पद पर प्रोन्नत हुए हैं, उनकी प्रोन्नति के मुद्दे पर सोशल मीडिया में सुप्रीम कोर्ट के पैड पर संदर्भ संख्या सीबीआई बीबीएम 01.07.23 दिनांक 16.7.23 के माध्यम से पुलिस अधीक्षक सीबीआई धनबाद के नाम से लिखे पत्र में 13 एवं 14 जुलाई 2023 को दिल्ली में अधिशासी निदेशक पद के चयन हेतु 76 आवेदकों में श्री पोपली के चयन में पैसे के लेनदेन की चर्चा करते हुए जांच की मांग की गई है। इस संबंध में श्री पोपली का पक्ष जानने के लिए उनकी मोबाइल पर फोन किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। बोकारो इस्पात में सीजीएम सह ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एके सिंह ने बताया कि सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए यह भ्रामक प्रचार जनित हथकंडा है। इसमें लेशमात्र भी सच्चाई नजर नहीं आती है। दूसरी तरफ आरोप लगाने वाले वकील ने दिल्ली के होटल, लेन देन की तिथि, समय एवं होटल का टेबल नंबर का हवाला देते हुए वीडियो क्लिप से स्पष्ट होने की बात कही है। इंटक से संबद्ध बोकारो स्टील वर्क्स यूनियन के सचिव राजू कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान सेल अध्यक्ष, जो पूर्व में यहां के निदेशक प्रभारी रहे हैं, उनके कार्यकाल में हुए कार्यों की जांच होनी चाहिए। उनके कार्यकाल में यहां भ्रष्टाचार चरम सीमा पर रहा है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में शिशु विद्या मंदिर की बहनों ने दिखाई प्रतिभा



**बाघमारा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बाघमारा विद्यालय में कन्या भारती की योजनानुसार बाल व किशोर वर्ग की बहनों के लिए चित्रकला व फेब्रिक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय प्राचार्य संतोष कुमार झा द्वारा दीप प्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया, जिसमें कक्षा सप्तम से दशम की बहनों ने भाग लिया। चित्रकला का विषय पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण था। बहनों ने अपने विचारों को चित्रों का रूप दिया। प्राचार्य महोदय ने बहनों की सुंदर-सुंदर चित्रकारियों का अवलोकन करते हुए बहनों की प्रशंसा की। प्रतियोगिताओं में बाल वर्ग की बहनों में प्रिया कुमारी श्रेया कुमारी और भूमि कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । फेब्रिक पेंटिंग में किशोर वर्ग की बहनों में सामूहिक रूप से क्रमशः बहन डोली कुमारी, चंचल कुमारी, श्रुति कुमारी, प्रिंसी कुमारी कीर्ति कुमारी, आरती कुमारी प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने विद्यालय की सभी दीदी का सहयोग रहा।

# पीपी एक्ट कोर्ट में पक्ष रखने पहुंचें व्यापारी: दीपू

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** एफसीआईएल प्रबंधन द्वारा मौखिक रूप से व्यापारियों को दुकान आवंटन व सिंदरी चेंबर ऑफ कामर्स द्वारा पीपी एक्ट कोर्ट में व्यापारियों की उपस्थिति को लेकर सिंदरी चेंबर ने बैठक की। सोमवार को शहरपुरा शिव मंदिर प्रांगण में चेंबर की बैठक में सचिव दीपक कुमार दीपू ने कहा कि पीपी एक्ट कोर्ट में अपने पक्ष को रखते हुए उपस्थित हों। सचिव ने बताया कि प्रबंधन ने चेंबर को बताया है कि दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था दी जाएगी। इसके लिए प्रत्येक क्षेत्रों में भूमि चिन्हित किया जा रहा है। वकील के राय के



अनुसार प्रत्येक नोटिस प्राप्तकर्ता को कोर्ट के समक्ष उपस्थित होना है। कोर्ट से समय माँगा जा सकता है। चेंबर अपने संविधान के तहत सिर्फ व्यापारियों के लिए लड़ाई लड़ सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय के लिए आप सभी स्वतंत्र हैं। उन्होंने प्रेस को बताया कि सिंदरी चेंबर ने किसी भी प्रकार की कोई बंदी का आव्हान मंगलवार को नहीं किया है। बैठक में सचिव दीपक कुमार दीपू, उपाध्यक्ष संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया, पवन शर्मा, बास्की सिंह, राकेश सोनी, महेंद्र गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल, नकुल सिंह, रवि कुमार, राहुल कुमार, दीपक चौरसिया, अनिल कुमार, नकुल रजक, बलबीर सिंह नागी, प्रेम सिंह टग्गर, राजेश साव सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

### कल से शुरू होगा पीपी एक्ट कोर्ट, कई को होना है हाजिर

**सिंदरी।** एफसीआईएल सिंदरी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्रबंधन द्वारा जारी नोटिस व पीपी एक्ट कोर्ट में बुलावा के बाद सिंदरी में भूचाल आ गया है। इसको लेकर जनता श्रमिक संघ संयुक्त महामंत्री गौरव वक्ष उर्फ लक्की सिंह के आह्वान पर सिंदरी के दुकानदारों व निवासियों ने सोमवार को ए वन बंगला गेस्ट हाउस का घेराव किया। वार्ता के बाद महामंत्री ने आह्वान किया है कि मंगलवार को एफसीआईएल सिंदरी गेट पर सभी सिंदरीवासी सुबह दस बजे तक एकत्रित हों।

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
JHARKHAND POLICE HOUSING CORPORATION LIMITED
(Jharkhand Govt. Undertaking)
Line Tank Road, Ranchi, Contact Tel. No. 0651-2214712
(CIN: U45200JH2002SGC012154)

Notice Inviting Tender No. 13 / 2023-24

Letter No.- SE/08/24 (A) Date: 15/07/2023

Superintending Engineer, Jharkhand Police Housing Corporation Limited invites percentage rate bids on approved Bill of Quantities from contractors registered with JPHCL in appropriate class for the works mentioned below:

| Sl. No. | Tender Reference No. | Name of Work | Approximate value of work (in Rs.) | Cost of BOQ (in Rs.) | Earnest Money Deposit (in Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | JPHCL/GR 01/ NIT 13/ 2023-24 | Construction of 200 x 150 mm Deep Bore Well with Pump set & electrification work at G+8 US Tower (Block 4), Old Police Line in the district of Ranchi | 379302.00 | 1250.00 | 8000.00 | 15 days |

2. Bid document with detailed terms and conditions will be available on our Website http://jphcl.jhpolice.gov.in from 19.07.2023 at 11:00 AM to 24.07.2023 up to 5:00 PM. Bids must be submitted before 3:00 PM on 25.07.2023 in the office of Superintending Engineer , JPHCL, Line Tank Road, Ranchi. Technical Bids received will be opened at 3:30 PM on 25.07.2023.
3. Further details can be seen on Website http://jphcl.jhpolice.gov.in Prospective bidders may contact Tel. No. 0651-2214712 also for any help, if required.
4. Corrigendum/ Addendum, if any, will be published only on the above mentioned Website.

Sd/-Superintending Engineer,
JPHCL, Ranchi

कार्यालय :-प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची
(E-mail ID – principaletcjharkhand@gmail.com)
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,(कृषि प्रभाग)

"स्टेशनरी व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु निविदा का आमंत्रण"
निविदा सूचना संख्या – 02 / 2022–23

प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची में स्टेशनरी (लेखन), कम्प्यूटर उपभोज्य (consumable) एवं अन्य कार्यालय उपयोग के लिए सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु निबंधित एवं अनुभवी संस्थान/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापनदाता का नाम | प्राचार्य, प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची |
| 2 | परिमाण विपत्र का मूल्य | 1000/–रूपये (Non Refundable) बैंक ड्राफ्ट के द्वारा। |
| 3 | अग्रधन की राशि | 20000/–रूपये बैंक ड्राफ्ट के द्वारा। |
| 4 | निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | 24 जुलाई 2023 03:00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा प्रस्ताव जमा करने की तिथि एवं समय | 27 जुलाई 2023 05:00 बजे अपराह्न तक। |
| 6 | निविदा पत्र खोलने की तिथि एवं समय | 28 जुलाई 2023 04:00 बजे अपराह्न तक। |
| 7 | निविदा पत्र प्राप्त करने, जमा करने एवं खोलने का स्थान | कार्यालय, प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र, हेहल, राँची – 834005 |

निविदा की शर्तें, मेनु एवं तकनीकी/वित्तीय बीड का प्रारूप कार्यालय के सूचनापट एवं वेबसाईट www.sameti.org पर उपलब्ध है।

PR 302522 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24).D

प्राचार्य
प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र,हेहल राँची

प्रपत्र VII
समाहरणालय, गढ़वा
(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)
अधिघोषणा संख्या 555/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 12.07.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना बिलासपुर से धुरकी भाया सगमा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–कदवा, थाना नं0–157, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला –गढ़वा में कुल :– **0.4463** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.4463** एकड़ है और जो ग्राम–कदवा, थाना नं0–157, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 5 | 1073 | टॉड 2 | रैयती | 0.0263 | पैरू यादव वो सुकर यादव वो जगदीश यादव वो चरित्तर यादव वो लक्ष्मण यादव पिता स्व0 रामखेलावन यादव | 1069 | 1079 | 1074 | 1072 |
| 2 | 5 | 1074 | टॉड 2 | रैयती | 0.0433 | रामचन्द यादव वो रामवृक्ष यादव पिता स्व0 सुकन यादव | 1079 | 1075 | 1076 | 1073 |
| 3 | 146 | 1075 | टॉड 2 | रैयती | 0.0189 | बिहारी यादव वो सागर यादव वो बैद्यनाथ यादव पिता स्व0 बेचु यादव | 1074 | 109 | 1076 | 1079 |
| 4 | 45 | 1086 | टॉड 2 | रैयती | 0.1309 | बिहारी महतो वो मलहोरी महतो पिता स्व0 दिपन महतो | 1923 | 1153 | 1085 | 1092 |
| 5 | 107 | 1135 | टॉड 2 | रैयती | 0.0785 | असफी भुईयां उर्फ अमको भुईयां, पिता स्व0 महादेव भुईयां, रामकुमार यादव पिता सरयु यादव | 1136 | रोड़ | रोड़ | 1111 |
| 6 | 59 | 1145 | टॉड 2 | रैयती | 0.0044 | राजेन्द्र यादव पिता स्व0 प्रणाश यादव | रोड़ | 1144 | 1146 | 1144 |
| 7 | 17 | 1149 | टॉड 2 | रैयती | 0.0422 | चन्द्रमन यादव वो लालमन यादव पिता स्व0 रामवृक्ष यादव, कमलेश यादव वो राजेन्द्र यादव वो महेन्द्र यादव पिता स्व0 राधो यादव, ग्राम कदवा, पो0+थाना धुरकी | 1148 | 1137 | 1150 | 1141 |
| 8 | 17 | 1165 | टॉड 2 | रैयती | 0.0131 | चन्द्रमन यादव वो लालमन यादव पिता स्व0 रामवृक्ष यादव, कमलेश यादव वो राजेन्द्र यादव वो महेन्द्र यादव पिता स्व0 राधो यादव, ग्राम कदवा, पो0+थाना धुरकी | 1164 | 1183 | 1162 | रोड़ |
| 9 | 45 | 1186 | टॉड 2 | रैयती | 0.0047 | बिहारी महतो वो मलहोरी महतो पिता स्व0 दिपन महतो | 1185 | 1190 | 1182 | रोड़ |
| 10 | 75 | 1190 | टॉड 2 | रैयती | 0.0119 | बिशुनधारी तेली वो धनारिक तेली पिता स्व0 करीमन तेली | 1186 | 1193 | 1189 | रोड़ |
| 11 | 123 | 1201 | टॉड 2 | रैयती | 0.0072 | लोचन प्रजापति वो बच्चा प्रजापति पिता स्व0 जंगी महतो, अरविन्द प्रजापति वो लवकुश प्रजापति पिता स्व0 गणेश प्रजापति | 1200 | 100 | 1375 | 1202 |
| 12 | 37 | 1370 | टॉड 2 | रैयती | 0.042 | देवमुनी यादव वो शिवकुमार यादव पिता स्व0 सोना महतो, मुंशी यादव वो मुरारी यादव वो मदन यादव पिता स्व0 मनु यादव | रोड़ | 1362 | 1369 | 1362 |
| 13 | 37 | 1373 | टॉड 2 | रैयती | 0.0229 | देवमुनी यादव वो शिवकुमार यादव पिता स्व0 सोना महतो, मुंशी यादव वो मुरारी यादव वो मदन यादव पिता स्व0 मनु यादव | 1375 | 1371 | 1372 | 1930 |
| | | | | कुल :- | **0.4463** | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,

जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–कदवा, थाना नं0–157, थाना–धुरकी, अंचल–धुरकी, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

PR.NO.302491 Land Reforms(23-24):D

उपायुक्त, गढ़वा।

# नशा पर शिकंजा

नशे की रोकथाम के लिए हमारे कानून अन्य देशों के मुकाबले बहुत कड़े हैं, फिर भी अपराधी कुछ खामियों की वजह से बच निकलते हैं और यही कारण है कि मादक पदार्थों का व्यापार फल-फूल रहा है। विश्व की कुल अर्थव्यवस्था का 15 फीसदी हिस्सा यही व्यापार रखता है। भारत से मादक पदार्थों की तस्करी अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, बर्मा, ईरान आदि देशों के जरिये होती है। हालांकि भारत इस अवैध व्यापार में तस्करों के लिए केवल एक पड़ाव का काम करता है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्योंकि इस अवैध व्यापार का तस्करी, आतंकवाद, शहरी क्षेत्र के संगठित अपराध तथा आर्थिक एवं व्यावसायिक अपराधों से काफी करीबी रिश्ता है। इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि भौगोलिक स्थिति के कारण भारत नशीली दवाओं की तस्करी के लिए अच्छा रास्ता बन गया है। आरंभ में भारत में नशीली दवाओं से संबंधित कानून बहुत पुराने थे, जिनमें अवैध व्यापार के लिए बहुत कम सजा का प्रावधान था, इसलिए स्वापक औषधि और मनःभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 बनाया गया, जो 14 नवम्बर 1985 से लागू हुआ। 1961 में भारत ने नशीली दवाओं के बारे में अंतरराष्ट्रीय करार पर और 1988 में नशीली दवाओं तथा मदहोशी पैदा करने वाले पदार्थों के अवैध व्यापार पर रोक संबंधी संयुक्त राष्ट्र के करार पर हस्ताक्षर किए, इसलिए 1988 में भारत में एक और अधिनियम बनाया गया जिसे स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ के अवैध व्यापार की रोकथाम अधिनियम नाम दिया गया। इसमें जेल की कड़ी सजा और जुमार्ने के साथ नशीली दवाओं का अवैध धंधा करने वालों को मौत की सजा देने तथा उनकी सम्पत्ति जब्त करने का प्रावधान है।

# सजा में बदलाव

सवाल यह भी कि जब जेल हुई है तो आर्थिक दंड क्यों? वहीं दूसरी ओर देश में अंग्रेजों के जमाने के तमाम कानून प्रचलित हैं जो स्वतंत्र देश की व्यवस्था में तार्किक नजर नहीं आते। राजग सरकार की उस मुहिम की सराहना करनी होगी कि जिसके अंतर्गत उसके नौ साल के कार्यकाल में 1500 ऐसे कानून निरस्त किये गये, जो अमृतकाल तक पहुंचे देश में न्याय की कसौटी में खरे नहीं उतरते थे। दरअसल, तमाम कानून ऐसे थे जो अंग्रेजी राज को स्वतंत्रता सेनानियों के विरोध से संरक्षित करते थे। वहीं दूसरी ओर व्यक्तिगत आजादी पर अंकुश लगाते थे। इसी दिशा में केंद्र सरकार ने बड़ी पहल की है और केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनविश्वास विधेयक पर मोहर लगा दी है। जिसके अंतर्गत 42 कानूनों में बदलाव किया जायेगा। इनके तहत आने वाले 183 प्रावधानों में बदलाव होगा। दरअसल, इस प्रयास का मकसद अदालतों में मुकदमों का बोझ कम करना, कारोबारी सुगमता बढ़ाना तथा छोटे अपराधों के मामलों में लोगों को जेल जाने से बचाना है। दरअसल, यह पहल छोटे अपराधों के मामले में कारावास की सजा को खत्म करने का प्रयास है। ऐसे मामलों में सिर्फ आर्थिक दंड ही लगाया जायेगा। गत बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनविश्वास(प्रावधान संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी। दरअसल, इस विधेयक को दिसंबर 2022 में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में पेश किया था। इस बिल को तार्किक बनाने व इससे जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के लिये कालांतर संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया था।दरअसल, इस मुद्दे पर गंभीर मंथन के लिये 31 सदस्यीय समिति का गठन विशेष रूप से किया गया। जिसने लंबे विमर्श के बाद यह सुझाव दिये हैं।

# नशे की बढ़ती प्रवृति चिंताजनक

**नशे** पर कसना होगा शिकंजा युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक ही नहीं देश का भविष्य कही जाने वाली पीढ़ी की दिशाहीनता के संकट को भी सामने रखती है देश की युवा पीढ़ी का इस तरह से दिशाहीन होना चिंतन का विषय है। आज की बदलती जीवनशैली में जमीन से जुड़ी सोच से दूरी और हर तरह की सुख-सुविधाओं में पल रहे किशोर और युवा इस बाजार के निशाने पर हैं कम उम्र के ग्राहकों को न सिर्फ लती बनाना आसान है, बल्कि उनके दोस्तों और हमउम्र लोगों तक ड्रग्स बाजार को फैलाना भी आसान होता हैं, इसीलिए इन पदार्थों के सेवन ही नहीं आपूर्ति को लेकर भी सख्ती और सजगता जरूरी है ड्रग्स की सप्लाई करने वालों पर भी शिकंजा कसा जाना चाहिए। हाल ही में फिल्म अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि क्रूज पर रेव पार्टी करते हुए आर्यन और दूसरे आठ लोगों को पकड़ा गया था। इस मामले में अब नशीले पदार्थों के इस्तेमाल और खरीद-फरोख्त को लेकर पूछताछ और जांच जारी है। ऐसे में एक ओर चर्चित अदाकार के बेटे का रेव पार्टी और ड्रग्स सेवन के मामले में शामिल होना इसे सनसनी बना रहा है तो दूसरी ओर परिवार, समाज और प्रशासन के सामने युवाओं की यह दिशाहीनता बड़ी चिंता बनकर उभरी है। ऐसे वाकये नशीले पदार्थों की बढ़ती पहुंच और युवाओं में इनके इस्तेमाल के बढ़ते जूनून को लेकर चेताने वाले हैं चिंतनीय है कि बड़े घरानों और चर्चित हस्तियों के बच्चे ही नहीं आम परिवारों के बच्चों तक भी हर तरह के नशे की पहुंच बढ़ रही है। युवा ही नहीं किशोरवय बच्चे भी ड्रग्स के जाल में फंस रहे हैं। नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्तिगत, सामाजिक, आर्थिक और यहां तक कि मानवीय सोच के मामले में भी जीवन को गहराई से प्रभावित करता है कम उम्र के बच्चों का इस जाल में फंस जाना तो सदा के लिए जीवन में अन्धेरा कर देता है नशे के आदी बन जाने के चलते नशीले पदार्थ खरीदने के लिए किशोर और युवा आपराधिक गतिविधियों का हिस्सा बन जाते हैं हिंसात्मक व्यवहार और दुर्घटनाएं तो किसी भी तरह के नशे से गहराई से जुड़ी समस्याएं हैं। शोध पत्रिका 'ड्रग एंड अल्कोहल रिव्यू' द्वारा लैंगिक अपराध और शराब के संबंध पर किए गए सर्वेक्षणों में यह





- अनुष्का चौधरी

> नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर (एनडीडीटीसी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- दिल्ली (एम्स), द्वारा सरकार की तरफ से किए गए इस अध्ययन के मुताबिक देश में करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं, जबकि 5.7 करोड़ लोगों को अल्कोहल की लत है। साथ ही हमारे यहां करीब 3.1 करोड़ लोग भांग उत्पादों और लगभग 2.26 करोड़ व्यक्ति अफीम का सेवन करते हैं।

तथ्य सामने आया है कि लैंगिक अपराध के लगभग आधे मामले नशे की हालत में ही होते हैं। बहुत से ऐसे मामले भी समाने आए हैं जिनमें नशे के शिकार युवाओं ने चोरी, झूठ, जालसाजी ही नहीं की बल्कि अपने परिवारजनों की जान तक भी ले ली है देखने में यह भी रहा है कि नई पीढ़ी में बेवजह के व्यक्तिगत आक्रोश से लेकर शारीरिक व्याधियों को न्योता देने तक, ड्रग्स सभी तरह की व्यावहारिक नकारात्मकता और शारीरिक परेशानियों की जड़ हैं। अफसोसजनक बात यह है कि भारत में युवाओं का एक बड़ा प्रतिशत शराब, ई-सिगरेट, हुक्का और अन्य तरह की नशीली दवाओं जैसे कई तरह से दूसरे नशों की लत का शिकार बन रहा है। किशोरों में बढ़ती नशाखोरी के चलते आपराधिक कृत्यों में उनकी भूमिका भी बढ़ी है। इतना नहीं नशाखोरी से कर्मचारियों की उत्पादकता भी कम होती है एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में शराब पीना मौत और अपाहिज होने का पांचवा सबसे प्रमुख कारण है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में छपी रिपोर्ट बताती है ज्यादा शराब पीने की आदत का 200 से भी अधिक बीमारियों से संबंध है। दुर्भाग्यवश जिस तेजी से नशा करने वालों की संख्या बढ़ रही है, उसी अनुपात में नई पीढ़ी के जीवन में आशाओं की जगह कुछ गलत होने की आशंकाएं और मानसिक उन्माद भी बढ़ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक दुष्कर्म, हत्या, डकैती, लूटमार जैसी छोटी-बड़ी आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वालों में नशे का सेवन करने वालों के मामले लगभग 74 प्रतिशत हैं ऐसे में युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति चिंताजनक ही नहीं देश का भविष्य कही जाने वाली पीढ़ी की दिशाहीनता के संकट को भी सामने रखती है। देश की युवा पीढ़ी का इस तरह से दिशाहीन होना चिंतन का विषय है। हालिया बरसों में शराब के सेवन से लेकर प्रतिबंधित मादक पदार्थों तक, युवाओं की पहुंच और सेवन की आदत दोनों में ही इजाफा हुआ है। कुछ समय पहले आई भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में नशे के लिए शराब के बाद सबसे ज्यादा भांग, गांजा, चरस और अफीम का सेवन किया जाता है। अगर व्यापक रूप से देखा जाए तो अब ऐसे नशीले पदार्थों का भारत ही नहीं वैश्विक स्तर पर एक बड़ा बाजार है नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर (एनडीडीटीसी) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान- दिल्ली (एम्स), द्वारा सरकार की तरफ से किए गए इस अध्ययन के मुताबिक देश में करीब 16 करोड़ लोग शराब पीते हैं, जबकि 5.7 करोड़ लोगों को अल्कोहल की लत है। साथ ही हमारे यहां करीब 3.1 करोड़ लोग भांग उत्पादों और लगभग 2.26 करोड़ व्यक्ति अफीम का सेवन करते हैं। इतना ही नहीं इसके साथ-साथ बड़ी संख्या में लोग अवैध नशीली दवाओं पर भी निर्भर हैं यह सच में चिंता का विषय है कि 10 से 75 आयु समूह के बीच के लगभग 1.18 करोड़ लोग सीडेटिव्स (गैर चिकित्सकीय, बिना चिकित्सा नुस्खे) का इस्तेमाल करते हैं। करीब लाख 26 लाख बच्चे इनहेलेंट्स का प्रयोग करते हैं। गौरतलब है कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने वर्ष 2018 में एम्स और एनडीडीटीसी को देश के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित क्षेत्रों में इस सर्वे की जिम्मेदारी दी थी। यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि जिस तरह से चोरी छिपे मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन किया जाता है, यह आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा ही होगा। जीवनशैली में जमीन से जुड़ी सोच से दूरी और हर तरह की सुख-सुविधाओं में पल रहे किशोर और युवा इस बाजार के निशाने पर हैं। कम उम्र के ग्राहकों को न सिर्फ लती बनाना आसान है, बल्कि उनके दोस्तों और हमउम्र लोगों तक ड्रग्स बाजार को फैलाना भी आसान होता है यही वजह है कि वर्चुअल दुनिया के जरिये भी ड्रग्स की खरीद-फरोख्त होने लगी है।

## खास बात
### अमेरिका में विरोध

**जब** प्रधानमंत्री मोदीअमेरिका के दौरे पर गए थे, तो वहां पहले ही भारत में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए थे। कम से कम 75 सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडेन को पत्र लिखकर उन्हें राजकीय भोज पर आमंत्रित न करने की अपील की थी। श्री मोदी के अमेरिकी संसद में भाषण का भी कई सांसदों ने बहिष्कार किया था, इसके अलावा न्यूयार्क की सड़कों पर ट्रकों में भारत की उन घटनाओं की ओर ध्यान दिलाया गया था, जिनमें किसी न किसी तरह लोकतंत्र या मानवाधिकारों का हनन हो रहा है और सरकार इन पर कुछ नहीं कर रही है।

अमेरिका से पहले श्री मोदी आस्ट्रेलिया गए थे, तो वहां बीबीसी की द मोदी क्वेश्चन नाम की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिस पर भारत में प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब श्री मोदी फ्रांस गए हैं, तब यूरोपीय संघ की संसद में मणिपुर पर सवाल उठ रहे हैं।

यूरोपीय संसद में बुधवार को होने वाली बहस का एजेंडा मणिपुर की हिंसा की निंदा और यूरोपियन यूनियन को भारत सरकार से बातचीत करने का निर्देश देना था। लेकिन भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। भारत ने इसे अपना आतंरिक मामला कहा है। जबकि यूरोपीय संसद चाहती है कि यूरोपियन यूनियन के आला अधिकारी भारत सरकार से बात कर इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कहें। इससे पहले भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी ने मणिपुर में स्थिति से निपटने के लिए अमेरिकी मदद की पेशकश करते हुए कहा था कि यह एक 'रणनीतिक' नहीं , बल्कि एक 'मानवीय' मुद्दा है।

अमेरिका या यूरोपीय संघ को वाकई कोई हक नहीं है कि वे किसी और के आंतरिक मामलों में दखल दें। लेकिन फिर आप वसुधैव कुटुम्बकम को अपनी सुविधा से इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

हर देश की संप्रभुता का सम्मान होना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही लोकतांत्रिक शासकों को ऐसी व्यवस्था भी बनानी चाहिए कि देश के साथ-साथ नागरिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार भारत की भी है। भारत-अमेरिकी के रिश्तों, फ्रांस से भारत के संबंधों पर भी सवालों के जवाब दिए।

# भक्ति गुरु ही देते हैं

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**श्रीराम** ने दो खंड में धनुष तोड़ कर रख दिया इसका मतलब होता है कि वे परा और अपरा को अलग कर दिये। जड़ और चेतन को अलग कर दिये। यह जीवात्मा जब जड़ चेतन की गांठ को तोड़ देता है तो यही भवसागर का धुनष तोड़ता है। दो खंड में तोड़ने का मतलब होता है कि जड़ और चेतन को अलग-अलग कर दिया। राजा जनक की राजसभा में श्री राम और परशुराम के बीच की घटना यह बताती है कि अवतारी दोनों है लेकिन अवतारी होने के कारण कोई भगवान नहीं होता है। संसार में जब कोई बड़ा कार्य उपस्थित हो जाता है तो उस कार्य को करने के लिये अवतार होता है। कोई ऐसा व्यक्ति जो धर्म के खिलाफ हो जाता है और अपरा की सारी सिद्धियां को अपने अधीन कर लेता है तो उसका वध के लिये अवतार होता है। लेकिन अवतार को भगवान नहीं कहा जाता है। भगवान उसे कहा जाता हैजो भक्ति कराता है। भक्ति कराने वाले का नाम भगवान होता है और जो भक्ति करता है उसका नाम भक्त या भगत होता है। ज्ञानी को भी भगवान नहीं कहा जाता है। भगवान केवल उसी को कहा जाता है जो भक्ति सिखाता है।

श्रीराम भगवान थे। इसलिये कि गुरु आदेश से लक्ष्मण, भरत, शत्रुध्न ये सभी उनकी भक्ति कर रहे थे। जिस दिन गुरु का आदेश हुआ लक्ष्मण, भरत एवं शत्रुध्न के लिये कि श्रीराम स्वामी हैं और आपलोगों की सेवा करनी है उस दिन से भगवान हो गये। गुरु के द्वारा ही किसी को भगवान बनाया जाता है। भगवान का प्रमाण गुरु ही देते हैं। कोई दूसरा नहीं दे सकता है।

**(ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम)**

**साल** का नया मास, शुरू हुआ अब,
दिन - दुगने बीत गए, पता नहीं कब
राशि है तुला, और तराजू है संग
कमीज रही ढीली, पतलून हुई तंग !

**- अमिताभ बच्चन**

## आपके ट्वीट

**स्वाद** ही स्वाद बांस के नन्हें कोपलो को करील कहा जाता है जो की स्वाद और स्वास्थ्य से परिपूर्ण होते है इस दिलचस्प जायके का अनुभव अगर आप भी करना चाहते है तो चले आइये झारखंड।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





सरकार का विकास सिर्फ सरकारी खंभो पर दिखाई देता है हमें झारखंड को प्रयोग का नहीं, उपयोग का राज्य बनाना है।

**- सुदेश महतो**

# पीवीटीजी ट्राइब्स के लिए राज्य सरकार की बेहतरीन योजना

**निःशुल्क कोचिंग संस्थान आरंभ करने का अवसर**

**ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट में करें आवेदन**

**पीभीटीजी ट्राइब्स के लिये राज्य सरकार की योजना**

डॉ रामदयाल मुंडा जनजाति कल्याण शोध संस्थान, मोराबादी रांची द्वारा झारखंड के 8 अति संवेदनशील जनजातीय समुदाय के युवक और युवतियों के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग भारत सरकार एवं अन्य समकक्ष नियोजन नौकरी संबंधी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए निःशुल्क आवासीय कोचिंग प्रारंभ करने का प्रस्ताव है। इसके लिए इच्छुक प्रतिभागियों का आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

## आवेदन के लिए निम्न शर्त है

झारखंड आवेदक को झारखंड का निवासी होना चाहिए।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के दिन आवेदक की आयु 1 वर्ष से 40 वर्ष हो।

आवेदन का आवेदन आवेदकों का चयन 10वीं 12वीं एवं स्नातक में प्राप्त अंक के आधार पर किया जाएगा।

एवं एसएससी द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन दिए गए अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 30 जुलाई 2023 संध्या 6:00 बजे तक है।

आवेदक अपना आवेदन संस्थान कार्यालय में अथवा ईमेल या पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा कर सकते हैं।

## अवसर





30 जुलाई 20 23 संध्या 6:00 बजे के बाद के आवेदन मान्य नहीं होंगे।

आवेदन के साथ आवश्यक कागजात की छाया प्रति । जाति प्रमाण पत्र सरकार द्वारा निर्मित फोटो पहचान।

पत्र शैक्षणिक अंकपत्र 10वीं 12वीं और स्नातक के जे एस एस सी और एसएससी द्वारा विज्ञापित पदों पर आवेदन का साक्ष्य, छाया प्रति के रूप में आवेदन प्रारूप संस्थान की वेबसाइट से या संस्थान में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिये संस्थान के दूरभाष 0651-2551824 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही ई मेल टीआरआई डॉट डॉयरेक्ट्रेयेट एट द रेट जी मेल डॉट कॉल पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन का फार्मेट संस्थान के वेबसाइट पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड किया जा सकता है। यह फार्म मोराबादी स्थित टीआरआई के कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है।

## कार्टून वर्ल्ड





## लेटर टू एडिटर

### हालात का फैसला

**ममता** बनर्जी आठ चरणों के चुनाव को लेकर शुरू से विरोध कर रही थीं। अब बंगाल में कोरोना का विस्फोट हो रहा है, एक कांग्रेसी उम्मीदवार की कोरोना के चलते मौत भी हो गई है। लेकिन चुनाव आयोग ऐसे संकट के समय में भी अपनी हठधर्मिता नहीं छोड़ रहा है, जो समझ से परे है। अब चुनाव के बाद के जुलूस और जश्न पर प्रतिबंध लगा रहा है।

**- हेमा, जमशेदपुर**

### लापरवाही की हद

**अचानक** कोरोना के मरीजों की बढ़ी संख्या चिन्ताजनक है। लोग अभी भी कोरोना को गम्भीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसके परिणाम सामने हैं। अस्पतालों में कोरोना मरीजों को ऑक्सीजन और बेड तक नहीं मिल पा रहे हैं, इससे यह पता चलता है कि यह संकेत कितना विकट है। व वहीं चुनावी रैलियों में सोशल डिस्टेंसिंग तो शून्य रही। इस लापरवाही की बड़ी कीमत चुका रहें हैं हम। **- महेश, रांची**

# वित्त सलाहकार बन सच करें भविष्य के सपने

## करियर

**बालकिशन यादव**

**वित्तीय** मामलों में ज्यादातर आंकड़ों का खेल होता है। इसलिए एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर बनने के लिए जरूरी है कि आपको फाइनेंस की भाषा की अच्छी समझ हो। एक अच्छा फाइनेंशियल एडवाइजर वह होता है जो अपने ग्राहकों को अच्छी सर्विस, वित्तीय राय और सही गाइड कर सके। ये कई तरह की सर्विस देते हैं, जिनमें शामिल हैं- इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट, इनकम टैक्स प्रीप्रेशन और इस्टेट प्लानिंग। फाइनेंशियल एडवाइजर को फाइनेंशियल प्लानर भी कहा जाता है। फाइनेंस के सेक्टर में हो रहे विकास के कारण आज इस क्षेत्र में करिअर की काफी बेहतर संभावनाएं बनी हैं, ऐसा कहना है टीकेडब्ल्यूएस इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस के डायरेक्टर अमित गोयल का।

**फाइनेंशियल एडवाइजर का काम**

अपने ग्राहकों की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए उपयोगी सलाह देने का काम फाइनेंशियल एडवाइजर करते हैं। इनका काम अपने ग्राहकों को निवेश, बीमा, बचत योजनाओं, कर्ज आदि के बारे में सही सलाह देना होता है। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होता है कि ग्राहकों को ज्यादा से ज्यादा मुनाफा और कम से कम नुकसान हो।

**योग्यता** फाइनेंस सेक्टर में करिअर बनाने के लिए आप कैट एग्जाम के जरिए भारत के किसी भी अच्छे कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इस सेक्टर में उच्च शिक्षा के लिए किसी भी स्ट्रीम में बैचलर डिग्री का होना जरूरी है। वैसे, पहले केवल कॉमर्स के छात्र ही इस क्षेत्र में भविष्य बनाते थे, लेकिन इसके बढ़ते क्षेत्र को देखते हुए बीएससी (मैथ-बायो), बीए, बीबीए और बीई के छात्र भी एडमिशन ले सकते हैं। इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए आप चाहें तो एमबीए इन फाइनेंस, एमएस इन फाइनेंस, मास्टर डिग्री इन फाइनेंशियल इंजीनियरिंग, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, एडवांस डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस, मास्टर्स इन कमोडिटी एक्सचेंज आदि जैसे कोर्स कर सकते हैं।

फाइनेंशियल एडवाइजर किसी कंपनी में अकाउंटेंट, ऑडिटर, इकोनॉमिस्ट, इंश्योरेंस सेल्स एजेंट, इंश्योरेंस अंडरराइटर, लोन ऑफिसर, पर्सनल फाइनेंशियल एडवाइजर, टैक्स इंस्पेक्टर, रेवेन्यु एजेंट आदि के तौर पर काम कर सकते हैं। फाइनेंस में ग्रेजुएशन करने के बाद आप किसी बिजनेस अखबार, पत्रिका आदि में संवाददाता और वित्तीय विश्लेषक के रूप में भी काम कर सकते हैं। बैंक, इंश्योरेंस और ट्रेडिंग कंपनियां अपने वित्तीय उत्पादों मसलन-कर्ज, इंश्योरेंस, शेयर, ब्रांड्स और म्यूचुअल फंड को बेचने के लिए फाइनेंशियल एडवाइजर्स को नियुक्त करती है। विदेशों में भी फाइनेंशियल एडवाइजर्स की मांग काफी ज्यादा है। प्रोफेशनल चाहें, तो इंटरनेशनल फाइनेंसिंग कंपनी, लैंडिंग एंड बॉरोइंग, मल्टी करेंसी ट्रेडिंग आदि फाइनेंशियल कंपनियों में नौकरी की तलाश कर सकते हैं।

**सैलरी वॉच**

फाइनेंशियल एडवाइजर के तौर पर करिअर की शुरूआत करने पर ज्यादातर कंपनियां सैलरी के साथ-साथ कमीशन भी देती हैं। वैसे, शुरूआती दौर में सैलरी 20 हजार से 30 हजार रुपये प्रति माह हो सकती है। अनुभवी प्रोफेशनल्स की सैलरी 1 लाख से 2 लाख रुपये प्रति माह तक हो सकती है।

**प्रमुख संस्थान**

डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल स्टडीज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नयी दिल्ली।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 9570848433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### 116 बोतल प्रतिबंधित कफ शिरप के साथ दो युवक गिरफ्तार, गये जेल



**गुमला।** गुमला पुलिस ने प्रतिबंधित कप शिरप के साथ दो युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार युवकों में रजा कॉलोनी के मो आसिफ आलम व मो मुनतजीर आलम के नाम शामिल है। सोमवार को गुमला थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि रविवार की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि रजा कॉलोनी गुमला में दो युवक नशीला दवा बेच रहे हैं। जिसके बाद वरीय पदाधिकारियों ने छापामारी की। छापामारी में मो आसिफ आलम व मो मुनतजीर आलम को 116 बोतल प्रतिबंधित कप शिरप ओनरेक्स के साथ गिरफ्तार किया गया।

### मानव तस्करी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



**गुमला।** मानव तस्करी के एक अभियुक्त को आहतु थाना ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अहतु थाना में भरनो थाना क्षेत्र के खतरंगा निवासी भनसरिया उरांव पति डुलु उरांव ने लिखित आवेदन देकर दो लड़कियां को हरियाणा ले जाने की शिकायत की गयी थी। जिसमें से एक नाबालिग तथा एक बालिग है। जिसे उसी के गांव की बिरसमुनी उरांव तथा लापुंग के बुधराम उरांव हरियाणा ले जा रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### सांसद सुदर्शन भगत ने शोकाकुल परिवार से की मुलाकात, बंधाया ढाढ़स



**लोहरदगा।** पावरगंज के पत्रकार राजेश गुप्ता की मां सुशीला देवी (87) का 12 जुलाई को निधन हो गया था। लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत उनके आवास जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। सांसद ने कहा कि इस दुख की घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ है। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महा मंत्री राजकुमार वर्मा, जिला मंत्री जगनंदन पौराणिक भी थे।

### शव को सड़क पर छोड़ चली गयी बस

**कुडू /लोहरदगा।** सुबह रांची से लोहरदगा चलने वाली बसंत बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने इंसानियत को कलंकित कर दिया है। बस सवार एक यात्री की अचानक मौत के बाद उसे सड़क पर छोड़ आगे के लिए निकल गयी। उस व्यक्ति को मांडर टोल प्लाजा के समीप सड़क पर फेंक दिया गया। पुलिस के सूचना के बाद बस को कूडु पुलिस ने जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पायी है।

### कम ब्याज पर ऋण देगी बैंक : राजेश

**चैनपुर।** पंचायत भवन में सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया ने एसएचजी महिला मंडल के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें बैंक के रांची जोनल ऑफिस से राजेश कुमार शामिल हुए। उन्होंने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया किसान माह मना रहा है। जिसमें एसएचजी महिला मंडल ग्रुप को बैंक कम ब्याज पर 6 लाख तक ऋण उपलब्ध कराता है। उससे महिला मंडल की महिलाएं मत्स्य पालन, कृषि संबंधित उपकरण, डेहरी फॉर्म सहित कई योजनाएं का लाभ ले सकते हैं। मौके पर गुमला एलडीएम कौशिक अहमद, चैनपुर शाखा प्रबंधक रजनीश श्रीवास्तव, अविनाश कच्छप, संदीप कुमार, डुमरी, जारी के जेएसएलपीएस की कल्पना खलखो सहित डुमरी एवं जारी के बैंक ब्रांच मैनेजर, बैंक सखी उपस्थित थी।

### गुमला को टीबीमुक्त बनाने के लिए तीन माह तक पायलट प्रोजेक्ट पर होगा काम



**गुमला।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में लगतार हो रहे प्रयास के बीच सोमवार को सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप ने टीबी रोगियों की पहचान करने को लेकर जेएसएलपीएस व पिरामल स्वास्थ्य के साथ बैठक की। बैठक में पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले में टीबी रोगियों की पहचान के लिए रणनीति बनायी गई। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक विनय गुप्ता ने कहा कि जुलाई से सितंबर तक मौसम बदलने की संभावना रहती है। जिले के 159 पंचायतों में ग्यारह हजार एक सौ सतासी एसएचजी ग्रुप बनाये गये हैं। जिसमें करीब 423 हजार महिलाएं कार्यरत है। जिनकी सहायता से जिले को टीबी मुक्त करने का संकल्प लिया गया। बैठक में पिरामल संस्था के राज्यस्तरीय टीम के जूही कुमारी, राज्य टीबी प्रशिक्षण पदाधिकारी एवं स्टेट मोनिटर रोहित शर्मा, बैठक में सोनी देवी, अंशु निधि, शैलेंद्र कुमार सिन्हा, सुधांशु भूषण मिश्रा भी थे।

### भंडरा : सोमवारी-हरियाली अमावस्या के दोहरे संयोग पर उमड़ पड़े शिवभक्त



**भंडरा।** पवित्र सावन महीने की दूसरी सोमवारी पर हरियाली अमावस्या के संयोग से इस सोमवारी का विशेष महत्व बताया गया। मौके पर शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रसिद्ध अखिलेश्वर धाम के शिव मंदिर में भोलेनाथ के भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुजारी भजन पंडित ने बताया कि सुबह भगवान शिव का अभिषेक कर पूजा अर्चना के साथ शुरुआत की गयी। भंडरा, भौरों, कुम्हरिया, आकाशी, सेमरा, चट्टी, भीठा, लोहरदगा, मसमानो आदि के सैकड़ों भक्तों ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर मनोकामना पूर्ण की प्रार्थना की गयी।

### मुरली बगीचा तालाब में हुई गंगा आरती

**गुमला।** जल संरक्षण के संकल्प को लेकर सोमवार को गुमला शहर में गंगा आरती की तर्ज पर सामूहिक दिव्य आरती की गयी। स्थानीय लोगों की जनसहभागिता से शहर के मुरली बगीचा तालाब में गंगा आरती की गयी। नगर परिषद के प्रशासक संजय कुमार ने कहा कि इसके पीछे मूल मकसद नदी, तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण प्रदान करना है ताकि भविष्य में जल की समस्या का समाधान हो सके।

### पति से विवाद पर खाया कीटनाशक, गंभीर

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़काडीह निवासी गंगा उरांव की 58 वर्षीय पत्नी सुशांति देवी ने पति से हुए विवाद के बाद घर में रखे कोबरा नामक कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी तबीयत गंभीर हो गई। आनन-फानन में सदर अस्पताल गुमला में उसे भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में महिला का इलाज जारी है।

# नवनिर्मित बहुद्देशीय भवन का उद्घाटन करने पहुंचे कुलपति का छात्रों ने किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

- छात्र बोले- अनियमितता दूर किये बिना नहीं होगा भवन का उद्घाटन
- कुलपति के आश्वासन पर मान गये छात्र
- कॉलेज में इंटर की पढ़ाई आरंभ करने की आक्रोशित छात्रों ने की मांग
- कॉलेज निरीक्षण के क्रम में लाइब्रेरी में गंदगी देख भड़के कुलपति
- बीएड कॉलेज में नये भवन बनाने के लिए कुलपति ने मांगा प्रस्ताव







बहुद्देशीय भवन के समक्ष धरना पर बैठे छात्र और कुलपति का घेराव कर वार्ता करते विद्यार्थी।

**गुमला।** केओ कॉलेज में नव निर्मित बहुद्देशीय भवन का सोमवार को उदघाटन करने पहुंचे रांची विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ अजित सिन्हा, रजिस्ट्रार डॉ एमसी मेहता व सीसीडीसी पीके झा का छात्रों ने घेराव कर घंटो कार्यक्रम स्थल में जाने से रोक दिया। छात्रों का नेतृत्व कार्तिक उरांव कॉलेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष कुणाल शर्मा कर रहे थे।

इस दौरान छात्रों की पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के बीच गहमागहमी भी हुई । छात्रों ने कुलपति पर आरोप लगाते हुए कहा की नई बिल्डिंग में अनियमितता के बावजूद वे उदघाटन करने पहुंचे है। छात्रों ने कहा कि पहले नव निर्मित भवन की अनियमितता की जांच हो फिर उसका उद्घाटन किया जाये। जिसके बाद कुलपित ने अश्वासन दिया कि एक महीना के अंदर भवन के कमियाओं को दूर किया जाएगा। कुलपति के अश्वासन पर छात्र उदघाटन के लिए राजी हुए। छात्रों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमेशा से कार्तिक उरांव महाविद्यालय गुमला की उपेक्षा की गयी है। छात्रों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा गया है।

कॉलेज में छात्रों को न ही पेयजल उपलब्ध है और नही शौचालय। गणित विभाग में पिछले दो वर्षों से कोई भी शिक्षक कार्यरत नहीं लेकिन भी कॉलेज प्रशासन और युनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा अनदेखी की गयी। जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने कुलपति से इंटर की पढ़ाई को जारी रखने पर जोर देते हुए कहा कि गुमला ग्रामीण क्षेत्र का कॉलेज है। जहां 80% गरीब और आदिवासी छात्र पढ़ते हैं। जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है।

जिला मुख्यालय का एक मात्र कॉलेज है जहां छात्र आशा लगा कर बैठे हैं की कब सूचना निकले की वे अपना नामांकन करा सके। इधर कुलपति और अन्य पदाधिकारियों ने कॉलेज के लाइब्रेरी में गाय बैल के गोबर और गंदगी देख कॉलेज प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई और उन्हें फटकार लगाते हुए कहा कि लाइब्रेरी की नियमित साफ सफाई और छात्रों को बैठने की सुविधा उपलब्ध जल्द से जल्द उपलब्ध कराये। यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों ने बीएड संकाय परिसर का मुआयना किया और नए भवन बनाने की लिए लिखित में प्रस्ताव मांगा। कुणाल शर्मा ने बताया की कुलपति ने सभी मांगों पर कार्य करने के लिए एक माह का समय मांगा है।

**ये भी थे उपस्थित :** मौके पर सुशील तिर्की, जीवन साहु, कमलेश साहू सिकेंद्र साहु जागृति कुमारी खुशी कुमारी रुचिका गुप्ता पवन साहु सुमंत कुमार परीक्षित भगत राजेश मिंज अमर कुमार सिंह डबलू भगत दीपक साहू शुभम कुमार गॉडविन उत्तम लाल सुबोध उरांव सहित सैकड़ों छात्र-छात्रा मौजूद थे।

# नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के तीन अभियुक्त भेजे गये जेल

- दुष्कर्म का मुख्य अभियुक्त बिपिन कुमार सिंह नाबालिग को रखना चाहता था अपने साथ
- इंकार करने पर दोस्तों के साथ दिया घटना को अंजाम

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार दुष्कर्म के अभियुक्तों के साथ थाना प्रभारी।

**रायडीह।** नाबालिग के साथ सामुहिक दुष्कर्म के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को सुरसांग पुलिस ने जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुरसांग थाना क्षेत्र के नचल गांव निवासी बिपिन कुमार सिंह, सन्याकोना निवासी विकास मुंडा व सुरसांग थाना क्षेत्र के रमेश मुंडा के नाम शामिल है। इस संबंध में सुरसांग थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने बताया कि 12 जुलाई को नाबालिक के साथ दुष्कर्म की जानकारी मिली थी। घटना के सत्यापन में मामला सही पाया गया। जिसके बाद कांड के उदभेदन को लेकर एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। कांड के अनुसंधान व सूचानाओं के आधार पर एक संदिग्ध अभियुक्त बिपिन कुमार सिंह का पता चला। पुलिस ने तत्काल उसे गिरफ्तार किया। बताया कि पीड़िता की मौसी से उसका पुराना परिचय था। जिसके कारण पीड़िता को वह जानता था। वह पीड़िता को जबरन दबाव देकर अपने पास रखना चाहता था। जिसपर पीड़िता के इंकार करने पर वह अपने दोस्तों के साथ चेहरे पर रूमाल बांधकर पीड़िता के घर पहुंचकर उसे डराता था। 12 जुलाई को पीड़िता को अकेले घर पर देखकर बिपिन व उसके दोस्तों ने उसे जबरन दुष्कर्म किया था।

**खास बातें :** छापामारी दल में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी, इंस्पेक्टर बैजु उरांव, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान, पुअनि सुखराम व सअनि गफ्फार अंसारी व सैट 10 के जवान शामिल थे।

## सावन की दूसरी सोमवारी पर शिवभक्तों में उत्साह

# औघड़दानी भगवान भोलेनाथ करते हैं सबका कल्याण : मधुलिका रानी

खबर मंत्र संवाददाता



**कैरो /लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में श्रावण मास के दुसरी सोमवारी पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों मे शिव जलाभिषेक को लेकर शिवभक्तों में उत्साह दिखाई दी। प्रखंड क्षेत्र के हनहट, सढाबे, कैरो, गजनी, नरौली व गुड़ी पंचायत के विभिन्न गांव के शिवालयों में शिवभक्त श्रद्धालुओं का जलाभिषेक को लेकर अहले सुबह से भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर मध्यप्रदेश के उज्जैन से महाकालेश्वर मंदिर की पूजा-अर्चना कर लौटे कैरो शिव मंदिर में शिव जलाभिषेक के उपरांत प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी व प्रखंड 20 सुत्री सदस्य शरत कुमार विद्यार्थी ने पत्रकारों से कहा कि भगवान शिव की महिमा अपरंपार है। भगवान महाकालेश्वर समस्त प्रखंडवासियों के सभी जाति धर्म समुदाय के जीवन में सुख, समृद्धि, वैभव लायें। उप-प्रमुख मधुलिका रानी ने कहा कि मध्यप्रदेश के धार्मिक राजधानी उज्जैन शहर के रूद्रसागर झील के किनारे अवस्थित महाकालेश्वर मंदिर भगवान भोलेनाथ के 12 ज्योतिर्लिंगों में एक सबसे महत्वपूर्ण ज्योतिर्लिंग है। यह तीर्थ भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। कहा जाता है कि जैसे आकाश में तारकलिंग, पाताल में हाटकेश्वर लिंग वैसे ही धरती पर महाकालेश्वर से बढ़कर कोई ज्योतिर्लिंग नहीं। उन्होंने कहा कि महाकालेश्वर की पूजा से आयु बढ़ती है। साथ ही सारे संकट दूर हो जाते हैं एवं अकाल मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। महाकालेश्वर के जलाभिषेक का पश्चात यहां भस्म आरती सुप्रसिद्ध है। शिव के उक्त ज्योतिर्लिंग के पूजन से जीवन में सुख, शांति, समृद्धि, वैभव की प्राप्ति होती है।

## कमल किशोर भगत के सपनों को मिलकर करेंगे पूरा : नीरू शांति



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडू।** प्रखंड के उडूमुडू में आजसू पार्टी द्वारा आयोजित जन पंचायत कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा की प्रभारी निरू शांति भगत ने कहा कि कमल किशोर भगतजी ने लोहरदगा क्षेत्र के संपूर्ण विकास के लिए बहुत ऊंचे सपने देखे थे। उन सपनों को हम सभी मिलकर पूरा करने का काम करेंगे। निरू शांति भगत ने कहा कि कांग्रेस राजद के समर्थन में बनी हेमंत सरकार जनता के साथ छल प्रपंच करके सत्ता में आई है और जब से आई है संपूर्ण झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है।

## घाघरा: नाबार्ड के झारखंड हेड सीजीएम ने जानी पुस्तकालय की हकीकत

खबर मन्त्र संवाददाता



**घाघरा।** नाबार्ड के झारखंड हेड सीजीएम एसके जहागीरदार ने घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर में बने पुस्तकालय का सोमवार को निरीक्षण किया। इस क्रम में एसके जहागीरदार ने पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं से पढ़ाई से संबंधित कई बातों की जानकारी ली। साथ ही पुस्तक से संबंधित कमी को पूछा। जिस पर छात्राओं ने कहा एनसीआरटी के 6 से 12 तक का किताब भी मुहैया कराया जाए ताकि लोगों को काफी लाभ मिल सके। जिस पर उन्होंने हामी भरते हुए कहा कि जल्द ही उक्त किताब के साथ-साथ अन्य कई तरह की किताबों को दिया जायेगा ताकि बच्चे पढ़कर उसका लाभ उठा सके और एक बेहतर मुकाम तक पहुंच कर खुद को सफल बना सके। इसके साथ ही बीडीओ विष्णु देव कच्छप से जानकारी लेते हुए पुस्तकालय से संबंधित कई बातों को पूछा और हर संभव मदद करने की बात भी कही।

### प्रेरणा शाखा गुमला ने किया 15 यूनिट रक्तदान

**गुमला।** मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला ने अपने आठ दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन सोमवार को सदर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाया। शिविर की कन्वेनर आंचल अग्रवाल थी। शिविर में 15 लोगों ने रक्तदान दिया। शिविर में अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सचिव कांता साबू , सदस्य मनीषा अग्रवाल, रचना अग्रवाल, अंबिका अग्रवाल, रीता महेश्वरी, श्वेता मंत्री, बीना अग्रवाल, अंचल अग्रवाल थे।

### बाबूलाल मरांडी से मिले जिला भाजपा पदाधिकारी



**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड भाजपा अध्यक्ष बनाये जाने पर जिला भाजपा के पदाधिकारी उनसे मिले और बधाई दी। साथ ही लोहरदगा आने का न्योता भी दिया। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, महामंत्री राजकुमार वर्मा, मंत्री अनिल उरांव ने पुष्प एवं माला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी। जिसपर बाबूलाल मरांडी ने आश्वासन दिया कि जल्द संगठन कार्य के लिए लोहरदगा आयेंगे।

### जारी : युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**जारी।** थाना क्षेत्र के मेराल पंचायत के बंझर के करमटांड़ के समीप आम के पेड़ में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बंझर के मदन साय (40) पिता स्व भिखनु साय के रूप में हुई है। मृतक की कुछ दिनों से मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वह सोमवार की सुबह चार बजे बिना किसी को बताये घर से निकल था। जब सुबह लोग खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि आम के पेड़ में मदन रस्सी के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली है।

### लोहरदगा में जिला भाजपा ने की टिफिन बैठक



**लोहरदगा।** जिला भाजपा ने वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ अग्रसेन भवन लोहरदगा में भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में टिफिन बैठक हुई। टिफिन बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ अपने-अपने घरों से सभी टिफिन में लेकर आये और पिछले महा जनसंपर्क अभियान के तहत हुए कार्यक्रमों की चर्चा की एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें 2024 तक जनसंपर्क अभियान निरंतर चलाते रहना है। भाजपा कार्यकर्ता हमेशा प्रत्येक घर तक अपना संपर्क अभियान चलाते रहते हैं उसी तरह से स्थानीय मुद्दों को लेकर हमें जनसंपर्क अभियान चलाते हुए आंदोलन करना है।

## महिला हिंसा मामले सुलझााने को भंडरा में खुला गरिमा केंद्र

- यह महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित कार्य करेगी

खबर मंत्र संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के आकाशी रोड स्थित विवाह मंडप मे जेएसएलपीएस द्वारा संचालित गरिमा केंद्र का उद्घाटन सोमवार को किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिप सदस्य राजमणि उरांव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत, सीओ दिनेश प्रसाद, बीपीएम विजय प्रसाद, बीपीओ, जेएसएलपीएस, गरिमा समिति के सभी सदस्य सहित सीएलएफ की दीदियों की उपस्थिति में फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया गया। बीपीएम विजय प्रसाद ने बताया कि गरिमा परियोजना महिला उत्पीड़न, हिंसा से संबंधित किसी भी शिकायत का निवारण करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होने वाला है। इसके लिए ग्राम स्तर पर ग्राम सुरक्षा समिति को क्रियाशील कर दिया गया है।

### चैनपुर में बाइक के धक्के से एक घायल

**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के मेन रोड स्थित निशा कलेक्शन के समीप बाइक के धक्के से साइकिल सवार युवक हुटार गांव निवासी कृष्णा गोसाईं पिता स्वर्गीय मोहन गोसाईं (30) वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिससे उसके सर एवं पैर में चोट लगी है। जिसे चैनपुर पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा गोसाईं अपने दोस्त के साथ उसका बाइक बनवाने चैनपुर आया हुआ था। जिसके बाद वह अपने अपने साइकिल से कुछ समान खरीदने जा रहे थे।

## मानव तस्करी के आरोपी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

खबर मन्त्र संवाददाता

- पुलिस ने कही 11 तक आत्मसमर्पण करने की बात



**गुमला।** अहतु थाना कांड संख्या-10/2019 के प्राथमिक अभियुक्त बसिया थाना क्षेत्र के ससिया पाहनटोली निवासी आरती एक्का पिता स्व. बिरसा एक्का के घर आहतु थाना पुलिस ने इश्तेहार चिपकाकर आत्मसर्पण की बात कह है।

पुलिस अभियुक्त के घर ससिया पाहन टोली जाकर मांदर बजाकर लोगो को ईकट्ठा कर 11 जुलाई को आत्मसर्पण करने की कही है। उक्त अभियुक्त का दूसरा घर रांची स्थित पंडरा थाना क्षेत्र में भी इश्तेहार चिपकाया गया है।

इस संबंध में गुमला थाना क्षेत्र के फसिया ढोढरी टोली निवासी एग्नासियुस एक्का पिता स्व. रफीक एक्का के आवेदन के आधार पर गुलाब साहु पिता सोहर साहु घुनसेरा बसिया निवासी व आरती एक्का तथा बाबुराज गुप्ता दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

# दूसरी सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- रिमझिम बारिश में भी भक्तों के उत्साह में नहीं आयी कमी
- कतारबद्ध हो शिवलिंग पर किया जलाभिषेक
- टांगीनाथ धाम व देवाकी बाबा धाम में पूजा अर्चना के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

खबर मन्त्र संवादाता





शक्ति संघ मंदिर और टांगीनाथ धाम में पूजा अर्चना के लिए लगी श्रद्धालुओं की भीड़।

**गुमला।** सावन माह के दूसरी सोमवारी पर जिले के शिवालयों में आस्था का सैलाब उमड़ा। श्रद्धालु पैदल यात्रा करते हुए पवित्र सरोवरों से जल उठाकर विभिन्न स्थानों पर शिवलिंग में जलाभिषेक के लिए पहुंचे थे। शिवालयों में जलाभिषेक के लिए दिन भर भक्तों का तांता लगा रहा। बारिश होने के बाद भी भक्तों के उत्साह में कमी नहीं हुई। कतार बद्ध तरीके से मंदिरों में भक्तों ने जलाभिषेक किया और स्वयंभू भगवान भोलेनाथ को नारियल, बेलपत्र, भांग, ईलाईचीदाना व अन्य प्रसाद चढ़ाकर भोग लगाया। जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में अहले सुबह से ही जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। दूसरी सोतवारी पर टांगीनाथ धाम में छतीसगढ़ राज्य सहित झारखंड के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे थे। वहीं दूसरी ओर घाघरा प्रखंड का देवाकी बाबा धाम में भी अहले सुबह से पूजा अर्चना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर स्थित नदी में हजारों भक्तों ने पवित्र डूबकी लगाकर वहां से जल उठाकर शिवलिंग में जलाभिषेक किया।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन

# हर परिस्थितियों से निपटने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता





संबोधित करते सांसद सुदर्शन भगत।

**लोहरदगा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के बैनर तले रविवार को शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर सभागार में जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। युवा कार्यक्रम में अमृत काल के पांच प्रण थे। युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक प्रतियोगिता सामूहिक नृत्य, मौसम प्रतियोगिता युवा लेखन प्रतियोगिता कविता एवं युवा कलाकार प्रतियोगिता पेंटिंग करायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अब्दुल फारुख खान, विद्या मंदिर के प्राचार्य विपिन दास, विष्णुदत्त पांडेय, श्याम सुंदर कुमार, राजीव सिंह, अनिता देवी, नीलिमा सिंह, सुरेश्वर कुजूर, नेहरू युवा केंद्र सलेक्शन बोर्ड के सदस्य पशुपतिनाथ पारस, बिनोद उरांव सहित प्रतिभागी बच्चे बच्चियां उपस्थित थी। सांसद ने कहा कि भारती कि केंद्र सरकार छोटी-छोटी बिंदुओं को लेकर अंतिम व्यक्ति की भावना को समझते हुए कार्यक्रम का प्रारूप तय कर रही है। आज युवा उत्सव में जिस प्रकार से आजादी के 75 वर्ष के बाद आगामी 25 वर्षों में हमारी भविष्य कैसी हो हमारी मानसिकता कार्यशैली एवं परिस्थितियों से निपटने की ताकत को लेकर कैसे संकल्पित हूं उसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

## स्पीड न्यूज

### जंगली हाथियों ने गांव में दिया दस्तक, फसल को रौंदा

**सिमरिया।** प्रखंड के टूटीलाव गांव में जंगली हाथियों ने दस्तक दिया है और गांव में कई लोगों के फसल को बर्बाद कर दिया है। जिसे लेकर भुक्तभोगी गयानाथ पाण्डेय ने कहा की रविवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे केंदुवा गांव की ओर से दो जंगली हाथी आए और मेरे खेत में लगे 5 कट्ठा मक्का की फसल 10 आम का पेड़ 5 अनार का पेड़ 2 अमरूद और दो केले के पेड़ को छतिग्रस्त कर दिया।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं के खिलाफ उपायुक्त को आवेदन

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत भोंडो एवं आरागारो पंचायत में सरकार के द्वारा चलाये जा रहे महत्वपूर्ण सावित्रीबाई फूले योजना के लाभ दिलाने के एवज में आँगनबाड़ी सेविका गीता देवी एवं सुनीता देवी द्वारा सरकार द्वारा एक हजार एवं पाँच हजार रुपया बालिकाओं से मांग की जा रही है।

### बचपन प्ले स्कूल में मना वर्ल्ड इमोजी-डे

**कोडरमा।** गुमो स्थित बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा पीजी एवं यूकेजी के बच्चों के बीच वर्ल्ड इमोजी-डे मनाया गया। वहीं स्कूल परिसर को तरह-तरह की हंसने वाली, रोने वाला, गुस्सा, डरी हुई इमोजी से सजाया गया। वहीं बच्चों को बताया गया की वर्ल्ड इमोजी-डे 17 जुलाई को मनाया जाता है। वहीं प्राचार्या नीरजा ने कहा की इमोजी भी एक प्रकार की भाषा है, जिससे हम अपनी मन की बात अपनी फीलिंग को सामने वाले को बता सकते हैं।

### मोटरसाइकिल की टक्कर में दो गंभीर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लरियाडीह के समीप सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे दो मोटरसाइकिल की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल व दो लोगों को मामूली रूप से चोंटे आई। मिली जानकारी के अनुसार कोलगरमा निवासी 26 वर्षीय कलीम अंसारी पिता सलीम अंसारी, 55 वर्षीय सरीफ अंसारी पिता रफी मियां व 13 वर्षीय बनवा खातून पिता सरीफ अंसारी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोडरमा कस्तूरबा विद्यालय से नामांकन करवाकर वापस अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रहे सतडीहा निवासी 19 वर्षीय प्रियंका कुमारी पति पंकज यादव व 21 वर्षीय रंजन यादव पिता महेश यादव के मोटरसाइकिल से सीधी टक्कर हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा उक्त घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल बनवा खातून व शरीफ अंसारी को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दो अन्य घायलों को इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

### संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** जीएस. पब्लिक स्कूल परिसर में सोमवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने भाग लिया। जिसमें विद्यालय के चार छात्र-छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त कर गोल्ड मैडल हासिल करते हुए विद्यालय व माता-पिता का नाम रौशन किया।

### स्व. श्रीकांत यादव की चौथी पुण्यतिथि मनी

**जयनगर (कोडरमा)।** कोडरमा जिले के बेहद लोकप्रिय रहे जिलाध्यक्ष श्रीकांत यादव की चौथी पुण्यतिथि उनके डुमरी स्थित पैतृक आवास पर मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। मौके पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि श्रीकांत हर दिल अजीज नेता थे, खासकर युवा वर्ग में काफी लोकप्रिय थे। उनके नहीं रहने से युवा वर्ग को भारी क्षति हुई है। वही जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि श्रीकांत को कभी भुलाया नहीं जा सकता, वह आज भी हम लोगों के दिलों में जिंदा है। जबकि उनकी पत्नी उपाध्यक्ष निर्मला देवी ने कहा कि उनके अधूरे सपनों को हर हाल में पूरा करना है, यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# सावन की दूसरी सोमवारी पर सभी शिवालयों में भक्तों की उमड़ी भीड़

### इस वर्ष श्रावण मास दो माह होने के कारण भक्तों में अलग ही उत्साह

**कांडी।** पवित्र श्रावण मास की दूसरी सोमवार के अवसर पर प्रखण्ड क्षेत्र के सभी शिवालयों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। विदित हो कि इस वर्ष के श्रावण मास की बहुत हीं खास महत्व है इस वर्ष श्रावण मास दो माह के होने के कारण भक्तों में अलग ही उत्साह है।



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी (चतरा)।** सावन की दूसरी सोमवारी पर मां भद्रकाली मंदिर परिसर में अवस्थित सहस्त्र शिवलिंग महादेव के जलाभिषेक को भारी भीड़ उमडी। इस पावन मौके पर हजारों भक्तों ने बाबा का जलाभिषेक किया। सारे दिन महादेव का दरबार हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान होता रहा। सावन मास में दूसरी सोमवारी के महत्व को देखते हुए अहले सुबह चार बजे सहस्त्र शिवलिंग महादेव की सर्वप्रथम श्रृंगार पूजा हुई। 1008 शिवलिंग को अपने आप में समाहित कर रखने वाले सहस्त्र शिवलिंग महादेव का बेलपत्र, धथूरा व फूलों से श्रृंगार किया गया था। तत्पश्चात कपूर से कर्पूर गौरम की महा आरती उतारी गई।

### बोल बम के नारों से आसमान गुंजायमान

**मझिआंव।** श्रावण मास की दूसरी सोमवारी पर भी मझिआंव एवं बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के प्रायः सभी शिवालयों में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। बोल बम के नारों से आसमान गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने स्थानीय नदी से जल उठाकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया।

# हत्या के 6 दोषियों को आजीवन कारावास

## 50 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया, जुर्माना नहीं देने पर दो वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नाटकीय तरीके से एक व्यक्ति फैयाज अंसारी का अपहरण कर अररिया ले जाकर हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से लाश को जंगल में फेंके जाने के एक मामले की सुनवाई के पश्चात् अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने सोमवार को 6 आरोपियों आनंद पासवान, अब्दुल हबीब मियां, मकसूद आलम, शिवनंदन कुमार, नेहरू पासवान, मो.इम्तियाज को 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 50 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर दो वर्ष अतिरिक्तसश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं न्यायालय ने 201 आईपीसी में साक्ष्य छुपाने का दोषी पाते हुए तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 10 हजार रूपये जुर्माना लगाया। वहीं 364 में आजीवन कारावास एवं 25000 जुर्माना लगाया, साथ ही 27(7-1) आर्म्स एक्ट में 7 वर्ष की सजा एवं 20 हजार रूपये जुर्माना भी लगाया है, सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। मामला वर्ष 14 मार्च 2013 का है। इसे लेकर तिलैया थाना कांड संख्या 65/2013 एवं सत्र वाद संख्या 107/2013 दर्ज की गयी थी।

**क्या है मामला :** घटना का सूचक मृतक का भाई मो. अजहर पिता मो. इदरीश झलपो तिलैया निवासी ने तिलैया थाना पुलिस को दिए बयान में उसका भाई उसे तिलैया सामंतों पेट्रोल पंप पर छोड़ने के लिए कहा था, क्योंकि उसे पासपोर्ट बनाने के लिए रांची जाना था, उसके द्वारा सुबह 7 बजे सामंतों पेट्रोल पंप के नजदीक छोड़ दिया। उसके भाई द्वारा कहा गया कि जिसका पासपोर्ट बनाना है, वह बोलेरो लेकर आ रहा है। उसके साथ वह रांची जाएगा और शाम तक लौट आएगा। संध्या करीब 8:30 बजे जब वह अपने भाई के नंबर पर फोन किया तो उसका फोन कोई दूसरा व्यक्ति उठाया और कहा कि वह बाथरूम में है, थोड़ी देर बाद कॉल करना। थोड़ी देर के बाद जब कॉल किया तो उसका भाई का मोबाइल स्विच ऑफ आने लगा।



दो-तीन दिनों तक खोजबीन करने के उपरांत उसके द्वारा तिलैया थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने उक्त मामले में बेहतरीन कार्य करते हुए अपहत व्यक्ति का मोबाइल ट्रेसिंग पर डालने के बाद एक एक कड़ी को जोड़ते हुए मामले के तहतक पहुंची और उक्त कांड में शामिल सभी 6 अभियुक्तों तक पहुंची और उन्हें पूरे सबूत के साथ पकड़ा। उक्त मामले के उद्भेदन में कोडरमा एवं अररिया पुलिस की अहम भूमिका रही।

अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने करते हुए अभियुक्तों को अधिक से अधिक सजा देने की मांग न्यायालय से की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन, दीपक साहू एवं तरुण लाल ने दलीलें पेश की और न्यायालय से कम से कम सजा देने का गुहार लगाया। इस दौरान सभी 22 गवाहों का परीक्षण कराया गया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने एवं अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया।

## भोगता समाज विकास संघ ने चतरा लोकसभा चुनाव लड़ने का लिया निर्णय

# लोकसभा के चुनाव में इस बार निर्णायक भूमिका निभाएगा भोगता समाज : जगदीश



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** खरवार भोगता समाज विकास संघ की चतरा लोकसभा स्तरीय चतरा एवं लातेहार जिला समिति की संयुक्त बैठक सिमरिया डाक बंगला में हुई। जिसकी अध्यक्षता जगदीश सिंह भोगता व कामेश्वर सिंह भोगता तथा संचालन लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेमचन्द्र गंझु एव चतरा जिला सचिव विजय गंझू ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, रामदेव सिंह भोगता, कोषाध्यक्ष कोलेश्वर गंझू, युवा संघ केंद्रीय अध्यक्ष उमेश सिंह भोगता, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता सहित केंद्रीय सदस्य एव जिला पदाधिकारी शामिल हुए। चिंतन शिविर में खरवार भोगता समाज का चतरा लोकसभा राजनीतिक भागीदारी के सवाल पर सभी वक्ताओं ने अपना-अपना विचार रखे और सभी लोगों ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से समाज अपना प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया गया। केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा कि चूंकि 2024 में विधानसभा चुनाव में जनजाति होने के कारण चुनाव में भाग नहीं ले सकते है इसलिए अपना समाज का अस्तित्व एवं राजनीतिक पहचान बना रहे इसलिए लोकसभा चुनाव लडना आवश्यक है। चूंकि 2026 में फिर झारखण्ड के लोकसभा एवं विधानसभा परिसीमन होना है अगर हम अपना नेता नही बना पाये या इसके लिए समाज के द्वारा अपनी भागीदारी के लिए संघर्ष नहीं होगा तो हमारा अस्तित्व नहीं बचेगा। चुनाव लडने पर सभी वक्ताओं ने अपनी सहमति दिया।साथ ही निर्णय लिया गया की लोकसभा के सभी प्रखंड स्तर पर बैठक कर जागरूकता अभियान चला कर समाज के लोगो को अपना अधिकार के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस मौके पर केंद्रीय सदस्य रामधन गंझू,चतरा जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल गंझू, कोषाध्यक्ष रंजीत भोगता, लातेहार जिला उपाध्यक्ष रामधारी गंझू, छोटू सिंह भोगता, विशुनधारी गंझू, मोहन गंझू, सत्यनारायण गंझू, प्रयाग गंझू, उपेंद्र भोगता, छोटू गंझू, मनमोहन गंझू,उमेश गंझू,सुरेश गंझू, मुनेश गंझू, प्रकाश गंझू,बासदेव गंझू, मोहन गंझू, नगीना सिंह भोगता, मनमोहन गंझू,दीपू भोगता, रामबचनदेव गंझू, बहादुर गंझू, नामधारी गंझू, बंधन गंझू,जोगेंद्र गंझू, सुनील गंझू, रितु गंझू, परमेश्वर गंझू, आशीष गंझू, संजय सिंह भोगता, जीतराम गंझू, दिलीप गंझू, राजू गंझू, शिवदयाल गंझू, हेमलाल गंझू, भरत गंझू, बालेश्वर गंझू सहित चतरा एव लातेहार जिला से सभी प्रखंडो से भोगता समाज के लोग मौजूद थे।

# आर्म्स एक्ट के दोषी को पांच वर्ष सश्रम कारावास व जुर्माना



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले के ढाब थाना कांड संख्या 0215, सत्रवाद 150/15 में आरोपी संजय हांसदा पिता स्व. लालू हांसदा, गांव नावाडीह, थाना ढाब निवासी को पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने सेक्शन 25 (1) (ए) आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए अभियुक्त को उक्त सजा सुनाई, साथ ही 10 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं दिए जाने पर आरोपी को 6 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं सेक्शन 26 (2) 35 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए पाच वर्ष सश्रम कारावास व दस हजार जुर्माना लगाया गया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी, सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी।

**क्या है पूरा मामला :** तत्कालीन ढाब थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह को मिली गुप्त सूचना मिली थी कि अभियुक्त संजय हंसदा अपने घर में लूटा हुआ समान एवं लूट में उपयोग किये गये हथियार को छुपा कर रखा है और वह घर में आया हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दल बल के साथ उसके घर पर पहुंचने के बाद पुलिस को देखते ही संजय हांसदा भागने लगा तभी पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ा। पुलिस के सर्च के दौरान उसके पास से देसी कट्टा एवं कुछ कारतूस बरामद किया गया था, जिसे लेकर ढाब थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने मामला दर्ज कराया था। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी मंडल ने किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता उदय शंकर प्रसाद सिन्हा ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया।

# फेयर प्राईस शॉप डीलर एसोसिएशन की बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** फेयर प्राईस शॉप डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा, प्रधान महासचिव संजय कुंडू के आहवाहन पर ध्वजाधारी आश्रम प्रांगण में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल एवं संचालन मनोज यदुवंशी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश एक अगस्त से पूरे झारखंड में जन वितरण प्रणाली की दुकाने, अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। राशन का वितरण और उठाव पूर्णरूपेण बंद रहेगी। इस संदर्भ में प्रदेश सचिव राजेंद्र सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि वासुदेव पांडेय, गणेश स्वर्णकार, प्रखंड के सभी प्रखंड अध्यक्ष डोमन मेहता, सुरेश पांडेय, कौशर खान, मनोज पांडेय, राम लखन यादव, द्वारिका कुमार, विकास कुमार एवं जिले के संघ के प्रमुख लोगों ने इस हड़ताल को लेकर अपने अपने विचार दिए। जिला अध्यक्ष ने कहा हम सरकार का एक अभिन्न अंग हैं। हमलोग उनका साथ देते हैं, लेकिन सरकार हमारे आर्थिक स्थिति पर किसी भी तरह का कोई विचार नहीं कर रही है। जन वितरण प्रणाली के प्रति सरकार के उदासीन रवैया को देखते हुए बहुत ही रोष है।

# गिद्धौर से भारी मात्रा में अवैध शराब सहित उपकरण बरामद, एक युवक गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिद्धौर पुलिस ने अवैध शराब निर्माण को लेकर बारिसाखी पंचायत के मायाडीह टोला में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब निर्माण एवं उसमे उपयोग होने वाली सामग्री बरामद किया गया।

एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि संजय कुमार यादव पिता रोहित यादव, संतोष रविदास पिता सुरेश रविदास, सीताराम भुइंया पिता संतन भुइंया, प्रकाश पासवान पिता चंद्रर पासवान के घरों में छापामारी किया गया जहां से अपमिश्रित विदेशी शराब का उत्पादन किया जा रहा था तथा बड़े ब्रांड के रैपर स्टीकर सेट कर बोतल में भरकर बेचा जा रहा था। छापामारी कर अपमिश्रित विदेशी नकली शराब एवं शराब बनाने में प्रयुक्त सामानों को बरामद किया गया। तथा संजय कुमार यादव पिता रोहित कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। सामान बरामदगी में संजय कुमार यादव के घर से अवैध अंग्रेजी शराब बनाने के लिए ब्लू रंग के एक प्लास्टिक डब्बा में करीब 10 लीटर स्प्रिट, एंपायर ब्लू के रैपर 220, शराब के बोतल में साटने वाला 20 पिस झारखंड सरकार का लोगो लगा हुआ स्टीकर 4 बोरा में आर एस संग्राम क्वालिटी लिखा हुआ 375 एम एल का कुल 320 शराब का खाली बोतल 2 बोरा में बि7 शराब का 214 खाली बोतल 3 बोरा में एमसी डिवेलप 375 एमएल का कुल 289 शराब का खाली बोतल, 3 बोरा में एंपियर ब्लू 375 इमेल का कुल 316 शराब का खाली बोतल, इमपेरल ब्लू का ढक्कन सेट 122 पीस बरामद किया गया है। संतोष रविदास के घर से बक्से में पारदर्शी प्लास्टिक में 360 एंपायर ब्लू की स्टीकर 158 मीटर प्यार ब्लू का ढक्कन से एमसी देवली का ढक्कन सेठ 31 पिस बरामद हुआ।



सीताराम भुइंया के घर से मेकडवल 375 एमएल के तीन पीस बी 7 स्टर्लिंग रिसर्व 375 एमएल आठ पिस अंपायर ब्लू एक पीस पैक किया गया नकली शराब पारदर्शी प्लास्टिक में 171 एंपियर ब्लू के स्टीकर शराब के बोतल में साटने वाला 30पिस झारखंड सरकार का लोगो लगा हुआ स्टीकर मेकडावल 20 पीस, खाली बोतल तथा गौहाल जानवर बांधने का स्थान में छिपाकर रखे ब्लू रंग के एक प्लास्टिक डब्बा में करीब 10 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है।

## एक नजर में

### तालाब की नवीनीकरण से ग्रामीण सड़क हुआ कीचड़ में तब्दील, राहगीर परेशान

**टंडवा (चतरा)।** सरकार की उद्देश्य विकास करना, विकास को लेकर निविदा प्रकाशित करना। जिससे गांव, प्रखंड एवं जिला समेत पूरे झारखंड राज्य की विकास हो। इसी सिलसिले में कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल चतरा के द्वारा खुला निविदा के माध्यम से वृंदा गांव में तालाब की नवीनीकरण किया गया। इस नवीनीकरण के दौरान लगभग पाँच सौ मीटर दूरी तक ग्रामीण सड़क में मिट्टी रख कर सड़क को कीचड़मय कर दिया गया। बरसात आते ही लोगों की आवागमन में काफी परेशानी हो रही है, इस समस्या का समाधान को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा नजरअंदाज किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उक्त समस्या को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रँथु महतो ने कहा की कीचड़मय सड़क से ग्रामीणों की परेशानी तो बढ़ी है। जल्द ही सम्बंधित विभाग को अवगत करवा कर समस्या समाधान करने की पहल अतिशीघ्र करूंगा। गौरतलब है कि उक्त तालाब की नवीनीकरण हेतु घोर अनियमितता के आरोप में जांच हेतु ग्रामीणों द्वारा चतरा उपायुक्त महोदय को लिखित शिकायत भी किया है।

### जिप उपाध्यक्ष ने किया मां भद्रकाली कार वॉश सेंटर का शुभारंभ

**इटखोरी।** जयप्रकाश स्थित हाई स्कूल के समीप सोमवार को मां भद्रकाली कार वॉश सेंटर का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री टुन्नी सिंह, भाजपा नेता सुजीत भारती और जिला मंत्री सतीश सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा की अर्थव्यवस्था श्रम शक्ति में वृद्धि का समर्थन करे और युवा समुचित रूप में शिक्षित, कौशलयुक्त, स्वस्थ एवं जागरूक हों ताकि वे अर्थव्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में उत्पादक ढंग से योगदान कर सकें। उन्होंने वाशिंग सर्विस सेंटर संचालक सूरज कुमार को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं दी। सेंटर के संचालक सूरज कुमार ने बताया कि मशीन से यहां किसी भी चार पहिए वाहन की धुलाई सिर्फ दस से पन्द्रह मिनट में की जा सकेगी।

### नकली पिस्तौल के साथ तीन लुटेरे गिरफ्तार

**सिमरिया।** अनुमंडल क्षेत्र के लावालौंग पुलिस ने सोमवार को नकली पिस्तौल के साथ तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरों में कल्ले निवासी अनिल भुइयां, अर्जुन गंझू और सदर थाना के नावाडीह निवासी थनु भारती का नाम शामिल है। पुलिस ने उनके पास से एक नकली पिस्टल के अलावा, लूटे गए दो स्क्रीन टच मोबाइल और एक मोटरसाइकिल जब्त किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि टुनगुन से रतनाग जाने वाली सड़क पर कुछ लुटेरे सक्रिय हैं और लूटपाट का प्रयास कर रहे हैं। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई की गई तथा एक छापेमारी टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने सफलतापूर्वक कार्रवाई करते हुए तीन मोटरसाइकिल सवार लुटेरों को धर दबोचा। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा थाना प्रभारी बमबम कुमार, एसआई रामाशीष शुक्ला, एएसआई घनश्याम प्रसाद सिंह सहित लावालोंग थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

### संवेदक संघ गठित, ललन यादव अध्यक्ष व चुन्नू सिंह बने सचिव

**चतरा।** जिला परिषद स्थित किसान भवन में सोमवार को सदर प्रखंड स्तरीय संवेदक संघ गठन को लेकर सदस्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उर्फ बिरजू तिवारी व संचालन जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप ने किया। बैठक में सभी संवेदकों ने अपना-अपना मंतव्य व्यक्त किया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रखंड स्तरीय संवेदक संघ का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से ललन यादव को अध्यक्ष, लेम मुखिया राकेश सिंह उर्फ चुन्नू सिंह को सचिव, मनोज साव को उपाध्यक्ष, नन्दलाल सिंह को कोषाध्यक्ष तथा पंकज यादव को मीडिया प्रभारी चुना गया। जबकि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप व कमलेश कुमार उर्फ गुड्डु रजक को निर्णायक मंडली में रखा गया है। नवगठित संवेदक संघ ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि कोई भी संवेदक संबंधित प्रखंड में ही निविदा पत्र खरीदेंगे। विवाद उत्पन्न होने पर संबंधित संवेदक आपसी तालमेल से विवाद का निबटारा तथा मैनेज करेंगें। समाधान नहीं होने पर निर्णायक मंडली का निर्णय अंतिम होगा तथा कमेटी के निर्णय को नहीं मानने वाले संवेदक को दंडित किया जाएगा। जिसपर सभी संवेदकों ने अपनी सहमति जताई। बैठक में प्रभु सिंह, गोविंद साहू, मनोज रवानी, शिव कुमार दांगी, गिरधारी यादव, वीरेंद्र यादव, मोनू कुमार, कुंदन कुमार, अभिषेक निषाद सहित दर्जनों उपस्थित थे।

### जन स्वास्थ्य कल्याण समिति ने 151 चिकित्सकों को किया सम्मानित

**गढ़वा।** चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले देश के 151 चिकित्सकों को रविवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी ने सम्मानित किया। जन स्वास्थ्य कल्याण समिति, पटना की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन बिहार विधान परिषद के उप सभागार में किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी, मंत्री लेसी सिंह, आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह, पद्मश्री डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह और समिति के सचिव डॉ. एसपी सिंह ने किया। मौके पर डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह, पद्मश्री डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह और पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह ने चिकित्सकों को बेहतर कार्य की सराहना करते हुए कहा कि कोविड के समय विपरीत परिस्थितियों में भी चिकित्सकों ने अपने दायित्व को जिम्मेदारी के साथ निभाया। डॉ. पीके वर्मा को हृदय रोगियों के जटिल बीमारियों से निपटने तथा अपनी जान को हथेली पर रखकर कोरोना के मरीजों को बेहतर परामर्श देने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समिति के सचिव डॉ एलबी सिंह ने कहा कि हम दुनिया के सभी क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले देश व विदेश के लोगों को अपनी ओर से सम्मानित करने का प्रयास किया है। चौधरी जेनरल हॉस्पिटल, गढ़वा के संस्थापक डॉ. कुलदेव चौधरी ने डॉ. वर्मा को अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर खुशी जताई है।

### शांति समिति की बैठक आयोजित

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर सोमवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। श्री बंशीधर नगर एसडीपीओ प्रमोद केशरी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक में प्रखंड क्षेत्र के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं दोनों समुदाय के गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया। बैठक में मोहर्रम का त्योहार आपसी भाईचारा के साथ सभी समुदाय के लोगो को मिलजुलकर मनाने का निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीपीओ ने कहा कि प्रखंड के लोग हमेशा अमन पसंद और काफी शांतिप्रिय रहे हैं। थाना क्षेत्र के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी त्योहार मनाते आये हैं, उसे आगे भी बरकरार रखें। कहा कि मोहर्रम जुलूस निकलने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस के ताजिया का जुलुस निकलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार ने कहा कि त्यौहार के दौरान मेला स्थल एवं चौक-चौराहों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि मोहर्रम का जुलूस आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से निकाले। मौके पर सीओ रामा शंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा, एसआई शहदेव साव, सिंदुरिया पंचायत मुखिया नंदलाल पाठक, बीडीसी चंदन ठाकुर, अनिल चौबे, प्रदीप चौबे, झामुमो प्रखंड अयक्ष मनोज यादव, धनंजय साह, शंभू सेठ आदि उपस्थित थे।

# बरवाडीह: घर में सो रहे वृद्ध दंपती की गला रेतकर हत्या

## घटना के बाद क्षेत्र में बना भय का माहौल, सदमे में है परिजन, घर में अकेले रहते थे दंपती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के मंगरा पंचायत अंतर्गत अमडीहा ग्राम में रविवार की रात अज्ञात अपराधियों ने दिल दहला देने वाली घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने घर में सो रहे वृद्ध दंपती की हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर कर दी। सोमवार की सुबह आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचे तो दृश्य देखकर सन्न रह गए। घटना की सूचना मिलने पर बरवाडीह थाना प्रभारी दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार अमडीहा निवासी कृत सिंह 75 और उनकी पत्नी सुलसमानी देवी 70 वर्ष दोनो अपने घर में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से वृद्ध दंपती की गला रेतकर हत्या कर दी। जिससे घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। हत्या से पूर्व अपराधियों ने वृद्ध कृत सिंह कि लाठी डंडे से पिटाई भी की वृद्ध के शरीर पर चोट के कई निशान भी थे। बता दें मृतक के दो विवाहित पुत्र है। जिनमें नगीना सिंह 45 और अरुण सिंह 40 वर्ष है। बड़े बेटे नगीना सिंह ने बताया कि वह रविवार की रात 9 बजे अपने माता-पिता से मिलकर रोज की तरह अपने पुराने घर पर सोने चला गया था। सुबह जब वापस माता पिता से मिलने नए घर पर पहुंचा तो उनकी लाश मिली। दरअसल विगत वर्ष पूर्व पीएम आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाया था। वृद्ध माता पिता उसी नए मकान में रहते थे।



### आपसी विवाद या डायन संबंधित मामला

यह हत्या डायन संबंधित है या आपसी विवाद फिलहाल इसकी जांच पुलिस कर रही है। वृद्ध दंपती हड़िया बेचने का काम करता था। इस घटना के बाद क्षेत्र में भय का माहौल हैं। वहीं परिवार के सदस्य सदमे में है। हत्या में उपयोग किए जाने वाले हथियार भी अब तक पुलिस बरामद नहीं कर पाई है। ग्रामीणों की मांग है कि पुलिस जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार कर कानूनी कारवाई करें।

**पुलिस गहनता से कर रही है घटना की जांच**

पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया और हत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। पुलिस ने शक के आधार पर कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया है, और विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही हैं।

## सदस्यों के अधिकार के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा : दिलीप सिंह



बैठक में उपस्थित पंचायत समिति सदस्य

**बरवाडीह।** प्रखण्ड सह अंचल भवन के प्रमुख कार्यालय में सोमवार को प्रखण्ड प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों की एक बैठक आहूत की गई। जिसमें पूरे प्रखण्ड के सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से पंचायत समिति संघ का चुनाव किया गया। जिसमें चुंगरू पश्चिमी की पंचायत समिति नीलम देवी ने संघ के अध्यक्ष के रूप में छिपादोहर पंचायत समिति दिलीप सिंह को बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसका समर्थन लात पूर्वी की पंचायत समिति प्रेमलता मिंज ने किया। जिसके बाद सभी सदस्यों ने इसका समर्थन कर बैठक के समाप्ति की घोषणा की। वहीं अध्यक्ष चुने जाने पर दिलीप सिंह ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। कहा कि सदस्यों के अधिकार के लिए हमेशा खड़ा रहूंगा। बैठक में प्रमुख सुशीला देवी के साथ साथ उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल, केचकि पसस आरती देवी, पोखरिकला असमीना बीबी, बेतला प्रतिमा देवी, मंगरा पूर्वी राज महेंद्र सिंह, बरवाडीह पूर्वी प्रवीण कुमार, बरवाडीह पश्चिमी संगीता देवी, छेंचा मंजू कुमारी, मोरवाईकला वीना देवी, लात पूर्वी प्रेमलता मिंज, छिपादोहर दिलीप कुमार सिंह, उकामाड़ घनश्याम राम, कुचिला बलराम सिंह, चुंगरू पूर्वी अनिता देवी, पश्चिमी नीलम देवी और हरातू तेतरी देवी भी उपस्थित थी।

### चंदवा के सुदूरवर्ती सेकलेतरी में जंगली हाथियों ने फिर से मचाया उत्पाद

# विभाग की कार्यशैली धीमी, भगवान भरोसे है ग्रामीणों की जान : जतरु मुंडा

जंगली हाथियों के आतंक से नहीं मिला छुटकारा तो सड़क पर उतर कर सरकार के खिलाफ करेंगे आंदोलन : ग्रामीण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड के माल्हन पंचायत अंर्तगत सुदूरवर्ती सेकलेतरी गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने एक बार फिर से जमकर उत्पात मचाया। जंगली हाथियों के झुंड के गांव के बार बार प्रवेश करने से ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बन गया है। रविवार मध्य रात्रि बाद सेकलेतरी में जंगली हाथियों के जमकर तांडव मचाया। जंगली हाथियों के झुंड ने सेकलेतरी निवासी जगू भगत का घर व महावीर भगत के घर को ध्वस्त कर दिया साथ ही घर मे रखा लगभग 3 क्विंटल चावल, 50 किलो गेंहू, आटा 25 किलो चट गया व घर में रखे बर्तन लूना गाड़ी और कपड़ा एवं अन्य सामग्रियों को नुकसान पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद सोमवार को मुखिया जतरू कुमार मुंडा गांव पहुंचे व भुक्तभोगियों से मुलाकात कर वन विभाग से हर सम्भव मदद दिलाने का भरोसा दिया। ग्रामीणों ने मुखिया से कहा कि विगत कुछ दिन कुछ दिनों से प्रत्येक दिन जंगली हाथियों का झुंड गांव में आकर उत्पाद मचा रहा है। हम ग्रामीणों को जान मचाने के लिए पूरी पूरी रात पहरेदारी करनी पड़ रही है वहीं वन विभाग चैन की नींद में सोते है। वन विभाग के पदाधिकारियों की लापरवाही के कारण ग्रामीण को जानमाल की क्षति उठानी पड़ रही है। पूर्व में भी जंगली हाथियों के द्वारा पहुंचाए गए नुकसान का मुआवजा अब तक नहीं मिला। हाथियों से बचाव के लिए भी ग्रामीणों को अबतक जरूरी सामग्री तक नही दिया गया है। समय रहते अगर वन विभाग और जिला प्रशासन पहल करते हुए कोई कदम नहीं उठाती है तो हम लोग पूरे ग्रामीण पूरे चंदवा में सरकार के खिलाफ चक्का जाम करेंगे और जब तक हम लोगों को मुआवजा के अलावा हाथियों को यहां से दूर नहीं भगाते हैं तो अनिश्चित चक्का जाम करेंगे। मौके पर वार्ड सदस्य सेवंती देवी, मछिंद्र मुंडा, अनूप कुजूर, राजू भगत, जलेश मुंडा, एतवा मुंडा, बंधन मुंडा, पुष्पा रोरी, बल्की देवी, पवन भगत, सुरेश मुंडा, अर्जुन मुंडा समेत दर्जनों लोग उपास्थित थे।



हाथियों के द्वारा ध्वस्त किया गया घर

## एक नजर में

### परस्पर सौहार्द को बढ़ाने को लेकर कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम आज

**चंदवा।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निदेर्शानुसार परस्पर सौहार्द को बढ़ाने की दिशा में लातेहार पुलिस परिवार का एक कदम कम्युनिटी आउटरीच कार्यक्रम मंगलवार को 3:30 बजे चंदवा प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार ने सभी समुदाय के लोगों से उक्त कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित की अपील की है साथ ही चंदवा प्रखंड के सभी समाज सेवी, जनप्रतिनिधि, प्रमुख , उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रेस एवं मीडिया के बंधुओ एवं आम नागरिकों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक प्रभुत्व लोगो से सम्मिलित होकर अपने विचारों को साझा करने की अपील भी की है।

### सोमवारी के मौके पर निकाली गई कलश यात्रा



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

**बेतला।** सावन के पावन एवं पवित्र महीना के दूसरी सोमवारी के शुभ अवसर पर बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में सभी शिवालयों में सुबह से ही शिव भक्तों का ताता लगा रहा। इस दौरान कुटमु चौक स्थित शिव मंदिर एवं सरईडीह स्थित शिव मंदिर से पूरे गाजे-बाजे के साथ सुबह में मंदिर परिसर से केचकी औरंगा कोयल संगम के लिए श्रद्धालु कलश यात्रा निकाली गई। मौके पर बेतला पंचायत के मुखिया मंजू देवी ने श्रद्धालुओं को कलश देकर रवाना की। कलश में पवित्र जल लाकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किये एवं विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान मंदिर कमिटी के द्वारा संध्या में महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। मौके पर कमेटी के लक्ष्मी प्रसाद, भगवान प्रसाद, मनोज ठाकुर, मनोज सिंह खेरवार, भोलेनाथ कुमार, अखिलेश विश्वकर्मा, प्रकाश सिंह, उमेश प्रसाद, जोखन प्रसाद समेत मंदिर समिति के कई लोग मौजूद थे।

### आपसी सौहार्द बनाने को लेकर बरवाडीह पुलिस प्रशासन ने किया बैठक




बैठक में उपस्थित पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि

**बेतला।** लातेहार पुलिस कप्तान अंजनी अंजन के निर्देश के आलोक में बरवाडीह थाना प्रभारी निवास सिंह के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के कुटमु चौक पर परस्पर सौहार्द को लेकर बैठक रखी गई है। जिसमें सभी समुदाय के लोग शामिल हुए। मुख्य रूप से बरवाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जिला परिषद सदस्या, संतोषी कुमारी, पंचायत के मुखिया मंजू देवी समेत दर्जनों प्रबुद्ध नागरिक सम्मिलित होकर आपसी परस्पर सौहार्द बना रहे इसके लेकर चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से बीडीओ राकेश सहाय व थाना प्रभारी निवास सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में सम्मिलित होकर प्रखंड प्रशासन और जिला प्रशासन की इस दिशा में किया गया पहल के बारे में जाना। मौके पर सलाम अंसारी, मनान अंसारी, हेशामूल अंसारी, भगवान प्रसाद, मनसूर आलम, मधेश्वरी सिंह नेसार अंसारी,समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### श्रावण माह के दूसरी सोमवारी पर मंदिरों व शिवालयों में उमड़ी भीड़



जल लेकर जाते भक्त

**चंदवा।** पवित्र श्रावण माह के दूसरी सोमवार पर चंदवा में शिव भक्त भगवान भोलेनाथ के भक्ति में लीन देखे गए। अहले सुबह से ही चंदवा के गुलायची बाबा मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, शिव मंदिर आन, शिव मंदिर थाना टोली, ब्लॉक कालोनी, हिसरी समेत प्रखण्ड के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली व देर शाम तक मंदिरों व शिवालयों में शिव भक्तों की भिंड लगी रही। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने देनवद दामोदर तट से जल ग्रहण कर विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में जलाभिषेक किया। इस दौरान हर हर महादेव व बोल बम के नारे से मंदिर व शिवालय गुंजायमान रहे। देर शाम का मंदिर शिवालय में भजन कीर्तन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। श्रावण माह के दूसरी सोमवार के मौके पर महावीर मंदिर समिति शुक्र बाजार अलौदिया की अगुवाई में गाजे बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में शिव भक्त भुषाढ़ नदी से जल उठाया व पद यात्रा करते हुए मां उग्रतारा नगर मंदिर प्रांगण स्थित शिव मंदिर में जलाभिषेक किया, इसके उपरांत शिवभक्त पदयात्रा करते हुए अलौदिया के गुलायची बाबा मंदिर पहुंचे यहां भी जलाभिषेक किया।

# सभी समुदाय के लोगों से आपसी भाईचारा एंव सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** लातेहार पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार आपसी भाईचारा एंव सामाजिक सौहार्द बनाये रखने को लेकर सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान की अध्यक्षता में थाना परिसर में बैठक हुई। बैठक में काफी संख्या में सभी जाति एवं धर्म के प्रबुद्ध व गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित हुए। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी एसआई रतन टुडू ने कहा कि कुछ दिनों बाद मुहर्रम त्यौहार व कुछ राज्यों में चुनाव होने है। जिससे कारण असामाजिक तत्वों द्वारा आपसी भाईचारा व सौहार्द को बिगड़ने की कोशिश होगी। उन्होंने उपस्थित लोगों से अफवाह पर ध्यान नहीं देने एवं किसी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन को सूचित करने को कहा। सोशल मीडिया पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने वाले पोस्ट कर्ता पर सीधी कारवाई होगी। वही बैठक में कहा गया कि महुआडांड़ प्रखंड में तीनों धर्म व समुदाय के लोग शुरू से ही आपसी भाईचारा कायम बनाये के लिए पूरे जिले में जाने जाते हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने सड़क पर गंदे नाली का पानी रोड पर बहाये जाने सहित सड़क पर तेज गति से मोटरसाइकिल चलाने, नशामुक्त पर प्रशासन को ठोस कदम उठाने के लिए कहा गया। मौके पर थाना प्रभारी रतन टुडू, जिप सदस्य इस्तेला नागशिया, प्रमुख कंचन कुजूर,उप प्रमुख अभय मिंज, अंचल निरक्षक गौतम कुमार, बजरंग दल के पलामू प्रमंडल विभाग के संयोजक सुरज प्रसाद, जामा मस्जिद के सदर इमरान खान, मदिना मस्जिद के सदर परेवज अलाम, हिन्दू महासभा के महामंत्री संजय जायसवाल, जेएमएम के अनिल मनोहर, भाजपा मंडल अध्यक्ष शंभू प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष भानु प्रसाद, कांग्रेस के युवा नेता अजीत पाल कुजूर, परेवज आदि सहित कई लोग उपस्थित थे।




बैठक में शामिल पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि

## अम्बेडकर खेल मैदान मकरा में हुआ फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन



संबोधित करते चेतलाल रामदास

**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत मकरा स्थित ब्रह्मदेवता अम्बेडकर खेल मैदान में गोल्डेन क्लब मकरा द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन भाजपा नेता चेतलाल रामदास ने फीता काटकर व फुटबॉल को किक मारकर किया। मैच उदघाटन के क्रम मे खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए रामदास ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल भी अतिआवश्यक जरूरी है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस तरह का सुदूरवर्ती गांव-क्षेत्र मे टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवक युवती को अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान होता हैं। फुटबॉल खिलाड़ियों को हौसला बढ़ाते हुए कहा की मैं भाजपा कार्यकर्ता के साथ एक सामाजिक कार्यकर्त्ता हूं। आपलोग एक बार मुझे मौका दें। आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो वायदे नहीं कुछ परिवर्तन करने का इरादा है। हर संभव आम जनो के विकास के साथ खेल प्रतिभा के लिए बढ़ चढ़ कर सहयोग करूँगा। वहीं टूनार्मेंट के अध्यक्ष सुरेंद्र व सचिव भोला राम ने कहा की टूनार्मेंट के प्रथम विजेता टीम को दो खस्सी, द्वितीय टीम को बड़ा खस्सी व ट्रॉफी, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को खस्सी व चतुर्थ स्थान खस्सी व ट्रॉफी देकर पुरुस्कृत किया जाएगा। टूनार्मेंट में भाग लेने के लिए 899 रुपया प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया। मौके पर कोषाध्यक्ष प्रभात उरांव, उप कोषाध्यक्ष प्रदीप राम, उपसचिव रोहन राम, वार्ड सदस्य रामाशंकर रविदास, तरुण राम, पुराण राम, कार्तिक कुमार, महेंद्र राम धीरेनजन कुमार, विकास कुमार, श्यामा सुंदर उरांव, मुटुक राम, विशेश्वर राम, अरविंद कुमार सहित अन्य खिलाड़ी अहम भूमिका निभा रहे थे।

## लगातार बारिश होने से मिट्टी का खपरैल घर गिरा, परिजन परेशान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत शिबला पंचायत के भाटचतरा गाँव निवासी कृष्णा तुरी पिता सोढ़ारी तुरी का मिट्टी खपरैल घर लगातार बारिश के कारण गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित कृष्णा तूरी ने बताया कि मैं और मेरे पत्नी दो बच्चों के साथ घर मे रह रहे थे। बिते दिन लगातार बारिश के कारण मिट्टी खपरैल घर गिर जाने से घर मे रहना काफी मुश्किल हो गया है। हम सभी परिवार भरी बरसात में घर से हमलोगो को रहने सोने में काफी परेशानी हो रही हैं। वही घर मे रखे पलंग, कुर्सी, वर्तन एवं खाने का अनाज सहित अन्य सामग्री भी क्षति हो गया। हम गरीब परिवार से विलोम करते हैं। दैनिक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। अपने से घर बनाने के लिए सक्षम नहीं हैं। वहीं बताया की अभी तक हमे पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं पीड़ित कृष्णा तुरी ने उपायुक्त एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी से पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की गुहार लगाया है।



गिरा घर दिखाता परिजन

## मनिका प्रखंड म सावन के दूसरी सोमवारी पर जलाभिषेक करने को भक्तों की लगी रही भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह गांव के मनिकेश्वर महादेव मंदिर में सावन महीना के दूसरी सोमवारी को जलाभिषेक करने को भक्तों का भीड़ लगा रहा। वहीं शिव भक्तों ने भोले बाबा को जलाभिषेक करते हुए विधिवत रूप से पूजा अर्चना संपन्न किया। वहीं श्रद्धालुओं के बोल बम बोल बम,हर हर महादेव के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। बाबा भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए महिला एवं किशोरी शिव भक्तों ने सोमवारी का उपवास रखकर बेलपत्र फल फूल, धतूरा, प्रसाद का भोग चढ़ाकर भक्ति भाव से पूजा अर्चना किया और अपने परिवार के लिए बाबा भोलेनाथ से सुख शांति एवं समृद्धि की कामना किया। वहीं सावन के मेले में प्रखंड क्षेत्र एवं बाहर से आए हुए श्रद्धालु मेले का आनंद उठाते हुए नजर आ रहे थे लोगों मे काफी उत्साह देखने को मिला खासकर बच्चे मेले का लुफ्त उठा रहे थे। मनिहारी से लेकर मिठाई की दुकान, फल फूल एवं बच्चों के लिए खिलौने आदि बेचे जा रहे थे खास करके मनिहारी दुकानों में महिलाओं कि काफी संख्या में भीड़ देखी गई। सावन महीने में लगने वाले इस मेले के दौरान पूरे मंदिर परिसर के आसपास भक्ति भाव का माहौल बना हुआ था। मौके पर पूजा समिति के पंडित अखिलेश पाठक, अध्यक्ष अमरदीप कुमार समाजसेवी बली यादव, चंदन यादव, ग्राम प्रधान सेठा यादव, मीडिया प्रभारी नागेंद्र यादव, पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव, विकास प्रसाद, बिरजू सिंह, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



मंदिर परिसर में पूजा करते हुए श्रद्धालु

# उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कुल 779 योजना का अनुमोदन किया गया। इस दौरान नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी बंधन लांग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया की वित्तीय वर्ष 2023-2024 में कुल 62 योजनाएं ली गई है। जिसकी कुल प्राक्कलित राशि 24,22,20,070.00 है। इसके तहत नया आंगनबाड़ी -12, स्कूल बाउंड्री-25 निमार्णाधीन हैं। तथा बड़ी योजना में गर्ल्स स्पोर्ट हॉस्टल-1, गर्ल्स हॉस्टल -1, बॉयज हॉस्टल-2, टेंडर की प्रक्रिया में है। इसके अलावे उच्च प्राथमिकताओं में डिजिटल लाइब्रेरी, चहारदीवारी, मॉर्निंग वॉक पथ का निर्माण, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, बहुउद्देशीय भवन का जीर्णोद्धार एवं उसे इनडोर स्टेडियम के रूप में विकसित करना, पार्किंग स्थल, तकनीकी ट्रेनिंग एवं रेजिडेंशियल भवन, लातेहार जिला में बाजार ताड़ में बाजार शेड का निर्माण, झरिया डैम का जीर्णोद्धार एवं मॉर्निंग वॉकर पथ का निर्माण, किनामार में प्रस्तावित ट्रॉमा सेंटर का चहारदीवारी एवं मॉर्निंग वॉकर पथ का निर्माण, लातेहार शहरी क्षेत्र में बस स्टैंड एवं ऑटो स्टैंड का नवनिर्माण, महुआडांड़ एवं लातेहार में खेल मैदान में फेंसिंग घेराबंदी योजनाएं शामिल है। बैठक में डीएमएफटी के तहत उपलब्ध राशि की खर्च करने में कौन-कौन सी योजनाओं को लिया जा सकता हैं उसकी विस्तृत चर्चा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की राशि खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से) प्रभावित हो रहा हैं। वहीं किया जाना है। इसके लिए ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाता है। चयन के समय उच्च एवं निम्न प्राथमिकताओं का ध्यान रखा जाता है। उच्च प्राथमिकताओं में पेयजल, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल कल्याण, वृद्ध-दिव्यांग, कौशल विकास, स्वच्छता, सड़क-पुल-पुलिया, सिंचाई, उर्जा विकास आदि से संबंधित योजना है। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, वन प्रमंडल पदाधिकारी रोशन कुमार, डिप्टी डायरेक्टर पीटीआर ब्रजेश कांत जेना, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, नोडल पदाधिकारी डीएमएफटी बंधन लांग, नोडल पदाधिकारी एससीए सुजीत सिंह, डीएमएफटी लीड विभु महापात्रा, डीएमएफटी की टीम उपस्थित थे।



बैठक में करते पदाधिकारी

## स्पीड न्यूज

### टिफिन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**चतरा।** जिले के सिमरिया विधानसभा जनसंपर्क अभियान के तहत पत्थलगड़ा प्रखंड के पत्थलगड़ा में टिफिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिमरिया विधानसभा के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में संगठन के नेता व कार्यकर्ता लोग उत्साहित दिखे।

### टिफिन बैठक का आयोजन

गढ़वा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को शहर के आरकेवीएस बीएड कॉलेज में टिफिन बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा की।

### जायंट्स सदस्यों ने किया पौधारोपण

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जायन्ट्स के पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता के फार्म हाउस पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान कई इमारती, फलदार, छायादार एवं औषीय पौधे लगाए गए।

### भाकपा माले ने धरना प्रदर्शन कर बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

**धुरकी।** भाकपा माले अनुमंडल इकाई तथा प्रखंड इकाई ने सोमवार को धुरकी बाजार से कामेश्वर विश्वकर्मा के नेतृत्व में प्रतिवाद मार्च निकाला। इस दौरान माले कार्यकर्ता पदाधिकारियों तथा झारखंड सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे। जिसके बाद कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन पर बैठ गए।

### पीड़ित ने विधायक से लगाया मदद की गुहार

**जयनगर (कोडरमा)।** विधान सभा क्षेत्र के नईटांड़ निवासी किशुन साव पिता स्व मंगर साव ने विधायक अमित कुमार यादव से आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है। विधायक को दिए गए आवेदन में किशुन साव ने कहा है भूमि विवाद में थाना प्रभारी जयनगर के समक्ष आवेदन देने गया पर थाना प्रभारी द्वारा दुर्व्यवहार एवं मारपीट किया गया।

### प्रतिष्ठित व्यवसायी मथुरा प्रसाद बिहारी का निधन

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद निवासी प्रतिष्ठित व्यवसायी मथुरा प्रसाद बिहारी का निधन सोमवार को हो गया, उनके निधन की खबर सुनते ही भिड़ उमड़ पड़ी। इस पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक अमित कुमार यादव, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, प्रमुख अंजू देवी, केदारनाथ यादव, राजकुमार यादव, शशि भूषण चौधरी, रेखा देवी, फरीदा खातून, सरफुदीन अंसारी, हिंदकिशोर राम, राजकुमार गुप्ता आशीष वर्णवाल सैकड़ों लोग उनके निवास स्थान पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किये।

### दुष्कर्म व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल आरोपी को जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** कटहाडीह में एक कंप्यूटर सेंटर में पढ़ने वाली युवती के साथ सेंटर के संचालक नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने व वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी रोबिन कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़िता ने जयनगर थाना में आवेदन देकर कंप्यूटर सेंटर के संचालक युवक पर मामला दर्ज कराया है। आवेदन में युवती ने कहा है कि वह सेंटर में कंप्यूटर क्लास करती थी। 10 अगस्त 2022 को कंप्यूटर सेंटर के संचालक रोबिन कुमार ने दरवाजा बंद कर नशीले पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करते हुए वीडियो बना लिया। इसके बाद कंप्यूटर सेंटर जाना बंद कर दिया। इसके बाद रोबिन कुमार ने बार-बार धमकी देने लगा कि तुम कंप्यूटर सेंटर नहीं आएगी तो तुम्हारा बना वीडियो वायरल कर देंगे। बार-बार धमकाने के बाद यह घटना की सारी जानकारी अपने परिजनों को दी। जयनगर पुलिस ने बताया कि पीड़िता के लिखित आवेदन पर 5 जुलाई को मामला दर्ज कर लिया गया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया।

# सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट, सीआरपीएफ के एएसआई घायल, भेजा गया रांची

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति उग्रवाद प्रभावित गोइलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा गांव के समीप के जंगल में सोमवार की सुबह नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ 60 बटालियन जी कंपनी का जवान एएसआई देवेंद्र काकोटी घायल हो गए हैं। घटना के बाद घायल जवान को सोनुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल लाया गया। जहां उनकी प्राथमिक उपचार किया गया। घायल जवान देवेंद्र को कान में चोट लगी है। इस कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। बाद में उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची ले जाया गया। जिले के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि विस्फोट में एएसआई को मामूली चोटें आई हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कर इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवान इलाके की घेराबंदी कर सर्च अभियान चला रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सीआरपीएफ द्वारा कुईडा मेरालगाडा सड़क मार्ग में सर्च ऑपरेशन कर रहे थे। इसी मार्ग से मेरालगाडा सीआरपीएफ कैंप मे रसद व अन्य सामग्री पहुंचाई जाती है। इसी मार्ग में कुईडा से लगभग दो किलोमीटर आगे नक्सलियों ने कन्ट्रोल आईईडी प्लान्ट किया गया था। सीआरपीएफ जवानों को आता देख नक्सलियों ने आईईडी करा दिया गया जिसके चपेटे में एएसआई देवेन्द्र आ गए ।बता दें कि जिले के गोइलकेरा एवं टोंटो थाना क्षेत्र में इन दिनों नक्सलियों के खिलाफ जिला पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा बड़े पैमाने में अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अब तक नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बल को लक्षित कर लगाए गए आईईडी विस्फोट की कई घटनाएं हो चुकी हैं और इसकी चपेट में आने के कारण अब तक कई ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। जबकि कई सुरक्षा बलों के जवान घायल भी हो चुके हैं। हाल ही नक्सलियों के साथ गम्हरिया पंचायत के रेला में मुठभेड़ में असिस्टेंट कमांडेंट घायल हो गए थे। हालांकि पुलिस की इस अभियान में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सफलता भी मिल रही हैं।

## चुनावी सफलता को लेकर पीके ने नीतीश को बताया फामूर्ला

**समस्तीपुर।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों समस्तीपुर में पदयात्रा कर रहे हैं। वहीं, रविवार को उन्होंने विपक्षी एकता को लेकर बड़ा दिया। उन्होंने कहा कि पटना के बाद बेंगलुरु में विपक्षी एकता की बैठक शुरू हो चुकी है। प्रशांत किशोर ने कहा कि कई लोगों को ऐसा लगता है कि 1977 में सारे विपक्षी दल एक साथ आकर उन्होंने इंदिरा गांधी को हरा दिया था, ये उन लोगों की सबसे बड़ी बेवकूफी है। 1977 में विपक्षी दलों के एक साथ आने से इंदिरा गांधी नहीं हारी, उस समय इमरजेंसी एक बड़ा मुद्दा था, जेपी का आंदोलन भी था।

### मुख्यमंत्री के सपनों को साकार कर रहा जिला प्रशासन

## ग्रामीणों का आजीविका के स्रोत बढ़ाने व स्वच्छ पर्यावरण मुहैया कराना लक्ष्य : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में गांव स्तर पर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाते हुए आजीविका का स्रोत बढ़ाने के साथ साथ वन रक्षा-बंधन के तहत स्वच्छ पर्यावरण मुहैया कराने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त आदित्य रंजन स्वयं गांव में घूम-घूम कर ग्रामीणों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जागरूक करते रहे हैं और उन्हें सरकार की योजना का लाभ देकर आजीविका का स्रोत बढ़ाने का कार्य किये हैं। वहीं सोमवार को उपायुक्त की पहल से हर घर पौधा, घर-घर पौधा मुहिम की शुरुआत की गयी।



## जेडीयू में भी टूट संभव है?

**पटना।** बिहार की राजनीति में आने वाले समय में बड़ी राजनीतिक उलटफेर होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। एक तरफ जहां 18 जुलाई को होने वाली एनडीए की मीटिंग में चिराग पासवान और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी को बुलाया गया है तो वहीं दूसरी तरफ चिराग पासवान से लेकर सुशील मोदी तक सबने दावा कर दिया है कि आने वाले समय में बिहार में जेडीयू टूट सकती है। हाल ही में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान दावा किया था कि, बिहार में सरकार किसी भी वक्त टूट सकती है।

### पत्रकार के साथ मारपीट व एसएसबी जवान की हत्या को लेकर

## दुर्गा सोरेन समाजिक संगठन ने किया निंदा



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के सिमरिया प्रखंड में पत्रकार के साथ मारपीट और हंटरगंज प्रखंड के आमीन गांव में भूमि विवाद में एसएसबी जवान शिव कुमार यादव की निर्मल हत्या मामले में चतरा दुर्गा सोरेन समाजिक संगठन के जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझू, केंद्रीय प्रवक्ता राजकिशोर कमल, जिला महासचिव संतोष नायक, केंद्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य कैलाश सिंह, केंद्रीय सचिव संतोष नायक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिमा कुजूर, गौरी देवी, केंद्रीय उपाध्यक्ष दिनेश सिंह सहित राजेंद्र डब्ल्यू सोनी ने घोर निंदा करते हुए घटना में शामिल आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया है। जिला अध्यक्ष धनेश्वर गंझू ने कहा कि राजनीतिक दल के जनप्रतिनिधि द्वारा देश के चौथे सतंभ पर मारपीट करना और देश के सुरक्षा में लगे जवान को मामूली विवाद में मार कर हत्या कर देना दुर्भाग्य हैं। ये घटना लोक तंत्र की हत्या है।

साथ ही कहा चतरा जिला में कानून के हाथ में लेने के लिए किसी को अधिकार नहीं है। कानून के हाथ लेने वाले को पुलिस द्वारा कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का मांग किया है। एसएसबी के जवान के परिजनों को हर संभव मदद ओर हत्यारों को सलाखों के पीछे भेजने के लिए चतरा दुर्गा सोरेन सेना करेगी न्याय की मांग। एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि द्वारा खबर दिखाने पर पत्रकार पर हमला करने के मामले में प्रतिनिधि सहित उसके विधायक को इस्तीफा देने की मांग किया है।

## महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खुटहेरिया पंचायत के भरत पहाड़ी गांव निवासी मुंद्रिका विश्वकर्मा की 55 वर्षीया पत्नी शांति देवी की मौत हो गई। मौत के साढ़े बाइस घंटे बाद सोमवार की सुबह 8:35 बजे पुलिस मृतका के घर पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। एसआई प्रबल कुमार मेहता ने पुलिसिया कार्रवाई पूरी की। मृतका के परिजनों ने पड़ोसी के द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिससे उसकी मौत हो गयी।

## वनवासी कल्याण केंद्र ने निकाली कलश यात्रा, किया जलाभिषेक

**सिमरिया।** सावन के द्वितीय सोमवारी पर प्रखंड के वनवासी कल्याण केंद्र ने भव्य कलश यात्रा निकाली और जयकारे के साथ जलाभिषेक किया। यह कलश यात्रा चलकी मंदिर से निकाली गई। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु थाली नदी पहुंचे जहां कलश में जलभरा तत्पश्चात पदयात्रा कर चाडरम मंदिर पहुंचे और वहां भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। कलश यात्रा के दौरान संपूर्ण गांव का माहौल भक्तिमय बना रहा और जयकारे गूंजते रहे। कलश यात्रा में लोबगा, कोरी, देल्हो, चलकी, जरही, हिसरी आदि गांव के सैकड़ों ग्रामीण बैनर, झंडे पताके के साथ शामिल हुए। कलश यात्रा में जांगी मुखिया वीणा देवी, अनीता देवी और वनवासी कल्याण केंद्र के सदस्य उत्साह के साथ शामिल हुए।

## दो दिवसीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का दो दिवसीय आयोजन किया गया है। जिसकी शुरूआत सोमवार को किया गया है। यह कार्यक्रम शिक्षक दीपक कुमार एवं सत्यम कुमार के निगरानी में करवाई जा रही है। फुटबॉल मैच में रेफरी अखिलेश कुमार,बंटी कुमार हैं। इनके साथ दे रहे कमलेश कुमार सुमित कुमार भी हैं। इस खेल प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम उम्र के बालक एवं 17 वर्ष से कम उम्र की बालिका भाग लेंगे। जिसमें प्रखंड में संचालित 6 विद्यालयों से छात्र छात्राओं ने खेल में भाग लिया है। बताते चलें कि उच्च विद्यालय द्वारा, उच्च विद्यालय पिणडारकोण, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहरा, मध्य विद्यालय गिद्धौर, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बारीसाखी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेक्सा के बच्चे खेल में भाग लिए हैं।

प्रथम दिन खेल प्रतियोगिता में बारिसाखी विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गिद्धौर के बच्चियों के बीच फुटबॉल मैच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा विद्यालय के बच्चियां दो शुन्य से विजेता हुए। दूसरी तरफ गिद्धौर और दुआरी के बीच सेमीफाइनल खेला जा रहा था। मौके पर शिक्षक सीताराम रविदास प्रेमचंद दास वीरेंद्र तिर्की जितेंद्र गुप्ता मोहम्मद फहद राकेश कुमार जागेश्वर साहू सुनीता कुमारी विनय मुंडा उपस्थित थे।

## शिवालयों में शिव भक्तों ने किया जलाभिषेक

**मरकच्चो।** बोल बम, हर-हर महादेव, भोला एक सहारा है, शंकर भगवान की जय आदि जय घोषों से पूरा वातावरण भक्ति मय रहा। सावन की दूसरी सोमवारी को लेकर प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया। भक्त सुबह से शिव मंदिर में पहुंच दूध, गंगाजली, बेल पत्र, फुल अच्छत, धतुरा, भांग, धुप, अगरबत्ती आदि चढ़ा जलाभिषेक किया। इसमें महिला और पुरूषों के साथ-साथ बच्चे भी पीछे नहीं रहे।

# एक अच्छा खिलाड़ी कभी भी अपना मनोबल नीचे नहीं गिरने देता है : अलखनाथ

### 13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप एवं अंतर स्कूल प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के आरकेवीएस संस्थान में खेले जा रहे 13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशील केशरी, धनंजय सिंह, नंद कुमार गुप्ता, अशोक दुबे, मुजीबुदीन खान, सह सचिव प्रिंस सोनी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, आमोद पांडेय और अजय ठाकुर ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण किया। मौके पर संघ के संरक्षक श्री पांडेय ने कहा कि आप लोग टेबल टेनिस के खेल में बहुत ही बेहतर कर रहे हैं, आपसे गढ़वा जिले वासियों को काफी उम्मीदें हैं। संघ के लोग आपसे ओलंपिक खेलने की आस लगा रखे हैं इसके लिए संघ काफी मेहनत कर रहा है। अगर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं, तो सबसे पहले आप सभी लोगों को खुद को काफी परिश्रमी बनाना होगा जब तक आप खुद को परिश्रमी नहीं बनाएंगे तब तक आप मंजिल से दूर रहेंगे।



ट्रॉफी प्रदान करते संघ के संरक्षक, अध्यक्ष व अन्य

एक अच्छा खिलाड़ी कभी भी अपना मनोबल नीचे नहीं गिरने देता है। अध्यक्ष ने कहा कि 13 वर्षों में टेबल टेनिस खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बदौलत राज्य में अपना एक अलग पहचान बना चुका है। खेल में अपना प्रदर्शन इस प्रकार दिखाएं कि सामने वाले विरोधी टीम का प्रत्येक खिलाड़ी आपके लिए तालियां बजाने लगे। सचिव ने कहा कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान लगभग डेढ़ सौ खिलाड़ियों ने अपने खेल का जौहर दिखाया है। प्रतियोगिता के दौरान प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला टीम के लिए किया किया जाएगा। उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि आप सभी लोगों को अंतरराष्ट्रीय फलक तक जाना है। इस बीच आने वाली चुनौतियों को आपको पार करते हुए आगे बढ़ना है।

**अंजलि और अनिल बने चैंपियन :** आरकेवीएस संस्थान में खेले जा रहे टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मैच में बालिका वर्ग में शांति निवास ने गोविन्द उच्च विद्यालय एवं बालक वर्ग में गोविन्द उच्च विद्यालय ने एनटीसीए को हरा कर विजेता बना। बालक वर्ग में आदित्य बिड़ला एवं स्वामी विवेकानंद को तीसरा स्थान और बालिका वर्ग में आरके पब्लिक और आदित्य बिड़ला को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

वहीं अंडर-13 बालिका वर्ग में एनटीसीए की आयुषी कुमारी ने शांति निवास की आशा रानी को 3-2, अंडर-13 बालक वर्ग में एनटीसीए के हर्षित कुमार पांडेय ने अपने ही विद्यालय के सचिन कुमार को 3-0, अंडर-11 बालक वर्ग में स्वामी विवेकानंद के कार्तिक पाल ने अपने ही विद्यालय के रोहन पाल को 3-2, अंडर-11 बालिका वर्ग में स्वामी विवेकानंद के अनन्या कुमारी ने शांति निवास के पलक भारती को 3-1, अंडर-15 बालिका वर्ग में शांति निवास की अंजली ने एनटीसीए की आयुषी को 3-0, अंडर-15 बालक वर्ग में हर्षित ने सचिन को 3-0, अंडर-17 बालिका वर्ग में अंजली ने आदित्य बिड़ला के अनिका सिंह को 4-0, अंडर-17 बालक वर्ग में स्काई टेबल टेनिस एकेडमी के अनिल ने आदित्य बिड़ला के अनिमेष को 4-0, अंडर-19 बालक वर्ग में स्काई टेबल टेनिस एकेडमी के अमन ने उसी एकेडमी के अनिल को 4-1, अंडर-19 बालिका वर्ग में गोविन्द की आयुषी ने आदित्य बिड़ला के अनुष्का को 4-0, मेंस वर्ग में अमन कुमार पाल ने अमल कुमार ठाकुर को 4-0 और डबल्स ओपन में अमन एवं अनिमेश की जोड़ी ने नितीश एवं अनिल की जोड़ी को हरा कर विजेता बना। मौके पर रेफरी विवेक कुमार दुबे, अंपायर सरताज आलम, फैजान अख्तर, आरजू, ऋषभ राज, अनुप कुमार, अमल कुमार ठाकुर, अनिमेश कुमार पांडेय, उज्जवल कुमार, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी पाण्डेय, राज कुमार, उमेश सिंह, माया कुमारी, प्रिंस पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बासुकीनाथ धाम हर-हर महादेव के नारे से रहा गुंजायमान

दुमका। राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के 14 वें दिन 85869 श्रद्धालुओं ने बाबा फौजदारी नाथ पर जलार्पण किया।जिसमे शीघ्र दर्शनम से 2792 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया है। शीघ्र दर्शनम से 8,91,600 रुपये प्राप्त हुआ। अन्य स्रोत से 55502 रुपये प्राप्त हुए।चांदी का सिक्का 10 ग्राम 3पीस तथा 5 ग्राम 5 पीस बिका।

### आप्त सचिव के नाम से धमकाने वाले पर प्राथमिकी

**दुमका।** मुख्यमंत्री के आप्त सचिव विनय चौबे के नाम पर जिले के दो आलाधिकारियों को मोबाइल पर धमकी देने वाले के खिलाफ नगर थाना की पुलिस ने रविवार की देर रात प्राथमिकी दर्ज की। एसडीओ कौशल कुमार ने दर्ज कराई प्राथमिकी में दूसरे अधिकारी का जिक्र नहीं किया है। एसडीओ को धमकी दिलाने में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी गंगाराम ठाकुर का नाम सामने आ रहा है। प्राथमिकी में गंगाराम के नाम का भी उल्लेख किया गया है। आरोपी रवि वर्मा को रांची के लालपुर थाना की पुलिस ने रविवार की देर शाम मोहराबादी स्टेडियम के समीप से गिरफ्तार कर जेल भी भेज दिया है। नगर थाना की पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर धमकी दिलाने वाले अधिकारी तक पहुंचने का प्रयास करेगी।

### अराजक तत्वों द्वारा विद्यालय में घुसकर तोड़ फोड़

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के राज्य संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय बासोडीह में अराजक तत्वों के द्वारा चाहरदीवारी पार कर 15वें वित्त आयोग द्वारा विद्यालय में लगे नलकूप को तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ज्ञात हो की लगातार शनिवार और रविवार को विद्यालय बंद होने के बाद सोमवार को जब विद्यालय खुली तो हैंडवाश यूनिट के पास सारा नल टूटा हुआ पाया गया। जिससे छात्र व छात्राओं को पानी पीने और हाथ धोने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं सप्लाई के मेन प्वाइंट को भी तोड़ दिया गया। उल्लेखनीय हो की विद्यालय में ये पहला मामला नही है इसके पहले भी कई बार विद्यालय में घुसकर असामाजिक तत्वों के द्वारा कई घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

### बगैर माइनिंग चालान के दो बोल्डर लदा हाइवा जब्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देश पर सोमवार की सुबह करीब 8 बजे नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित कानिकेंद जंगल के समीप थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बगैर माइनिंग चालान के दो बोल्डर लदा हाइवा को जब्त किया गया।

### अभियान चलाकर किया गया पांच बच्चों को चिन्हित

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंडोमोह बिरहोर कालोनी में डोर टू डोर अभियान चलाकर पांच ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया जो कई दिनों से विद्यालय नहीं जा रहे थे। सरकार का प्रयास है समाज के हर वर्ग का बच्चा पढ़-लिखकर एक जिम्मेदार एवं जवाबदेह नागरिक बन सके। इसके बावजूद भी आदिम जनजाति बिरहोर के बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पा रहे हैं। इसके लिए सरकार के साथ-साथ समाज के हर जिम्मेदार नागरिक को शिक्षा से वंचित बच्चों के बारे में सोचने की जरूरत है।

### महिलाओं ने कनीय अभियंता पर लगाया आरोप

**जयनगर (कोडरमा)।** सतडीहा पंचायत के लतबेधवा गांव की महिलाओं ने प्रखंड में कार्यरत कनीय अभियंता विजय राम पर मनरेगा योजनाओं में बिना पैसा लिए मापी बुक नहीं करने तथा स्वावलंबन गांव में संचालित योजनाओं में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। आवेदन में महिलाओं ने कहा है कि सतडीहा पंचायत के लतबेधवा गांव को स्वावलंबन गांव घोषित किया गया है।

## पेज 1 का शेष

### भाजपा को शिकस्त देने की...

**इन मुद्दों पर चल रही चर्चा :** भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकता की रणनीति के साथ-साथ बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा चल रही है। दो दिवसीय इस बैठक में यह भी तय होगा कि किसके पास होगी विपक्षी एकता की कमान। इससे पहले पटना में 23 जून को हुई बैठक में 16 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए थे। तब सभी पार्टियों के बीच यही बात तय हुई थी कि दूसरी बैठक में सभी राजनीतिक दल अपने तमाम मुद्दों पर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। इनमें आम चुनाव 2024 के लिए कॉमन मिनिमम प्रोग्राम की ड्रॉफ्टिंग और गठबंधन के लिए जरूरी कम्यूनिकेशन पॉइंट्स बनाने के लिए कमेटी स्थापित करना। आपसी विरोधाभासों को दूर करने और पार्टियों के सम्मेलनों, रैलियों के लिए सब कमेटी बनाना। ईवीएम के मुद्दे पर चर्चा करना और चुनाव आयोग के लिए सुधार सुझाव देना। गठबंधन का नाम तय करना आदि प्रमुख है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि सभी विपक्षी नेताओं के लिए शहर के एक पांच सितारा होटल में ठहरने की व्यवस्था की गयी है।

### 24 विपक्षी दलों की बैठक को...

**जो आज की बैठक में भाग लेंगे :** मंगलवार को एनडीए की होने वाली बैठक में जो नेता शामिल हो रहे हैं उनमें आजसू प्रमुख सुदेश महतो, एकनाथ शिंदे, अजित पवार, रामदास अठावले, अनुप्रिया पटेल, ओम प्रकाश राजभर, संजय निषाद, नेफ्यू रियो, कोनार्ड संगमा, जीतनराम मांझी, चिराग पासवान प्रमुख हैं। बिहार से उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी भी एनडीए में शामिल होगी। आंध्र प्रदेश से अभिनेता पवन कल्याण भी शामिल हो रहे हैं। कुछ अन्य दलों की ओर से भी पुष्टि हो चुकी है, उनमें एआईएडीएमके, मिजो नेशनल पार्टी, असम गण परिषद, तमिल मनिला कांग्रेस, जेजेपी और एसकेएफ जैसी पार्टियां शामिल हैं। ओम प्रकाश राजभर एनडीए का हिस्सा बन चुके हैं। ओबीसी समुदाय से आनेवाले दारा सिंह चौहान भी भाजपा का दामन थाम चुके हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीत चौधरी के पुत्र जाट नेता जयंत चौधरी पर भी भाजपा की नजर है। चौधरी सपा के सहयोगी हैं, लेकिन वह विपक्षी दलों की बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। बिहार की दूसरी पार्टी 'हम' एनडीए का हिस्सा बन चुकी है।

### खिलाड़ियों के साथ खेल...

उन्होंने आशा व्यक्त की है कि इस चैंपियनशिप में भारतीय हॉकी टीम बेहतर और शानदार खेल का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि हीरो एशियन हॉकी चैंपियनशिप-2023 की ट्रॉफी का देश के विभिन्न शहरों में भ्रमण कराया जाना एक बेहतरीन कदम है। इससे न सिर्फ हॉकी खिलाड़ियों बल्कि खेल प्रेमियों के बीच भी चैंपियनशिप के प्रति आकर्षण और उत्साह का संचार होगा। इसके साथ आम लोगों में भी हॉकी की प्रति लगाव बढ़ेगा। **झारखंड से निकले हैं कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड का हॉकी से गहरा नाता रहा है। खूंटी और सिमडेगा जैसे जिलों के गांव-गांव में हॉकी बसती है। यहां के बच्चे-बच्चियों में बचपन से ही स्टिक पर मैजिक शुरू हो जाती है। ऐसा लगता कि हॉकी के बिना उनकी जिंदगी अधूरी सी है। इसी का नतीजा है कि यहां के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। यहां से कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले हैं। जिन्होंने अपने खेल से झारखंड और देश का नाम रोशन किया है। भारत पहली बार कर रहा मेजबानी : मालूम हो कि एशियन हॉकी चैंपियनशिप का भारत पहली बार मेजबानी कर रहा है। इसका आयोजन चेन्नई में 3 से 12 अगस्त तक हो रहा है। इस चैंपियनशिप में मेजबान भारत समेत दक्षिण कोरिया, मलेशिया, जापान, पाकिस्तान और चीन की टीम भाग ले रही है। मालूम हो कि भारत अब तक तीन बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप का विजेता बना है। भारत ने वर्ष 2011, वर्ष 2016 और वर्ष 2018 में खिताब जीता था। मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड के खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह, हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सीईओ रजनीश कुमार मौजूद थे।

# आइबी के इनपुट पर यूपी एटीएस कर रही है सीमा हैदर से पूछताछ

**गौतमबुद्धनगर (हि.स.)।** प्रेमी के लिए नेपाल के रास्ते अवैध तरीके से पाकिस्तान से भारत आयी सीमा हैदर के मामले में नया मोड़ आ गया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के आतंकवादी निरोधी दस्ते (यूपी एटीएस) की नोएडा यूनिट ने सीमा हैदर को पूछताछ के लिए बुला लिया है। सीमा के पास बरामद हुए दस्तावेज और आइडी कार्ड जांच के लिए उच्चाधिकारियों को भेजे गये हैं।

बताया जा रहा है कि एटीएस ने सीमा हैदर को आइबी से मिली अहम जानकारी के बाद पूछताछ के लिए बुलाया है। आइबी के इनपुट से पता चला है कि सीमा हैदर के चाचा पाकिस्तान की सेना में सूबेदार हैं। पहले सिर्फ इतनी ही जानकारी थी कि सीमा हैदर का भाई पाकिस्तानी सैनिक है। चाचा का नाम सामने आने बाद सीमा हैदर पर शक और बढ़ गया है। ऐसे अनेक कारण हैं, जिसके चलते सीमा हैदर पिछले कई दिनों से लगातार सुर्खियों में है और नेशनल मीडिया से लेकर



सोशल मीडिया में लगातार उसकी चर्चा हो रही है। यूपी एटीएस की नोएडा यूनिट ने सीमा हैदर को हिरासत में लेकर गोपनीय स्थान पर रखकर पूछताछ कर रही है। सीमा शुरू से एटीएस के राडार पर थी। इसके अलावा, एटीएस सीमा और सचिन के व्हाट्सअप चैट की भी जांच कर रही है। जो प्रमाण मिल रहे हैं, उससे सचिन से भी पूछताछ की जा सकती है।

उल्लेखनीय है कि इन दिनों भारत से लेकर पाकिस्तान तक सीमा और सचिन को लेकर चर्चाएं चल रही हैं। दोनों की लव स्टोरी इन दिनों सोशल मीडिया पर पूरी तरह से छाई हुई है। सीमा के भारत में अवैध तरीके से प्रवेश को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इसी को लेकर नोएडा पुलिस ने एक लेटर लिखकर सीमा हैदर मामले की जांच के लिए स्पेशल एजेंसी से करवाने की मांग की थी। नोएडा पुलिस का लेटर मिलने के बाद यूपी एटीएस सीमा मामले की जांच में पूरी तरह से जुट गयी है। एटीएस सूत्रों की माने तो पूछताछ के दौरान एटीएस सीमा से उन लोगों के बारे भी पूछताछ करेगी, जिन्होंने पाकिस्तान से भारत आने में उसकी मदद की थी।

# 'गदर' के खिलाफ था पूरा बॉलीवुड : सनी देओल

**'गदर-2'** इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह 2 दशक पुरानी सुपरहिट 'गदर-एक प्रेम कथा' का सीक्वल है। 'गदर-2' में दर्शक एक बार फिर सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी को बड़े पर्दे पर देखेंगे। इसका टीजर पिछले महीने ही रिलीज किया गया है और इसे दर्शकों से अपेक्षित प्रतिक्रिया मिली है। टीजर से साफ है कि फिल्म का पहला भाग भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित था, जबकि सीक्वल 1971 के भारत-पाक युद्ध



पर आधारित होगा। सनी देओल ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि जब 'गदर-एक प्रेम कथा' रिलीज होने वाली थी, तो बॉलीवुड में कई लोग इस फिल्म के खिलाफ थे। सनी देओल ने कहा- जब 'गदर-एक प्रेम कथा' रिलीज हुई, तो हमने कभी नहीं सोचा था कि लोग इसे इतना पसंद करेंगे। उस समय फिल्म इंडस्ट्री में कई लोगों ने इसे पंजाबी फिल्म समझकर नजरअंदाज कर दिया और इसे हिंदी में डब करने की मांग की। कई फिल्म वितरकों ने इसे खरीदने से भी इनकार कर दिया, लेकिन लोगों को फिल्म इतनी पसंद आयी कि उन्होंने इसे अपने सिर पर ले लिया और दूसरों का मुंह बंद कर दिया। दर्शकों की प्रतिक्रिया के कारण ही हम आज अगला सीक्वल प्रस्तुत करने में सक्षम हैं। 'गदर-2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## स्पीड न्यूज

### केदारनाथ मंदिर में अब मोबाइल ले जाना प्रतिबंधित

**गुप्तकाशी।** उत्तराखंड में अब बाबा केदारनाथ धाम में अनर्गल वीडियो और रील बनाने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी, क्योंकि केदारनाथ मंदिर के परिसर और गर्भगृह में कैमरा और मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके लिए मंदिर परिसर में साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। यही नहीं, जल्द ही मंदिर में दर्शन के लिए ड्रेस कोड भी लागू किया जायेगा।

### इग्नू ने सेवा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा लांच किया

**नयी दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने सोमवार को सेवा प्रबंधन में एक नया स्नातकोत्तर डिप्लोमा लांच किया। यह कार्यक्रम जुलाई 2023 शैक्षणिक सत्र से उपलब्ध है। इच्छुक छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इस कार्यक्रम के लिए आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

### भोपाल-दिल्ली वंदेभारत एक्सप्रेस लगी आग पाया काबू

**भोपाल।** भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन की ओर जा रही वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन के सी-14 कोच में सोमवार सुबह कुरवाई कैथोरा स्टेशन के पास अचानक आग लग गई। इससे ट्रेन के यात्रियों में अफरातफरी मच गई। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। सूचना पर बीना नगर पालिका व रिफाइनरी की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों और रेलवे की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसके बाद करीब तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई।

### कांग्रेस संसद में उठायेगी मणिपुर हिंसा का मुद्दा

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस संसद के आगामी मानसून सत्र में मणिपुर हिंसा सहित विभिन्न मुद्दों पर सरकार से सवाल करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी 'पार्लियामेंट्री स्ट्रैटजी ग्रुप' की दूसरी बैठक हुई। इस बैठक में हमने मानसून सत्र को लेकर लंबी चर्चा की है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस आगामी संसद सत्र में मणिपुर, रेल सुरक्षा, संघीय ढांचे पर आक्रमण, जीएसटी को पीएमएलए के तहत लाने, महंगाई, यूपीए सरकार की योजनाओं को कमजोर करने, महिला पहलवानों के उत्पीड़न, अडाणी मामले पर जेपीसी की मांग सहित अन्य मुद्दों को उठायेगी।

### यूसीसी से किसी धर्म को खतरा नहीं : इंद्रेश

**कोयंबटूर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मुख्य संरक्षक इंद्रेश कुमार इन दिनों तमिलनाडु की यात्रा पर हैं। वे वहां मुस्लिम समुदायों के बीच समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के बारे में फैलाये जा रहे भ्रम को दूर करने के लिए निरंतर सभाएं व संवाद कर रहे हैं। कोयंबटूर में ऐसी ही एक सभा में उन्होंने कहा कि एक देश, एक झंडा, एक नागरिकता, एक विधान से किसी को कोई नुकसान नहीं होता।

# इतिहास में पहली बार भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना रूस

## पांच महीनों में दोनों देशों के बीच व्यापार 27.1 बिलियन डॉलर तक पहुंचा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रूस इतिहास में पहली बार भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया है। 2023 के पहले पांच महीनों (जनवरी-मई) में दोनों देशों के बीच व्यापार 27.1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें भारतीय आयात का बड़ा योगदान है। व्यापार में यह पर्याप्त वृद्धि दोनों देशों के बीच मजबूत होते आर्थिक संबंधों को उजागर करती है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस समय भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

भारतीय वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों पर आधारित गणना से पता चलता है कि 2023 के पहले पांच महीनों के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार 27.1 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि भारत ने रूसी वस्तुओं के आयात में वृद्धि की है, जिससे व्यापार 3.9 गुना बढ़ कर 26.5 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। इस उछाल ने भारत के दूसरे सबसे बड़े आयातक देश के रूप में रूस की स्थिति को मजबूत कर दिया है। इसके विपरीत, रूस ने भी भारतीय उत्पादों के निर्यात में काफी बढ़ोतरी की है, जिससे भारत से 2.6 गुना व्यापार बढ़कर 639 मिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

भारत और रूस के बीच व्यापार के बढ़ते आंकड़े दोनों देशों के व्यापार संबंधों को प्रदर्शित करते हैं। द्विपक्षीय व्यापार में वृद्धि दोनों देशों के बीच आगे के आर्थिक सहयोग की संभावना को रेखांकित करती है। हालांकि, 2021 में रूस का मुख्य व्यापार भागीदार चीन था, क्योंकि दोनों देशों के बीच निर्यात और



आयात का व्यापार लगभग 141 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। तब तक चीन ने 41.1 अरब डॉलर के कारोबार के साथ भारत के सबसे बड़े व्यापारिक भागीदार के रूप में अपना स्थान बरकरार रखा था, लेकिन पूर्वी लद्दाख में गतिरोध शुरू होने के साथ साल-दर-साल इसमें 9.3% की कमी देखी गयी।

संयुक्त राज्य अमेरिका इस समय भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इस बीच, अमेरिका का भारत के साथ 30.4 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ, जिससे व्यापार में 12.5 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इस बीच संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में जनवरी-मई अवधि के दौरान भारत के साथ व्यापार में 11 प्रतिशत की कमी देखी गयी, जिसके परिणामस्वरूप 24.2 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ। परिणामस्वरूप यूएई चौथे स्थान पर खिसक गया। सऊदी अरब ने 18.3 बिलियन डॉलर के कारोबार के साथ साल-दर-साल 9.1 प्रतिशत की कमी दर्ज करके पांचवां स्थान हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय हथियारों के निर्यात में 2018 और 2022 के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका की बाजार हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी। दुनिया भर में प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में रूस 16 प्रतिशत हिस्से के साथ दूसरा सबसे बड़ा देश था।

इस तरह, 2017 और 2021 के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस ने प्रमुख हथियार निर्यात में आधे से अधिक का योगदान दिया।

इराक और अफगान युद्धों के चरम के बाद से अमेरिकी रक्षा परिव्यय में कमी आयी है और आगे भी घटने का अनुमान है। हालांकि, चीन ने पिछले दशक में सैन्य खर्च बढ़ाया है, जो सैन्य शक्ति के वैश्विक संतुलन में संभावित बदलाव का संकेत है। आयात की बाजार हिस्सेदारी सऊदी अरब और भारत को सबसे बड़े खरीदार के रूप में दर्शाती है। सऊदी अरब सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में अपनी सेना पर सबसे अधिक खर्च करता है, इसके बाद इजरायल दूसरे नंबर पर है। रूस के साथ जर्मनी, नीदरलैंड, बेलारूस और संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पांच भागीदारों में शामिल हैं।

# भारत और अमेरिका सबसे करीबी भागीदार : येलेन



**गांधीनगर/नयी दिल्ली (हि.स.)।** अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने सोमवार को कहा कि अमेरिका और भारत दुनिया में सबसे करीबी भागीदारों में से है। उन्होंने कहा कि उनका देश जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत के नेतृत्व की सराहना करता है। येलेन और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों, केंद्रीय बैंक के गवर्नरों (एफएमसीबीजी) की गांधीनगर में चल रही तीसरी बैठक के तहत भारत-अमेरिका वार्ता से पहले यहां जारी संयुक्त मीडिया संबोधन के दौरान यह बात कही। येलेन ने कहा कि हम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। अमेरिका और भारत दुनिया के सबसे करीबी साझेदारों में से हैं।

येलेन ने कहा कि दुनिया जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसी बड़ी चुनौतियों के बीच प्रगति के लिए जी-20 की ओर देख रही है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार पिछले साल अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि जी-20 में आपसी सहयोग से आगे हम भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को काफी महत्व देते है, जो आने वाले साल में और बढ़ेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ उनकी मुलाकात से दोनों देशों के बीच भागीदारी और मजबूत हुई है।

# केंद्र के प्रयासों से 5 वर्षों में गरीबी से मुक्त हुए 13.5 करोड़ भारतीय



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** नीति आयोग की सोमवार को जारी राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक : एक प्रगति संबंधी समीक्षा 2023 रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2015-16 से 2019-21 के बीच भारत में रिकॉर्ड 13.5 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले। इसमें कहा गया कि उत्तर प्रदेश में गरीबों की संख्या में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गयी। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बहुआयामी गरीबों की संख्या में 9.89 प्रतिशत अंकों की उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गयी है, जो 2015-16 में 24.85 प्रतिशत से घटकर 2019-2021 के दौरान 14.96 प्रतिशत हो गयी है।

राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के तीन समान रूप से भारित आयामों में एक साथ अभावों को मापता है, जो 12 एसडीजी-संरेखित संकेतकों द्वारा दर्शाया गया है। इनमें पोषण, बाल और किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में उपस्थिति, रसोई गैस, स्वच्छता, पेयजल, बिजली, आवास, परिसंपत्ति और बैंक खाते शामिल हैं, सभी में उल्लेखनीय सुधार देखे गये हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआइ) के सभी 12 मापदंडों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में गरीबी 8.65 प्रतिशत से गिरकर 5.27 प्रतिशत हो गयी। इसके मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों की गरीबी तीव्रतम गति से 32.59 प्रतिशत से घटकर 19.28 प्रतिशत हो गयी है। उत्तर प्रदेश में 3.43 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से मुक्त हुए हैं। 36 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों और 707 प्रशासनिक जिलों के लिए बहुआयामी गरीबी संबंधी अनुमान प्रदान करने वाली रिपोर्ट से पता चलता है कि बहुआयामी गरीबों के अनुपात में सबसे तीव्र कमी उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान राज्यों में हुई है।

# सहारा के निवेशकों को मिलेगी राहत

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह मंगलवार को नयी दिल्ली में 'केंद्रीय पंजीयक - सहारा रिफंड पोर्टल' का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी सहकारिता मंत्रालय ने सोमवार को एक विज्ञप्ति जारी कर दी। बता दें कि सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं की वैध जमा धनराशि के भुगतान संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए सहकारिता मंत्रालय के आवेदन पर सुप्रीम कोर्ट ने 29 मार्च, 2023 सहारा समूह की सहकारी समितियों के जमाकर्ताओं के वैध देयों के भुगतान के लिए 'सहारा-सेबी रिफंड खाते' से 5000 करोड़ रुपये सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार को हस्तांतरित किये जाने का आदेश दिया था।

# भारतीय लोकतंत्र को कलंकित करना चाहती हैं भयावह ताकतें : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि खतरनाक मंसूबों वाली भयावह ताकतें भारत के संवैधानिक लोकतंत्र को कलंकित करना चाहती हैं। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने भारतीय विदेश सेवा के 2022 के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे देश की सेवा करते समय नवोन्वेषी बनें और लीक से हटकर सोचें और ऐसे प्रयासों को बेअसर करें।

धनखड़ ने आइएफएस अधिकारी प्रशिक्षुओं से कहा कि कुछ स्थितियां ऐसी होती हैं, जहां हमें बेहद जीवंत रहना चाहिए। हमारे संवैधानिक लोकतंत्र को कलंकित करने, विकृत करने और



उसे खत्म करने की खतरनाक मंशा वाली भयावह ताकतें हैं। उन्होंने कहा कि आपको सूचना के तीव्र प्रसार में संलग्न होना होगा, हमें इन ताकतों को मार गिराना और बेअसर करना होगा और यह तब सफलतापूर्वक किया जायेगा, जब आप इस समय जमीनी हकीकत को जानते हैं और इस देश के इतिहास और संस्कृति में अच्छी तरह से अंतर्निहित हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2047 में भारत कैसा होगा, इसके लिए देश की जनता आपकी ओर देख रही है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2047 के वॉरियर्स के रूप में आप इसे करने में पूरी तरह से समर्थ और सक्षम हैं और आप इसे करेंगे। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पास मौजूद समृद्ध मानव संसाधन के कारण देश का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। आप इसका प्रतिनिधित्व करते हैं, आप इसके उदाहरण हैं, आपने इसे साबित किया है और दुनिया को दिखाया है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज एक पसंदीदा निवेश स्थल और आशा की किरण बन गया है। दुनिया हमारी तरफ देख रही है। उन्होंने पिछले समय को याद करते हुए कहा कि यह देखना बहुत दुखद था कि भारत को बास्केट केस के रूप में खारिज कर दिया गया। अब मेरे लिए यह कितना सुखद दृश्य है, जब मैं कतर जाता हूं तो देखता हूं कि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान है।

# पिछले एक साल में 10 लाख किलोग्राम मादक पदार्थों को किया गया नष्ट : शाह

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछले एक वर्ष में 10 लाख किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया है। देश के एक भी युवा में नशे की आदत ना हो, ऐसे भारत का सृजन करना मोदी सरकार का लक्ष्य है। हम सब को मिलकर इस लक्ष्य को प्राप्त करना है। शाह ने सोमवार को यहां 'ड्रग तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के विभिन्न हिस्सों में 1 लाख 40 हजार किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थों को नष्ट किया गया, जो एक दिन में सर्वाधिक ड्रग नष्ट करने का रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक साल में 10 लाख किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट किया गया है, जिसका मूल्य लगभग 12,000 करोड़ रुपये है।

शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ इस लड़ाई में हम जितनी जानकारी जिला तंत्र, एनजीओ और स्कूलों तक पहुंचायेंगे, यह लड़ाई उतनी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ हमारा अभियान देश की आने वाली नस्लों को बचाने का पुण्य अभियान है और देश को सुरक्षित रखने का अभियान है, ये हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# गुजरात से एस जयशंकर रास के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**अहमदाबाद (हि.स.)।** गुजरात से राज्यसभा की 3 सीटों पर भाजपा के सभी तीनों उम्मीदवार निर्विरोध चुन लिए गये हैं। इनमें विदेश मंत्री एस जयशंकर समेत दो अन्य उम्मीदवार केसरी देवसिंह झाला और बाबुभाई देसाई भी शामिल हैं। 20 जुलाई को शुरू होने वाले संसद सत्र में तीनों सांसद शपथ लेंगे। कांग्रेस ने जहां इस बार एक भी फार्म जमा नहीं कराया, वहीं भाजपा के डमी उम्मीदवारों ने भी नाम वापस ले लिये, जिससे चुनाव की नौबत नहीं आयी। भाजपा से डमी के तौर पर रजनी पटेल, रघु हुंबल और प्रेरक शाह ने नामांकन किया था। सोमवार को नाम वापसी के लिए अंतिम दिन है। गुजरात से राज्यसभा की 3 सीटों के लिए 24 जुलाई मतदान की तिथि तय की गयी थी, परंतु अब तीनों उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

# घरेलू शेयर बाजार में फिर बना ट्रिपल रिकॉर्ड निवेशकों को 5.07 लाख करोड़ का मुनाफा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार में रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला सोमवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन भी जारी रहा। शेयर बाजार ने आज एक ही दिन में ट्रिपल रिकॉर्ड बनाये। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने आज सबसे पहले ऑल टाइम हाई लेवल पर ओपन होने का रिकॉर्ड बनाया। दिन के कारोबार में दोनों सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर तक पहुंचे। अंत में इन दोनों सूचकांकों ने ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी रिकॉर्ड कायम कर लिया। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.80 प्रतिशत और निफ्टी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार में बैंकिंग शेयरों में हुई जोरदार खरीदारी और विदेशी निवेशकों के रुझान की वजह से भारतीय शेयर बाजार ने



शुरुआती कुछ मिनट को छोड़ कर लगातार तेजी का रुख बनाये रखा। आज के कारोबार में ब्रॉडर मार्केट में भी जमकर खरीदारी होती रही, जिसके कारण निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक का फायदा हो गया। आज के कारोबार में फाइनेंशियल, फार्मास्यूटिकल, बैंकिंग और आइटी सेक्टर के शेयरों में जमकर खरीदारी होती रही। इसी तरह, ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार हुई खरीदारी की वजह से मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। बीएसइ का मिडकैप इंडेक्स आज 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह, स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.80 प्रतिशत की उछाल के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार में आयी तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसइ में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 303.59 लाख करोड़ रुपये (अस्थायी) हो गया। जबकि, पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 298.52 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.07 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया।

## वाणिज्य की खबरें

### कैट ने प्रधानमंत्री से ऑनलाइन गेमिंग पर जीएसटी परिषद के फैसले में हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**नयी दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद के ऑनलाइन गेमिंग को जुए से जोड़ कर जीएसटी टैक्स लगाने के फैसले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही, कैट ने जीएसटी परिषद के इस फैसले का पुनर्मूल्यांकन कर इसे रद्द करने की मांग की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि जीएसटी परिषद का यह निर्णय उद्योग जगत के लिए विनाशकारी है। यह फैसला इसको अव्यवहार्य बना देगा।

# भारत और नेपाल के विदेश मंत्रियों की बैठक में आपसी सहयोग बढ़ाने पर जोर

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साऊद और भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर के बीच सोमवार को बैंकॉक में बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों के सम्मेलन के दौरान एक अलग बैठक हुई। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्विटर के जरिए बैठक की जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि आपसी साझेदारी के लिए दोनों देशों के करीब रहने पर सहमति बनी है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि साऊद और जयशंकर के बीच बैठक में आपसी संबंधों और सहयोग पर चर्चा हुई। सोमवार को बिम्सटेक सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान ऊर्जा सहयोग, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचे के विकास पर चर्चा की गयी।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!



दुनिया के कई देशों में चंद्रमा पर निज हित साधने के लिए अपने-अपने यान भेजने की होड़ लगी है। चांद पर इंसान के कदम पड़ने के पांच दशक बाद भारत व चीन के अलावा अमेरिकी स्पेस एजेंसी- नासा तक एक बार फिर अपना मिशन भेज रही है। भारत चंद्रयान-3 लांच करने ही वाला है। आखिर चांद में ऐसा क्या है जो इसे हर कोई पा लेना चाहता है। दरअसल सबके अभियान बहुउद्देश्यीय हैं। चंद्रमा पर पानी, खनिज व प्रकाश जैसे संसाधनों की संभावनाओं पर सबकी नजर है।

## चांद हमें लुभाता रहा है

# अंतरिक्ष में हमारा रूतबा

**डॉ. संजय वर्मा**

**किसने** सोचा था कि अमेरिकी स्पेस एजेंसी- नासा के अपोलो अभियानों की शृंखला एक बार खत्म होने के बाद इंसान दोबारा चंद्रमा पर जाने की पहल करेगा। खास तौर से चांद की बनावट और उसके वातावरण से जुड़े रहस्यों की थाह लेने के लिए ऐसी कोशिशें फिर कभी होंगी- बीते तीन दशकों में इसका ज्यादा अनुमान तक नहीं लगाया गया था। लेकिन चंद्रमा पर पहली बार इंसान के कदम पड़ने के पांच दशक बाद भारत व चीन के अलावा अमेरिकी स्पेस एजेंसी- नासा तक चांद पर एक बार फिर अपना मिशन भेज रही है। कई चरणों वाले नासा के चंद्र मिशन झ आर्टेमिस की शुरूआत पिछले साल 2022 में हो चुकी है। अब भारत के तीसरे मून मिशन यानी चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण भी नजदीक है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर यान की सुरक्षित लैंडिंग और रोवर के माध्यम से उसकी सतह पर विचरण करने की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगा। यह अभियान 2018 में चंद्रयान-2 की नाकामी के बाद इसरो की नई पहल है जो भारत की अंतरिक्षीय महत्वाकांक्षाओं को नए शीर्ष पर ले जा सकता है।

जिस तरह से दुनिया में चंद्रमा को लेकर नई दिलचस्पी जगी है और पृथ्वी के इकलौते प्राकृतिक उपग्रह की छानबीन को लेकर एक नई होड़ पैदा हो गई है, उससे सवाल उठा है कि आखिर चांद में ऐसा क्या है जो इसे हर कोई पा लेना चाहता है। कहीं कोई योजना चांद पर कब्जा करने की तो नहीं है?

### कुछ क्षेत्र जिन पर सब देशों का हक

पृथ्वी पर देखें तो कुछ स्थान ऐसे हैं, जिन्हें विश्व विरासत माना जाता है। मिसाल के तौर पर अंटार्कटिका को ही लें। अक्सर बताया जाता है कि अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, चिली, न्यूजीलैंड, नॉर्वे और ब्रिटेन अंटार्कटिका पर क्षेत्रीय दावे करते हैं, लेकिन इन दावों को अमेरिका समेत दुनिया के कई देश मान्यता नहीं देते हैं। वर्ष 1961 से लागू हुई अंटार्कटिक संधि (जिस पर साल 2016 तक 53 देश हस्ताक्षर कर चुके थे) के अनुसार, अंटार्कटिका एक वैज्ञानिक संरक्षित क्षेत्र है। यानी जैसे भारत अंटार्कटिका में शोध कार्य की योजनाएं चलाता है, इसी तरह दुनिया के अन्य देश कर सकते हैं। लेकिन उस पर कोई अपना अधिकार नहीं घोषित कर सकता। लेकिन क्या कुछ देश चंद्रमा को लेकर ऐसा कर सकते हैं?

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) भारत की अंतरिक्ष एजेंसी है। इस संगठन में भारत और मानव जाति के लिए बाह्य अंतरिक्ष के लाभों को प्राप्त करने के लिए विज्ञान, अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी शामिल हैं। इसरो अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.), भारत सरकार का एक प्रमुख घटक है। विभाग भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को मुख्य रूप से इसरो के तहत विभिन्न केंद्रों या इकाइयों के माध्यम से निष्पादित करता है।

पहले इसरो को भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (इन्कोस्पार) के नाम से जाना जाता था, जिसे डॉ. विक्रम ए. साराभाई की दूरदर्शिता पर 1962 में भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया था। इसरो का गठन 15 अगस्त, 1969 को किया गया था तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करने के लिए विस्तारित भूमिका के साथ इन्कोस्पार की जगह ली। अं.वि. की स्थापना हुई और 1972 में इसरो को अं.वि. के तहत लाया गया।

### मिशनों के पीछे की मंशा

कायदे से तो इस मामले में भी अमेरिका आगे हो सकता है। वह चंद्रमा पर अपना दावा ठोक सकता है। वर्ष 1969 में अपोलो-11 के जरिये इंसानों को चंद्रमा पर उतारने और वहां अपना झंडा फहराने वाले अमेरिका ने अपने छह मिशनों से 12 अंतरिक्ष यात्रियों को वहां पहुंचाया है। फिर भी चंद्रमा को वह अपने अधिकार वाला क्षेत्र घोषित नहीं कर सका है।

लेकिन अब जिस तरह से चीन, जापान, भारत समेत कुछ अन्य देश चंद्रमा की कक्षा में अपने यान भेजने की योजनाएं चला रहे हैं, चंद्रमा को लेकर उनके कई भावी बहुउद्देश्यीय मिशन भी हैं, ऐसे में संभवतः अमेरिका को ऐसा करना जरूरी लग सकता है। यूं क्या पता उसका आर्टेमिस मिशन ऐसी ही किसी योजना का हिस्सा हो, जिसमें वह इंसानों को दोबारा चंद्र-सतह पर उतारने की योजना पर काम कर रहा है। यही नहीं, भारत का पड़ोसी मुल्क चीन भी चंद्रमिशनों पर जैसी तेजी दिखा रहा है, उससे अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में यह चर्चा छिड़ गई है कि आखिर चीन का इरादा क्या है।

इसरो की गतिविधियों का मार्गदर्शन इसके अध्यक्ष द्वारा किया जाता है, जो अं.वि. के सचिव और अंतरिक्ष आयोग - शीर्ष निकाय, जो नीतियों को तैयार करता है और भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के कार्यान्वयन का निरीक्षण करता है, के अध्यक्ष भी होंगे।

## पूरी दुनिया की नजर चांद पर है

### चीन की तैयारियां

कहा जा रहा है कि चीन धरती के बाद अब चांद पर भी जमीन कब्जाने की प्लानिंग में जुटा हुआ है। इसके लिए चीन बीते कुछ वर्षों से अपने पड़ोसी देश रूस की मदद से चांद पर एक स्पेस स्टेशन स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। स्पेस स्टेशन बनने के बाद चीनी अंतरिक्ष यात्री लंबे समय तक वहां रहने लगेंगे। इस स्पेस स्टेशन की मदद से वह चांद के दक्षिणी ध्रुव पर रोबोटिक बेस स्टेशन बनाने की तैयारी में भी है। गौरतलब है कि अभी तक नासा की मदद से चांद पर जाने वाले अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री केवल 10 घंटे का समय ही उसकी सतह पर गुजार सकते हैं। अगर चीन चांद पर रिसर्च स्टेशन प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा कर लेता है तो उसके लिए मानवयुक्त मिशन लॉन्च करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

### अमेरिका और चीन की योजनाएं

असल में चीन की योजना चांद पर कई तरह के वैज्ञानिक प्रयोग करने की है, जिससे कि वह अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा से आगे रह सके। चंद्रमा पर मानव बस्ती बसाने और खनिजों के उत्खनन के साथ-साथ चीन चंद्रमा के टाइटेनियम, यूरेनियम, लोहे और पानी का इस्तेमाल रॉकेट निर्माण के लिए करना चाहता है। अंतरिक्ष में यह रॉकेट निर्माण सुविधा वर्ष 2050 तक अंतरिक्ष में लंबी दूरियां तय करने की उसकी योजना के लिए बेहद जरूरी है। तमाम कारोबारी क्षेत्रों में चीन से मुकाबला कर रहे अमेरिका को चांद और अंतरिक्ष की चीनी योजनाएं आशंकित कर रही हैं। इन्हीं चुनौतियों के मद्देनजर अमेरिकी स्पेस एजेंसी- नासा भी वर्ष 2028 तक चंद्रमा पर एक अड्डा यानी बेस स्टेशन बनाना चाहती है। नासा के एडमिनिस्ट्रेटर जिम ब्राइडेनस्टाइन ने वर्ष 2019 में कहा था कि हम चांद पर इसलिए जाना चाहते हैं क?योंकि हम मानव के साथ मंगल ग्रह पर जाना चाहते हैं।

### रूस समेत कई देशों के मून मिशन

चंद्रमा पर बस्ती बसाने की योजना चीन-अमेरिका समेत कुछ और मुल्कों की भी है। पिछले वर्ष यूक्रेन से युद्ध में उलझने से पहले रूसी अंतरिक्ष एजेंसीझ्र रॉस कॉसमॉस ने भी घोषणा की थी कि वर्ष 2040 तक वह चंद्रमा पर एक बस्ती बसाएगी। इसी योजना के तहत रूसी विज्ञान अकादमी के प्रमुख एजेक्जेंडर सेगेर्येव ने कहा था कि प्राकृतिक संसाधनों के लिहाज से चंद्रमा बेहद महत्वपूर्ण है। रूस-यूक्रेन जंग के कारण इस योजना पर अमल में देरी हो सकती है, लेकिन उधर जापान और दक्षिण कोरिया चंद्रमा के ध्रुवों पर अंतरिक्ष यान भेजने की योजना का ऐलान कर चुके हैं। इन देशों की योजना भी चंद्रमा के प्राकृतिक संसाधनों का इस्तेमाल करने की है। इसी तरह यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) भी चंद्रमा पर एक मून विलेज बनाना चाहती है। हालांकि इन सभी में चीन का चंद्र-अभियान सबसे ज्यादा महत्वाकांक्षी लग रहा है। फिलहाल वही इकलौता ऐसा देश है जिसने तीन करोड़ डॉलर के निवेश के साथ चांद पर बस्ती बसाने और उसका इस्तेमाल अंतरिक्ष उत्खनन में करने की योजना पर तेजी से काम किया है।

## इसरो ने संचार, दूरदर्शन प्रसारण, मौसम संबंधी सेवाओं, संसाधन मॉनीटरिंग और प्रबंधन, अंतरिक्ष आधारित नौसंचालन सेवाओं के लिए उपग्रह प्रक्षेपित किया है

**इसरो/अं.वि.** का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राष्ट्रीय आवश्यकताओं के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का विकास और अनुप्रयोग है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, इसरो ने संचार, दूरदर्शन प्रसारण और मौसम संबंधी सेवाओं, संसाधन मॉनीटरन और प्रबंधन; अंतरिक्ष आधारित नौसंचालन सेवाओं के लिए प्रमुख अंतरिक्ष प्रणालियों की स्थापना की है। इसरो ने उपग्रहों को अपेक्षित कक्षाओं में स्थापित करने के लिए उपग्रह प्रक्षेपण यान, पीएसएलवी और जीएसएलवी विकसित किए हैं।

अपनी तकनीकी प्रगति के साथ, इसरो देश में विज्ञान और विज्ञान संबंधी शिक्षा में योगदान देता है। अंतरिक्ष विभाग के तत्वावधान में सामान्य प्रकार्य में सुदूर संवेदन, खगोल विज्ञान और तारा भौतिकी, वायुमंडलीय विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान के लिए विभिन्न समर्पित अनुसंधान केंद्र और स्वायत्त संस्थान हैं। इसरो के स्वयं के चंद्र और अंतरग्रहीय मिशनों के साथ-साथ अन्य वैज्ञानिक परियोजनाएं वैज्ञानिक समुदाय को बहुमूल्य आंकडे प्रदान करने के अलावा विज्ञान शिक्षा को प्रोत्साहित और बढ़ावा देते हैं, जो परिणामस्वरूप विज्ञान को बढ़ावा देता है। इसरो का मुख्यालय बेंगलूरु में स्थित है। इसकी गतिविधियां विभिन्न केंद्रों और इकाइयों में फैली हुई हैं। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी), तिरुवनंतपुरम में प्रमोचक रॉकेट का निर्माण किया जाता है; यू आर राव अंतरिक्ष केंद्र (यूआरएससी), बेंगलूरु में उपग्रहों की डिजाइन एवं विकास किया जाता है; सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी), श्रीहरिकोटा में उपग्रहों एवं प्रमोचक रॉकेटों का समेकन तथा प्रमोचन किया जाता है; द्रव नोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी), वलियमाला एवं बेंगलूरु में क्रायोजेनिक चरण के साथ द्रव चरणों का विकास किया जाता है; अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद में संचार एवं सुदूर संवेदन उपग्रहों के संवेदकों तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से संबंधित पहलुओं पर कार्य किया जाता है; राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र (एनआरएससी), हैदराबाद में सुदूर संवेदन आँकड़ों का अभिग्रहण, प्रसंस्करण तथा प्रसारण किया जाता है।

> “पिछले वर्ष यूक्रेन से युद्ध में उलझने से पहले रूसी अंतरिक्ष एजेंसीझ्र रॉस कॉसमॉस ने भी घोषणा की थी कि वर्ष 2040 तक वह चंद्रमा पर एक बस्ती बसायेगी। इसी योजना के तहत रूसी विज्ञान अकादमी के प्रमुख एजेक्जेंडर सेगेर्येव ने कहा था कि प्राकृतिक संसाधनों के लिहाज से चंद्रमा बेहद महत्वपूर्ण है।”






## अंतरिक्ष में प्रयोगों को लेकर संधि

**अनुष्का चौधरी**

**चांद** पर चीनी इरादों को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता, लेकिन अक्तूबर 1957 में तत्कालीन सोवियत संघ (मौजूदा रूस) ने जब दुनिया का पहला उपग्रह स्पुतनिक-1 प्रक्षेपित किया था, तो अंतरिक्ष के दोहन और चांद पर कब्जे की आशंकाओं को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने बाह्य अंतरिक्ष संधि (आउटर स्पेस ट्रीटी) का एक मसौदा यानी ड्रॉफ्ट तैयार किया था। स्पुतनिक-1 के लॉन्च के दस साल बाद 1967 में लागू की गई यह संधि इसके सदस्य देशों को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाहरी अंतरिक्ष का प्रयोग करने की इजाजत देती है। अंतरिक्ष से जुड़े पहले कानूनी दस्तावेज के रूप में यह संधि अंतरिक्ष के गैरजरूरी दोहन और स्पेस में जनसंहारक हथियारों की तैनाती पर पाबंदी लगाती है। संधि की शर्तों को देखते हुए कहा जा सकता है कि भले ही अमेरिका चांद पर झंडा फहरा चुका है और चीन का यान इसके दक्षिणी ध्रुव पर उतर चुका है, लेकिन ऐसा करने से चांद इनका नहीं हो जाता है। लेकिन अंतरिक्ष कानूनों में सबसे प्रभावशाली होने के बावजूद इसे लागू करने में मुश्किलें आ सकती है।

### चीनी मंसूबों पर आशंकाएं

चांद को लेकर चीनी मंसूबों के मद्देनजर इस संबंध में एक आशंका मिसिसिपी स्कूल ऑफ लॉ विश्वविद्यालय की अंतरिक्ष कानून विशेषज्ञ मिशेल हैनलॉन ने व्यक्त की है। उनका कहना है कि यह सिर्फ दिशा-निर्देशक है और सिर्फ सिद्धांत हैं। इसके अनुच्छेद-2 के अनुसार दुनिया का कोई भी देश चंद्रमा या किसी अन्य खगोलीय पिंड की संप्रभुता का दावा नहीं कर सकता है। लेकिन हैनलॉन का मत है कि जब चांद पर बेस बनाने की बात आती है तो ये चीजें अस्पष्ट हो जाती हैं। हैनलॉन के मुताबिक, किसी जगह बेस बनाना एक तरह से उस क्षेत्र पर कब्जा ही है। यानी चीन या उसके जैसे विस्तारवादी इरादों वाला कोई देश चाहे तो इन आक्रामक तरीकों से चंद्रमा पर कब्जा कर सकता है।

### इतना क्यों लुभाने लगा चांद

नासा के अपोलो अभियानों के समय (1969-1972 की अवधि में) नासा और पूरी दुनिया को लगता था कि चंद्रमा की सतह बिल्कुल सूखी है, लेकिन अब सभी जानते हैं कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारी मात्रा में बर्फ और भाप के रूप में पानी मौजूद है। इसके अलावा मंगल ग्रह और सुदूर अंतरिक्ष की यात्राओं के पड़ाव और इंसानी बस्तियां बसाने के लिहाज से भी अब चंद्रमा को सर्वाधिक संभावना वाला अंतरिक्षीय पिंड है। अगर इंसानी बस्तियां नहीं बस सकीं तो भी चंद्रमा पर ऐसे उपकरण लगाए जा सकते हैं जो सुदूर अंतरिक्ष की टोह लेने में मदद कर सकते हैं। वहां मौजूद पानी को विघटित करके उससे मिलने वाली हाइड्रोजन का इस्तेमाल दूसरे ग्रहों को जाने वाले रॉकेटों के ईंधन के रूप में किया जा सकता है। असल में, पृथ्वी से प्रक्षेपित किये जाने वाले रॉकेटों की अधिकतम ऊर्जा इस ग्रह के वायुमंडल और गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने में ही खर्च हो जाती है। ऐसे में चंद्रमा के रीफ्यूलिंग स्टेशन अंतरिक्ष यानों के रॉकेटों को सौरमंडल के ही दूसरे ग्रहों तक पहुंचाने लायक ईंधन दे सके तो करिश्मा अंतरिक्ष के अब तक के प्रेक्षणों को बदलने का चमत्कार कर सकता है।

भारत के चंद्रयान समेत अन्य मिशनों से वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि चंद्रमा की सतह के अंदर पानी के विशाल भंडार हैं। खास तौर पर उसके दक्षिणी ध्रुव में, जहां नासा की योजना आर्टेमिस-3 के यान को उतारने की है। साथ ही यह भी पता चल चुका है कि चंद्रमा के ध्रुवीय इलाकों में स्थित विशाल गड्ढों के किनारों पर सूर्य लगातार चमकता है। इस तरह पानी और सूरज की रोशनी का संयोजन उस क्षेत्र में सौर पैनलों से बिजली पैदा करने और पीने का पानी तैयार करने, ऑक्सीजन का निर्माण करने और रॉकेट ईंधन बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है।

### चंद्रयान की उपलब्धियां

## क्यों इतना महत्वपूर्ण है चांद

लेकिन अपने अन्वेषण के आधार पर सितंबर 2009 में जब चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी होने के सबूत दिए तो दुनिया में हलचल मच गई। चंद्रयान-1 से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचाये गये उपकरण मून इंपैक्ट प्रोब ने चांद की सतह पर पानी को चट्टान और धूलकणों में वाष्प यानी भाप के रूप में उपलब्ध पाया था। चंद्रमा की ये चट्टानें दस लाख वर्ष से भी ज्यादा पुरानी बताई जाती हैं। नासा के अपोलो अभियानों के समय (1969-1972 की अवधि में) नासा और पूरी दुनिया को लगता था कि चंद्रमा की सतह बिल्कुल सूखी है, लेकिन अब सभी जानते हैं कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारी मात्रा में बर्फ और भाप के रूप में पानी मौजूद है। इसके अलावा मंगल ग्रह और सुदूर अंतरिक्ष की यात्राओं के पड़ाव और इंसानी बस्तियां बसाने के लिहाज से भी अब चंद्रमा को सर्वाधिक संभावना वाला अंतरिक्षीय पिंड है।

ध्यान रखना होगा कि नासा की योजना चंद्रमा के ध्रुवीय इलाके में वर्ष 2024 में वाइपर (वोलेटाइल्स इन्वेस्टिगेटिंग पोलर एक्सप्लोरेशन रोवर) को भेजने की है। वाइपर का उद्देश्य यह जानना है कि क्या उस क्षेत्र में वास्तव में सौर बिजली पैदा की जा सकती है और पानी का इस्तेमाल पीने, ऑक्सीजन व रॉकेट ईंधन बनाने में हो सकता है। जहां तक भारत की चंद्रमा संबंधी उपलब्धियों का सवाल है तो हमारे देश ने चंद्रयान मिशन की शुरूआत वर्ष 2008 में की थी।

### जब चांद पर पानी की सूचना देकर इसरो ने पूरी दुनिया को चौंकाया

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो ने 22 अक्तूबर 2008 को जब अपना चंद्रयान-1 रवाना किया था, तो सिवाय इसके उस मिशन से कोई उम्मीद नहीं थी कि यह मिशन अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदमों का सबूत देगा। लेकिन अपने अन्वेषण के आधार पर सितंबर 2009 में जब चंद्रयान-1 ने चंद्रमा पर पानी होने के सबूत दिए तो दुनिया में हलचल मच गई। चंद्रयान-1 से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचाए गए उपकरण मून इंपैक्ट प्रोब ने चांद की सतह पर पानी को



चट्टान और धूलकणों में वाष्प यानी भाप के रूप में उपलब्ध पाया था। चंद्रमा की ये चट्टानें दस लाख वर्ष से भी ज्यादा पुरानी बताई जाती हैं। उल्लेखनीय है कि इसी तरह का एक अन्य उपकरण सितंबर, 2019 में भेजे गए चंद्रयान-2 के रोवर ह्यप्रज्ञानह्ण के साथ भी चांद पर भेजा गया था। इस रोवर का मकसद दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के बाद वहां की सतह में पानी और खनिजों की खोज करना था, हालांकि चंद्रयान-2 मिशन नाकाम हो गया। लेकिन इससे भारत के हौसले पस्त नहीं हुए। शायद यही वजह है कि आज दुनिया के कई देश चांद को पा लेना चाहते हैं।